RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 312 ■ मुंबई, मंगलवार 3 जून 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह

लाल आतंक के गढ़ में लहरा रहा तिरंगा

पेज-4

राम मंदिर का दूसरा प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज से

पेज-6

महिला एमर्जिंग एशिया कप टूर्नामेंट स्थगित

पेज-9

'हेरा फेरी 3' से परेश रावल के बाहर होने पर बोले हिमेश रेशमिया

पेज-10

Short News एक नजर

विश्व भ्रमण से लौट रहे सांसदों से मिलेंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली। दुनियाभर में पाकिस्तान को बेनकाब कर और ऑपरेशन सिंदूर की सच्चाई सामने रखने के बाद जल्द ही सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भारत लौटने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रतिनिधिमंडल में शामिल सभी नेताओं से बात कर सकते हैं। अगले सप्ताह दिल्ली में प्रधानमंत्री के साथ सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की बैठक हो सकती है। इस दौरान सभी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया के देशों के अनुभव और भारत के बारे में विचार साझा करेंगे।

कठुआ में फिर दिखे तीन संदिग्ध आतंकी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सोमवार को फिर तीन संदिग्ध

आतंकी देखे गए हैं। इसके बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया है, जो अभी जारी है। सुरक्षाबलों के अधिकारियों ने बताया कि कठुआ के हीरानगर इलाके में एक नागरिक द्वारा तीन संदिग्ध लोगों को देखे जाने के बाद नजदीक के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तलाशी अभियान में एक संयुक्त अभियान दल लगा हुआ है, जिसमें सेना और राज्य पुलिस बल के जवान शामिल हैं। आतंकियों की धरपकड़ के लिए सुरक्षा बलों ने हीरानगर इलाके और उससे जुड़े राजमार्ग पर सतर्कता बढ़ा दी है।

NEET PG स्थगित

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद NEET-PG 2025 परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। अब यह परीक्षा एक ही शिफ्ट में करवाई जाएगी। पहले यह परीक्षा 15 जून 2025 को दो शिफ्टों में होनी थी, लेकिन कोर्ट के आदेश के बाद अब नयी तारीख जल्द घोषित की जाएगी। NBEMS ने सोमवार को एक अधिसूचना जारी कर कहा 'सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार अब NEET-PG 2025 एक ही शिफ्ट में कराई जाएगी। इसलिए 15 जून को होने वाली परीक्षा को स्थगित की जाती है। नयी तारीख जल्द घोषित की जाएगी।'

युद्ध समाप्ति को लेकर समझौता नहीं

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

यूक्रेन के रूस में भीषण ड्रोन अटैक के एक दिन बाद दोनों दुश्मन देशों का प्रतिनिधिमंडल तुर्की के इस्तांबुल में आमने-सामने हुआ। सोमवार को रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता करीब दो घंटे देरी से शुरू हुई, करीब एक घंटे चली इस बातचीत में युद्धविराम या युद्ध समाप्ति को लेकर कोई ठोस समझौता नहीं हुआ, लेकिन कुछ मानवीय मुद्दों पर अहम पहल जरूर हुई है।

किन मुद्दों पर सहमति

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि दोनों पक्षों ने तुर्की के माध्यम से दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया है और युद्धबंदियों की एक नई अदला-बदली की तैयारी हो रही है। इस्तांबुल में हुई शांति वार्ता के दौरान दोनों देशों ने 6,000-6,000 सैनिकों के शवों की अदला-बदली पर सहमति जताई है। इससे पहले 16 मई को हुई बातचीत में भी 1000-1000 कैदियों का आदान-प्रदान हुआ था। इसके अलावा, दोनों पक्षों ने गंभीर रूप से घायल और 25 वर्ष से कम आयु के युद्धबंदियों की अदला-बदली पर भी सहमति व्यक्त की है। यूक्रेन ने रूस से उन बच्चों की वापसी की भी मांग की है, जिन्हें कथित रूप से जबरन रूस ले जाया गया था। रूस ने किसी भी तरह की बिना शर्त के सीजफायर की डील को ठुकरा दिया है। वहीं यूक्रेन ने इसी महीने के अंत तक एक और वार्ता करने की बात कही है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की इस वक्त नाटो और नॉर्डिक देशों के नेताओं के साथ शिखर सम्मेलन के लिए लिथुआनिया में हैं। जेलेंस्की ने कहा कि अगर इस्तांबुल में होने वाली बातचीत से 'कुछ हासिल नहीं होता है', तो इसका मतलब है कि रूस पर यूरोपीय संघ और अमेरिका की तरफ से 'तुरंत कड़े और नए प्रतिबंध लगाने की जरूरत है।

रूस-यूक्रेन के बीच शांतिवार्ता



क्या रूस बातचीत के लिए तैयार?

यूक्रेन का मानना है कि उसके हालिया सटीक और दूरगामी हमलों ने रूस को बातचीत की मेज पर आने के लिए मजबूर किया। जेलेंस्की ने कहा, 'रूस को अपनी क्षति का एहसास होना चाहिए, यही उसे कूटनीति की ओर धकेलेगा।' हालांकि, अमेरिका स्थित थिंक टैंक इंस्टिट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर का कहना है कि रूस बातचीत को सिर्फ लंबा खींचना चाहता है ताकि युद्धक्षेत्र में और बढ़त बना सके।

IPL का खिताबी महामुकाबला

आज मिलेगा नया चैंपियन, बारिश की आशंका

महानगर नेटवर्क

अहमदाबाद

अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) और पंजाब किंग्स (PBKS) के बीच आज खिताबी मुकाबला होगा। दोनों टीमों को पहले टाइटल का इंतजार है। PBKS के कप्तान श्रेयस अय्यर ने 5 साल के अंदर तीसरी फ्रेंचाइजी को फाइनल में पहुंचाया। वहीं पहली बार कप्तानी कर रहे रजत पाटीदार ने RCB को घर से बाहर 8 मैच जिताकर फाइनल में पहुंचा दिया। आईपीएल इतिहास की सबसे पुरानी टीमों में शुमार पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू दोनों की खिताब की झोली अबतक खाली है। इस बार दोनों में किसी एक का खिताबी सूखा खत्म हो जाएगा। आरसीबी चौथी बार और पंजाब दूसरी बार फाइनल में पहुंची है। ऐसे में टूर्नामेंट को नया विजेता मिलना तो तय हो गया है।

क्लोजिंग सेरेमनी की थीम 'ऑपरेशन सिंदूर'

फाइनल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। फाइनल की क्लोजिंग सेरेमनी की थीम 'ऑपरेशन सिंदूर' होगी। कार्यक्रम में तीनों सेनाओं के प्रमुखों को इनवाइट किया गया है। हालांकि, अब तक इनके ऑफिस से सेरेमनी में शामिल होने की पुष्टि नहीं हुई है। पूरे स्टेडियम को तिरंगे रंग की लाइट से सजाया जाएगा और इस दौरान सिंगर शंकर महादेवन का लाइव कॉन्सर्ट होगा। सोमवार को दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई और चंडीगढ़ से अहमदाबाद आने वाली फ्लाइट्स का किराया 25 हजार तक पहुंच गया। सामान्य दिनों में यह किराया 3500 से 5000 तक रहता है। इसी तरह, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर 80 हजार टिकट बिक चुके हैं। इनके अलावा 25,000 सीटें रिजर्व रखी गई हैं। स्टेडियम में दर्शकों की क्षमता 1.20 लाख है।

विराट कोहली के लिए ट्रॉफी जीतना चाहते हैं

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने आईपीएल फाइनल की पूर्व संध्या पर ट्रॉफी जीतने की हुंकार भरी। पाटीदार ने कहा कि वह विराट कोहली के लिए ट्रॉफी जीतना चाहते हैं जिन्होंने कई सालों से टीम इंडिया और आरसीबी को अपने शानदार खेल से काफी कुछ दिया है।

कोरोना से 24 घंटे में छह मौतें

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसों की संख्या 3976 पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 10 दिन

में 15 गुना मामले बढ़े हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1435 केस हैं। महाराष्ट्र एक्टिव मामलों के मामले में दूसरे नंबर पर है। यहां 506 मरीज हैं। कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 34 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 6 मौतें हुई हैं। सोमवार को अहमदाबाद में 18 साल की गर्भवती लड़की और 47 साल की महिला की कोरोना से जान गई। इससे पहले रविवार को दिल्ली में 22 साल की लड़की और तमिलनाडु में 25 साल के लड़के की कोरोना से मौत हुई थी।

लैंडस्लाइड : 3 जवानों की मौत, 6 लापता

पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश-बाढ़ से अब तक 37 की जान गई

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली/इंफाल

सिक्किम में रविवार शाम 7 बजे एक मिलिट्री कैंप भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया। इसमें 3 जवानों की मौत हो गई, जिनके शव बरामद हुए हैं। चार लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया है। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। छह जवान अभी लापता हैं। सेना ने सोमवार को घटना की जानकारी दी

और बताया कि जिन जवानों के शव मिले हैं, उनकी पहचान हवलदार लखबिंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में हुई है। दूसरी तरफ, सिक्किम के लाचेन और लाचुंग में 30 मई से फंसे एक हजार से ज्यादा टूरिस्टों को भी रेस्क्यू किया गया। सिक्किम सहित पूर्वोत्तर के राज्यों में पिछले 4 दिनों से भारी बारिश हो रही है। बारिश के कारण बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में अब तक 37 लोगों की जान गई है। इसमें असम में 10, अरुणाचल प्रदेश में 9, मिजोरम में 5 और मेघालय में 6 मौतें शामिल हैं।

आतंकी साकिब के घर छापेमारी, 22 हिरासत में

महानगर संवाददाता

भिवंडी

महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने सोमवार तड़के भिवंडी शहर और आसपास के इलाकों में आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े इनपुट के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 22 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। कार्रवाई के दौरान एटीएस ने 2003 मुंबई बम धमाकों के दोषी और प्रतिबंधित संगठन सिमी के पूर्व पदाधिकारी साकिब नाचन के घर पर भी छापेमारी की। एटीएस ने ठाणे जिले के भिवंडी शहर के बोरीवली गांव और पडघा इलाके में एक साथ कई ठिकानों पर तड़के करीब 5 बजे छापेमारी शुरू की। इस ऑपरेशन में एटीएस के साथ

ठाणे पुलिस और विशेष बलों के 400 से अधिक जवान शामिल रहे, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को टाला जा सके। सूत्रों के मुताबिक, एटीएस को छापेमारी के दौरान आतंकवादी साजिश से जुड़े महत्वपूर्ण डिजिटल सबूत भी मिले हैं। हालांकि, आधिकारिक तौर पर एटीएस ने अभी तक विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है। फिलहाल, सभी संदिग्धों से पूछताछ जारी है और कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फॉरेंसिक जांच की जा रही है। छापेमारी का सबसे अहम पहलू यह रहा कि एटीएस ने 2003 के मुंबई बम धमाकों में दोषी ठहराए गए साकिब नाचन के घर की भी तलाशी ली। साकिब नाचन को मुंबई सेंट्रल, विले पार्ले और मुलुंड में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों में भूमिका निभाने के आरोप में पहले ही दोषी ठहराया जा चुका है। इन हमलों में कई निर्दोष नागरिकों की जान गई थी और पूरे देश में दहशत फैल गई थी। बताया जा रहा है कि 2017 में सजा पूरी करने के बाद साकिब ने फिर से कट्टरपंथी गतिविधियों में शामिल होना शुरू कर दिया था। एटीएस को इसी आधार पर उसके दोबारा सक्रिय होने की आशंका थी, जिसके चलते यह छापेमारी की गई।

नाशिक महानगरपालिका , नाशिक

५ जून

जागतिक पर्यावरण दिन २०२५ च्या निमित्ताने

जागतिक स्तरावर प्लास्टिक प्रदूषणाचे निर्मूलन

(Ending Plastic Pollution Globally)

एकल वापर (सिंगल युज) प्लास्टिकचा वापर बंद करणेबाबत

काय वापरू नये?

केंद्रीय पर्यावरण, वने व हवामान बदल मंत्रालयाने ऑगस्ट २०२१ मध्ये अधिसूचित केलेल्या सुधारित प्लास्टिक कचरा व्यवस्थापन नियम २०२१ नुसार खालील एकल वापर (सिंगल युज) प्लास्टिक वस्तू प्रतिबंधित आहेत.

- सजावटीसाठी प्लास्टिक व पॉलिस्टीरिन (थर्माकोल)
- मिठाईचे बॉक्स, आमंत्रण कार्ड व सिगारेटची पाकिटे यांची प्लास्टिक आवरणे
- प्लास्टिकच्या काड्यांसह कानकोरणी, फुग्यांसाठी प्लास्टिकच्या काड्या, प्लास्टिकचे झेंडे, कँडी कांड्या
- आईस्क्रीम कांड्या
- प्लेट्स, कप, ग्लासेस, कटलरी जसे काटे, चमचे, चाकू, पिण्यासाठीचे स्ट्रॉ, ट्रे, ढवळण्या (स्टिरर्स)
- १०० मायक्रॉनपेक्षा कमी जाडीचे पीव्हीसी बॅनर्स यावर बंदी आहे

याबरोबरच, महाराष्ट्र प्लास्टिक व थर्माकोल अधिसूचना २०१८ अंतर्गत खालील गोष्टी प्रतिबंधित आहेत.

- कंपोस्टेबल प्लास्टिक (कचरा व नर्सरीसाठीच्या पिशव्या सोडून)
- सर्व प्रकारच्या प्लास्टिकच्या पिशव्या (कॅरी बॅग्स, नॉन वोवन बॅग्स सह) हॅण्डल असलेल्या व नसलेल्या
- डिश, बाउल, कॅन्टेनर (डबे)

प्लास्टिक मुक्त नाशिक करण्यासाठी सर्वांनी सहकार्य करावे

ग्रीन बिन
ओला कचरा
स्वयंपाक घरातील कचरा, चहाचा गाळ, फळे, नखे, अंड्याचे साल, मासे, हाड

नाशिक परिसरातील सर्व नागरिकांना आवाहन करण्यात येते की त्यांनी आपल्या घरातील कचऱ्याचे वर्गीकरण करून कचरा घंटगाडीत द्यावा.

ब्लु बिन
सुका कचरा
प्लॅस्टिकच्या पिशव्या व डबे, कागद, धातूचे तुकडे, केस, बाटल्या, काच, कापडाचे तुकडे

जा.क्र.९९/२०२५ दि.२९/०५/२०२५

इंडिगो विमान से टकराया गिद्ध

महानगर नेटवर्क

पटना

पटना से रांची आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट को सोमवार दोपहर उस समय आपात स्थिति में लैंडिंग करनी पड़ी, जब रनवे से करीब 10 से 12 नॉटिकल माइल दूर और 3,000 से 4,000 फीट की ऊंचाई पर विमान एक पक्षी (गिद्ध) से टकरा गया। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची के निदेशक आर.आर. मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि, इंडिगो फ्लाइट संख्या (Airbus A320) को दोपहर 1:14 बजे इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में लगभग 175 यात्री सवार थे, जो सभी सुरक्षित हैं। हालांकि, विमान को पक्षी से टकराने के कारण बाहरी हिस्से में डेंट लगा है।

तकनीकी जांच के लिए विमान ग्राउंडेड

आर.आर. मौर्य के अनुसार, 'तकनीकी टीम विमान की स्थिति की जांच कर रही है। पक्षी से टकराने की वजह से विमान को फिलहाल ग्राउंडेड कर दिया गया है, जब तक सभी सुरक्षा मापदंड पूरे नहीं हो जाते।' एक अन्य अधिकारी ने बताया कि यह विमान रांची पहुंचने के बाद कोलकाता के लिए रवाना होने वाला था, लेकिन घटना के बाद उसकी आगे की उड़ान फिलहाल स्थगित कर दी गई है। इंडिगो की ओर से इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

सलमान खुर्शीद का दर्द : क्या देशभक्त होना इतना कठिन है

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए कहा है कि क्या देशभक्त होना इतना कठिन है? खुर्शीद ने यह पीड़ा ऐसे वक्त में साझा की है, जब वह आतंकवाद के खिलाफ भारत के उठाए कदम से अन्य देशों को अवगत करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बने हुए हैं और विदेशों में जाकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की तारीफ कर रहे हैं। खुर्शीद ने सोमवार को कहा कि यह दुखद है कि देश में लोग उनकी राजनीतिक निष्ठा की गणना कर रहे हैं। उन्होंने पूछा कि जब आतंकवाद के खिलाफ अभियान चल रहा हो तो क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है?

कोहली के पब पर कार्रवाई

बेंगलुरु। बेंगलुरु में क्रिकेटर विराट कोहली के वन8 कम्यून

पब और रेस्टोरेंट पर कार्रवाई हुई है। पब में स्मोकिंग जोन नहीं होने के कारण पुलिस ने मैनेजर और स्टाफ के खिलाफ FIR दर्ज की। विराट का वन8 कम्यून पब एमजी रोड पर स्थित है। पुलिस के बताया कि पब में COTPA एक्ट (सिगरेट एंड अदर तंबाकू प्रोडक्ट एक्ट) के नियमों का उल्लंघन हो रहा था। एक्ट की धारा 4 और 21 के तहत FIR दर्ज हुई है।

राजित गुप्ता देश में नं.-1

बताया-गलतियों से सीखा टॉप करने का फॉर्मूला

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड 2025 में कोटा निवासी राजित गुप्ता ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल कर पूरे शहर को गौरवान्वित कर दिया है। राजित, जो महावीर नगर कोटा के रहने वाले हैं, ने 332 नंबर हासिल किए और बताया कि 'गलतियों से सीखने और खुशी के साथ पढ़ाई करने' का मंत्र ही उनकी सफलता की कुंजी बना। AIR 1 हासिल करने वाले राजित

"खुशी मेरी सफलता की कुंजी है। मैं हर स्थिति में खुश रहता हूं। मैं पढ़ाई के लिए कभी भी सख्त शेड्यूल का पालन नहीं करता था, क्योंकि इससे अनावश्यक दबाव बनता है। इसलिए मैं तभी पढ़ता था जब मेरा मन करता था, लेकिन मैं जितने समय भी पढ़ता था, अच्छी तरह से पढ़ता था।

गुप्ता ने कहा कि मैं तभी पढ़ता था जब मन करता था। लेकिन पढ़ाई करता तो ध्यान लगाकर करता था। स्ट्रिक्ट शेड्यूल से मैं बचता था, क्योंकि वह अनावश्यक प्रेशर देता है। राजित ने बताया कि पढ़ाई के दौरान सबसे ज्यादा फोकस रहता था कि गलतियों को रिपीट नहीं करूं, क्योंकि गलतियां दूर होने से ही आपकी सब्जेक्ट में नींव मजबूत होती है। मेरा की ऑफ सक्सेस है, हैप्पीनेस। हर हाल में खुश रहता हूं। अब भी मौका मिलता है तो कॉलोनी के बच्चों के साथ खेलता हूं। अपनी तैयारी को लेकर कॉन्फिडेंट रहता हूं। हालांकि, मैंने कभी पढ़ाई को लेकर स्ट्रिक्टली शेड्यूल फॉलो नहीं किया, क्योंकि इससे बिना मतलब प्रेशर पड़ता है।

10 स्थानों पर मनपा ने पे एंड पार्क किया फ्री

नया ठेकेदार नियुक्त होने तक निःशुल्क रहेगी पार्किंग

महानगर संवाददाता
मुंबई

दक्षिण मुंबई के ए.वॉर्ड के अंतर्गत आने वाले कोलाबा,फोर्ट,नरीमन प्वाइंट और कफ परेड परिसर स्थित 10 पे एंड पार्किंग को मनपा ने पब्लिक के लिए फ्री कर दिया है। मनपा के इस निर्णय से इन इलाकों में आने वाले पर्यटकों और आम लोगों को काफी राहत मिलेगी। बता दें कि मनपा द्वारा दिया गया पार्किंग का कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया था। पुराने कांट्रेक्टर वाहन चालकों से मनमानी तरीके से पार्किंग शुल्क वसूल रहे थे। भाजपा के स्थानीय पूर्व नगरसेवक मकरंद नार्वेकर ने 6 मई को ठेकेदारों द्वारा अवैध तरीके से पार्किंग शुल्क वसूली की शिकायत मनपा आयुक्त भूषण गगराणी से की थी। मनपा ने 1 जून से सभी 10 पार्किंग को पब्लिक के लिए फ्री कर दिया है। मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि इन पार्किंग को तब तक के लिए फ्री किया गया

है,जब तक नया ठेकेदार नहीं नियुक्त हो जाता है। अधिकारी ने बताया कि जिन पार्किंग स्थलों को फ्री किया गया है, उसमें हॉर्निमन सर्कल, जमनालाल बजाज मार्ग, दोराबजी टाटा रोड, इरोस सिनेमा के सामने ट्रैफिक आइलैंड, वालचंद हीराचंद मार्ग, रामजीभाई कमानी मार्ग (पश्चिम की ओर), करीमभोय मार्ग, बदरुद्दीन तैय्यबजी मार्ग, मुदराना शेट्टी लेन, तामरिंद लेन, वी.एन. रोड, होमजी स्ट्रीट और नागिनदास मास्टर लेन पार्किंग शामिल है। नार्वेकर ने आरोप लगाया कि ठेकेदारों और मनपा अधिकारियों की मिलीभगत से यहां मनमानी तरीके से लोगों से शुल्क वसूला जा रहा था। मनपा के इस निर्णय से यहां आने वाले लोगों को बड़ी राहत मिली है। मकरंद नार्वेकर ने कहा कि यह वॉर्ड काफी महत्वपूर्ण है। यहां ऐतिहासिक इमारत और पर्यटन का केंद्र, कई सरकारी कार्यालय, वाणिज्यिक केंद्र और सांस्कृतिक स्थल हैं, इसलिए यहां वाहनों का आवागमन बहुत अधिक है।

नकली सीडीसी मुहरों के सहारे विदेश जाने का प्रयास

युवक के खिलाफ मामला दर्ज

मुंबई। मुंबई एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन अधिकारियों ने एक युवक को नकली जहाजों की साइन ऑन और साइन ऑफ मुहरों के आधार पर विदेश जाने की कोशिश करते हुए पकड़ लिया। आरोपी की पहचान कृष्ण कुमार रविचंद्रन थेवर (29) के रूप में हुई है, वह नवी मुंबई के उलवे इलाके में रहता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,कृष्ण कुमार ने एक एजेंट बिजेंद्र सिंह,जो नवी मुंबई में रहते हैं उनके साथ मिलकर अपने भारतीय सीडीसी (सीमेन बुक) में पांच अलग-अलग जहाजों एमटी महिका, एमटी ब्लू एप्रिल, एमटी वर्जिनिया एन, एमटी प्रोग्रेस 6, एमटी दानुम 23 के नकली साइन ऑन और साइन ऑफ मुहरें लगवाई थीं। इन नकली मुहरों के माध्यम से वह अपने सीमेन अनुभव को असली दिखाकर विदेश जाने की कोशिश कर रहा था। 1 जून को कृष्ण कुमार ने विमान केक्यु-203डी नैरोबी मार्ग से मुंबई से मलावी जाने की योजना बनाई थी। इमीग्रेशन प्रक्रिया के दौरान अधिकारियों को दस्तावेजों की जांच में संदेह हुआ। जब दस्तावेजों की गहन पड़ताल की गई, तो यह सामने आया कि उसकी सीमेन बुक में दर्ज मुहरें पूरी तरह नकली हैं। आरोपी के पास से पुलिस ने पासपोर्ट, बोर्डिंग पास, ई-माइग्रेट लेटर और शिप जॉइनिंग लेटर जैसे कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। सभी दस्तावेजों की फॉरेंसिक जांच जारी है। आरोपी को सहार पुलिस स्टेशन के हवाले किया गया है।

रायगड पालक मंत्री को लेकर खींचतान जारी

शिवसेना के दो विधायक सुनील तटकरे पर बरसे

महानगर संवाददाता
मुंबई

रायगड के पालक मंत्री पद को लेकर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के मंत्री भरत गोगावले और राकांपा अजित पवार गुट के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद सुनील तटकरे के बीच खींचतान जारी है। शिवसेना के दो विधायकों महेंद्र थोरवे और महेंद्र दलवी ने सुनील तटकरे के खिलाफ खुलेआम टिप्पणी की है। इसके जवाब में राकांपा ने पलटवार करते हुए उन्हें कलियुग के मुगल वंशज की उपमा दी है। कुछ दिनों पहले महाड में आयोजित राकांपा के कार्यक्रम में सुनील तटकरे ने कंधे पर टॉवेल रखकर भरत गोगावले की टांग खींचने का प्रयास किया था। इसके जवाब में रविवार को भरत गोगावले के जन्मदिन पर आयोजित

कार्यक्रम में सफेद रुमाल बांटकर सुनील तटकरे को चुनौती दी गई। कार्यक्रम में अलीबाग के शिवसेना विधायक महेंद्र दलवी ने कहा कि कुछ भी हो जाए भरत गोगावले ही रायगड के पालक मंत्री होंगे। यह हमारी शपथ है। उन्होंने तटकरे को चुनौती देते हुए कहा कि उनके जैसे नेता कुछ भी बोलें,लेकिन उन्हें बाजू में करने की ताकत हमारे पास है। वहीं विधायक महेंद्र थोरवे ने कहा कि तटकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि तुम्हारा यही रुमाल अगले लोकसभा चुनाव में तुम्हें मुंह पर ढकने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। अजित पवार गुट के प्रवक्ता आनंद परांजपे ने थोरवे और दलवी की तुलना कलियुग के मुगलों के वंशजों से की।

इधर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि रायगड के पालक मंत्री पद का विवाद सतह पर नहीं आना चाहिए। जल्द ही इस विवाद का समाधान हो जाएगा, ऐसे में खुलेआम बयानबाजी ठीक नहीं है। सड़क पर वाद विवाद के बजाय नेतृत्व पर विवाद सुलझाने का काम छोड़ना चाहिए।

दो नाबालिगों के अपहरण से सनसनी

नागरिकों में दहशत का माहौल

महानगर संवाददाता
भिवंडी

शहर में बच्चों के अपहरण की बढ़ती घटनाओं ने अभिभावकों की चिंता को और गहरा कर दिया है। बीते दो दिनों में दो अलग-अलग इलाकों से दो नाबालिग लड़कों के लापता होने की खबर ने पूरे शहर में सनसनी फैला दी है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना भोईवाडा पुलिस थाना क्षेत्र के धामणकर नाका स्थित माधव नगर इलाके की है। यहां रहने वाली तब्बसुम शेख मोहम्मद आलम शेख ने शिकायत दर्ज कराई कि उनका 12 वर्षीय बेटा आरिश मोहम्मद आलम शेख दोपहर करीब एक बजे किराने की दुकान गया था, लेकिन उसके बाद वह लौटकर नहीं आया। परिजनों ने आसपास के रिश्तेदारों और परिचितों से संपर्क किया, मगर आरिश का कोई सुराग नहीं मिल सका। भोईवाडा पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले की जांच पुलिस उप निरीक्षक विनोद शेंडकर कर रहे है। दूसरी घटना शांतिनगर पुलिस थाना क्षेत्र के खान कंपाउंड स्थित रशीद खान की चाल की है।

देवनार मंडी में बिक रहा 3 लाख तक का बकरा

महानगर संवाददाता
मुंबई

देवनार बकरा मंडी एशिया का सबसे बड़ा बकरा बाजार है। यहां विशेष रूप से ईद-उल-अजहा (बकरीद) के दौरान के रौनक देखने को मिलती है। यहां बकरों की कीमत 10 हजार से शुरू होती है। बकरीद देश भर में शनिवार को मनाई जा रही है। ईद पर बकरों की कुर्बानी की प्रथा पुरानी है। यही कारण है कि ईद पर बकरों की मांग ज्यादा रहती है और कीमत भी ज्यादा मिलती है। ईद पर एशिया के सबसे बड़े बकरा मंडी यानी देवनार में बकरों की मांग रहती है, इनकी कीमत भी प्रति बकरा 10 हजार से 3 लाख हजार तक जा रही है।

मेवात के लोग जाते हैं मुंबई

अलवर के मेवात से बड़ी संख्या में लोग बकरे बिक्री के लिए मुंबई की देवनार मंडी आए है। इस बार ईद पर बकरा पालकों को भी अच्छा मुनाफा हुआ है। यहां अलवर के मेवात के बकरों की मांग ज्यादा रहती है। बकरीद पर भारत से बकरे इस्लामिक देशों में भी भेजे जाते हैं।

सबसे सस्ते बकरे की कीमत

इनमें तोतापुरी, खस्सी और देसी नस्ल के बकरे लोगों की पसंद रहती है। बकरा पालन से जुड़े लोगों का कहना है कि दो-तीन माह का बकरा करीब 5-7 हजार रुपये में आसानी से मिल जाता है। इन्हें तैयार करने के लिए मक्का, ज्वार, तिल का तेल, हरा चारा खिलाया जाता है। इस खुराक से बकरों की सेहत अच्छी रहती है, जिससे पशुपालकों को बकरों के अच्छे दाम मिल पाते है। बकरीद के समय बकरे का औसत विक्रय मूल्य 25000 से 30000 तक होता है, जिसका वजन लगभग 40 से 50 किलोग्राम होता है। सामान्य से अधिक वजन वाले बकरे की कीमत 90,000 से 1 लाख रुपये तक होती है, जिनका वजन लगभग 70 किलोग्राम से अधिक होता है।

दो लाख से अधिक बकरे

देवनार मंडी में 2 लाख से ज्यादा बकरे बिक्री के लिए आते हैं, जिनमें से 1।5 लाख बकरे, बकरीद के समय 10 दिनों में बिक जाते हैं। अब तक के रिकॉर्ड के अनुसार ईद 2018 में रईस नाम का बकरा 5 लाख रुपये की दर से बिका। यह एक बकरे के लिए काफी अधिक है। आम तौर पर, बकरों की दर बकरियों की गुणवत्ता और वजन पर निर्भर करती है। सुंदर दिखने वाले बकरे की कीमत अधिक होती है। इस मंडी में ज्यादातर बकरियां राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से आती हैं। ईद के समय इस बकरा मंडी में आपको आसानी से मिलने वाली बकरियों की नस्लें सोजत नस्ल, जमुनापारी बकरी नस्ल, कोटा बकरी, सिरोही बकरी, बाराबारी, बोअर बकरी नस्ल, गुजरी, मालवा बकरी नस्ल हैं।

कोरोना के मरीजों के लिए मनपा की तैयारी

महानगर संवाददाता
भायंदर

देश में कोरोना के माहौल को देखते हुए मीरा- भायंदर शहर में भी कोरोना से बचाव की तैयारी की जा रही हैं। भायंदर (पश्चिम) के पंडित भीमसेन जोशी सरकारी अस्पताल में कोरोना के लिए पुरा वार्ड तैयार किया गया है। पंडित भीमसेन जोशी सरकारी अस्पताल के वैधकीय अधिक्षक एवं जिला शल्य-चिकित्सक डॉ. जाफर तड़वी ने इस बारे में बताया की अस्पताल में 30 बिस्तर का एक वार्ड पुरी तरह सिर्फ कोरोना के मरीजों के लिए आरक्षित किया गया हैं। इस वार्ड में ऑक्सीजन से लेकर सारी सुविधा उपलब्ध हैं। वहीं इस बिमारी में उपयोग आने वाली दवा

का भी इंतजाम किया जा रहा हैं। डॉ. जाफर तड़वी ने बताया की लोगों को थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत हैं,अगर किसी को भी सर्दी,बुखार जैसी समस्या होतो तुरंत डॉक्टर के पास जांच करानी चाहिए। इस बारे में मनपा अतिरिक्त आयुक्त संभाजी पानपटे ने बताया की सरकार की तरफ से हमें अभी तक इसके बारें में कोई गाइडलाइन प्राप्त नहीं हुई हैं,लेकिन मनपा ने ऐतिहात के तौर पर इसके लिए तैयारी कर रखी हैं।

नमक खेती की जगह पर अवैध भरनी बंद करने की मांग

भायंदर। मीरा-भायंदर शहर में नाला सफाई काम का कल परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने निरिक्षण किया। बरसात के पहले नाला सफाई होने के बाद भी हर साल शहर में पानी भरने की समस्या आती है। इसी समस्या को लेकर प्रताप सरनाईक ने मनपा आयुक्त राधाबिनोद शर्मा एवं मनपा के अधिकारियों के साथ शहर का दौरा किया था । इस दौरे के बाद प्रताप सरनाईक ने भायंदर (पश्चिम) स्थित डी.बी. रियालिटी की करीब 400 से 500 एकड़ जमीन पर हो रही भरनी को अवैध बताया। उन्होंने बताया यहां पर

केंद्र एवं राज्य सरकार की नमक खेती की जगह है। इस जगह पर अभी तक करीब 40 से 50 हजार ट्रक कंक्रीट मलबा डाला गया है। यह अवैध भरनी एक राजकीय नेता के इशारे पर हो रही हैं , इस काम के लिए उस राजकीय नेता के इशारे पर कुछ लोग प्रति ट्रक 500 से 700 रुपए हफ्ते के तौर पर ले रहें हैं । वहीं यहां पर भरनी करने के लिए राजस्व विभागी की अनुमति लेनी पड़ती हैं परन्तु ठेकेदार ने इसकी अनुमति नही ली हैं।

डॉ .अशोक तिवारी को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

महानगर संवाददाता
मुंबई

देश के जाने-माने व्यवसाई, वैज्ञानिक, कवि एवं मंच संचालक डॉ. अशोक तिवारी का चयन अमेरिकन सोसायटी आफ मैटेरियल्स (ASM) के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार एलन रे पुट्टनम सर्विस अवार्ड 2026 के लिए किया गया है। वह पहले भारतीय हैं,जिन्हें यह पुरस्कार दिया जाएगा। डॉ. अशोक तिवारी ASM इंटरनेशनल की भारत इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत तमाम पदों पर कार्यरत रह चुके हैं। उनके नेतृत्व में ASM की

भारत इकाई ने एडवांस मैटेरियल्स फॉर स्पेस तथा एडवांस मैटेरियल्स फॉर डिफेंस आयोजित कर चुका है। साथ ही मटेरियल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जो कि भारत के ASM द्वारा आयोजित किया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है।

मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, युवक पर रॉड से हमला

महानगर संवाददाता
भिवंडी

भिवंडी शहर के पद्मानगर सोनार पाडा इलाके में एक मामूली विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया,जब इंटरनेट केबल सुधारने आए एक युवक को चोर समझकर उसके साथ न सिर्फ गालीगलौच और मारपीट की गई, बल्कि लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल भी कर दिया गया। इस घटना में कुल तीन लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक की हड्डी टूट गई है। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस के

पांच आरोपियों पर केस दर्ज

मुताबिक शिकायतकर्ता संदीप गंगाराम आडेप जो भिवंडी के पद्मानगर क्षेत्र में रहते हैं। रविवार को उनका एक रिश्तेदार निखिल और एक मजदूर के साथ। इलाके में टूटी हुई इंटरनेट केबल को ठीक करने के लिए आया था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले किशोर डांगे ने उसे देखकर चोर समझ लिया और बिना कोई बात किए गाली-गलौच करते हुए धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू कर दी। जब संदीप गंगाराम आडेप बीच-बचाव करने और स्थिति स्पष्ट करने पहुंचे, तो किशोर डांगे के साथ चेतन डांगे, रोहित मिटका, आकाश मिटका और वैभव वंडरे ने मिलकर उन पर भी लात-घूंसे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। घटना के दौरान संदीप को बचाने आए सुरेश नामक एक व्यक्ति को भी हमलावरों ने नहीं बख्शा और लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसका हाथ टूट गया।

बुधवार को ठाणे के कुछ हिस्सों में पानी की आपूर्ति रहेगी प्रभावित

ठाणे। ठाणे मनपा के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि रखरखाव कार्यों के कारण जिले के कुछ हिस्सों में बुधवार, 4 जून को पानी की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। टीएमसी ने बताया कि तेमघर जल उपचार संयंत्र में आवश्यक रखरखाव कार्य के कारण 4 जून को शहर के कुछ हिस्सों में पानी की आपूर्ति बंद करने की योजना है। उन्होने कहा कि बुधवार को सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक पानी की आपूर्ति बंद रहेगी। इस 12 घंटे की अवधि के दौरान,निम्नलिखित क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति नहीं होगी। घोड़बंदर रोड, वर्तक नगर, रितु पार्क, जेल, गांधी नगर, रुस्तमजी, सिद्धांचल, समता नगर, सिद्धेश्वर,इटरनिटी, जॉनसन और कलवा के कुछ हिस्से, नागरिक निकाय ने कहा. इसने आगे कहा कि इस रखरखाव में उच्च दबाव वाले सबस्टेशन की प्री-मानसून सर्विसिंग, नियंत्रण पैनल की मरम्मत और ट्रांसफार्मर तेल निस्पंदन शामिल है। आगामी बरसात के मौसम में जल आपूर्ति व्यवस्था के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए ये कार्य महत्वपूर्ण हैं।

सेवानिवृत्त पोर्ट अधिकारी के साथ पीएफ के नाम पर हुई धोखाधड़ी

महानगर संवाददाता
मुंबई

अंधेरी इलाके में एक चौंकाने वाला साइबर ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें महाराष्ट्र पोर्ट विभाग के 73 वर्षीय सेवानिवृत्त अधिकारी को 1.40 करोड़ रुपए की ठगी का शिकार बनाया गया। आरोपियों ने कर्मचारी भविष्य निधि (पीएफ) की लंबित राशि दिलाने के बहाने उन्हें झांसे में लिया और फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया। शिकायत के अनुसार, यह ठगी 14 मई 2023 को शुरू हुई जब पीड़ित को आलोक मेहता नामक व्यक्ति का कॉल आया, जिसने खुद को दिल्ली ईपीएफओ कार्यालय का अधिकारी बताया। आरोपी ने 7,230 रुपए की शुरुआती राशि मांगी, जिसे पीड़ित ने एनईएफटी के माध्यम से भेज दिया।

इसके बाद विभिन्न बहानों प्रोसेसिंग शुल्क, सुरक्षा मंजूरी, रख-रखाव शुल्क आदि के नाम पर धीरे-धीरे अधिक रकम मांगी जाती रही। पीड़ित, झांसे में आकर पैसे भेजते रहे। कुछ सप्ताह बाद, आरोपी ने एक फर्जी वित्त मंत्रालय के लेटरहेड पर पीएफ फाइल की मंजूरी का पत्र व्हाट्सएप पर भेजा और 3.8 लाख रुपए मांगे, बदले में 63.08 लाख रुपए की राशि देने का वादा किया गया। पीड़ित ने यह रकम भी भेज दी।

मीठी नदी बाढ़ नियंत्रण में हुआ अवैध निर्माण

महानगर संवाददाता
मुंबई

मीठी नदी की बाढ़ नियंत्रण सीमा के भीतर बहुमंजिला अवैध इमारतों का निर्माण हुआ है। मीठी नदी परिसर में हुए अवैध निर्माण की शिकायत मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पास की गई है और परिसर में बाढ़ होने का आरोप लगाया गया।

बता दें कि मीठी नदी परिसर में हुए अवैध निर्माण में 10 मीटर चौड़ी बाढ़ नियंत्रण रेखा का उल्लंघन किया गया है। अवैध निर्माण पर मनपा की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। संभावना यह जताई जा रही है कि शहर की अन्य नदियों की बाढ़ नियंत्रण रेखाओं का भी इसी प्रकार उल्लंघन हो सकता है। इस पूरे मामले की शिकायत

मुख्यमंत्री से की गई शिकायत, बाढ़ का खतरा बढ़ा

वॉच डॉग फाउंडेशन ने राज्य सरकार और मुंबई महानगरपालिका से की है। मुंबई में हर वर्ष मानसून के दौरान मीठी नदी में बाढ़ आती है,जिससे शहर के कई हिस्सों में जलजमाव होता है। इस समस्या से निपटने के लिए मीठी नदी के विकास कार्य चार चरणों में किए जा रहा है। हालांकि इन कार्यों में सबसे बड़ी अड़चन अनधिकृत और अवैध निर्माण हैं। विशेष रूप से टी 2 टर्मिनल क्षेत्र के पास 10 मीटर की बाढ़ नियंत्रण सीमा के भीतर बहुमंजिला इमारतों का निर्माण कर दिया गया है,जिससे बाढ़ नियंत्रण नियमों का खुला उल्लंघन हुआ है। वॉच डॉग फाउंडेशन ने इस पर सवाल उठाया है कि जब बाढ़ नियंत्रण की सीमा स्पष्ट रूप से तय है तो फिर यह निर्माण कैसे संभव हुआ। मीठी नदी का प्रवाह पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों के साथ दक्षिण मुंबई से होकर गुजरता है। बाढ़ की स्थिति में इस नदी का जलस्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है जिससे शहर जलमग्न हो जाता है। इस स्थिति से निपटने के लिए मनपा द्वारा कीचड़ निकालने तथा गंदे और रसायनयुक्त पानी को रोकने जैसे उपाय किए गए हैं। मीठी नदी का पहला विकास चरण पूरा हो चुका है जबकि दूसरा और चौथा चरण प्रगति पर है।

दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का जयपुर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

मुंबई। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 09001/09002 मुंबई सेंट्रल-खातीपुरा सुपरफास्ट स्पेशल और ट्रेन संख्या 09007/09008 वलसाड-खातीपुरा सुपरफास्ट एक्सप्रेस को जयपुर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, विवरण निम्नानुसार है। 1.2 जून से मुंबई सेंट्रल से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09001 मुंबई सेंट्रल-खातीपुरा को जयपुर स्टेशन पर

अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन जयपुर स्टेशन पर 15:45 बजे पहुंचेगी और 15:55 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह, 3 जून से खातीपुरा से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09002 खातीपुरा-मुंबई सेंट्रल को जयपुर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन जयपुर स्टेशन पर 19:15 बजे पहुंचेगी और 19:25 बजे प्रस्थान करेगी। 2. 5 जून से वलसाड से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09007 वलसाड-खातीपुरा स्पेशल को जयपुर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन जयपुर स्टेशन पर 07:00 बजे पहुंचेगी और 07:10 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह, 6 जून, से खातीपुरा से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 09008 खातीपुरा-वलसाड स्पेशल को जयपुर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। यह ट्रेन जयपुर स्टेशन पर 19:15 बजे पहुंचेगी और 19:25 बजे प्रस्थान करेगी।

कचरे के ढेर बया कर रहे स्वच्छता अभियान की सच्चाई

महानगर संवाददाता
कल्याण

शहर में स्वच्छता और स्वास्थ्य कल्याण को लेकर किए जा रहे दावों की पोल मुरवाड रोड पर खुलती नजर आ रही है। पूर्णिमा टॉकीज के सामने स्थित सीमा अपार्टमेंट के पास बीते कई महीनों से कचरे का ढेर जमा है,जो अब स्थायी रूप ले चुका है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस कचरे की सफाई के लिए कई बार शिकायतें दी गईं,लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

इस क्षेत्र में रह रहे लोगों को बदबू और मच्छरों की समस्या से जूझना पड़ रहा है,जिससे डेंगू,मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि "स्वच्छ भारत मिशन" जैसे अभियानों की असली तस्वीर इसी ढेर में छिपी है। स्थिति को और भी बदतर बनाने का काम महावितरण विभाग ने किया है। विभाग ने हाल ही में पेड़ों की छंटाई की, लेकिन छंटे हुए पेड़ों की बड़ी-बड़ी शाखाएं भी इसी कचरे के ढेर में डाल दी गईं। इससे कचरा उठाने की प्रक्रिया और भी मुश्किल हो गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है, "हर बार शिकायत करने पर सिर्फ आश्वासन मिलता है, पर स्थिति जस की तस बनी रहती है।

कोपर खैरणे में नशेड़ियों ने कर दी ड्राइवर की पिटाई

महानगर संवाददाता
नवी मुंबई

नवी मुंबई के कोपर खैरणे सेक्टर दो में नशेड़ियों द्वारा एक ओला ड्राइवर की पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। ओला ड्राइवर के भाई द्वारा की गई शिकायत का बदला लेने के लिए जानलेवा हमला किया गया। इस हमले में लहू लुहान युवक को वाशी के मनपा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

आपको बता दें कि नवी मुंबई का कोपर खैरणे सेक्टर 1,2,3 और 4 का परिसर मध्यम वर्ग के लोगों का माना जाता है। ऐसे में नशे के सौदागर यहां के बच्चों को अपने

नशेड़ियों से परेशान कोपरखैरणे की जनता

जाल में फंसाने की कोशिश करने में जुटे हैं। युवाओ को पहले नशे का आदत डाला जाता है उसके बाद उनसे ही नशे का कारोबार कराया जा रहा हैं। इस से परेशान नागरिकों ने पहले भी पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग कर चुके हैं। कोपर खैरणे सेक्टर 2 में रहने वाला अंकुर शिवशंकर पांडे दोपहर के समय अपने ओला गाड़ी पर जाने के लिए घर से निकला था ,तभी वहीं खड़े नशेड़ियों ने उसपर हमला बोल दिया ,नशेड़ियों ने कहा कि तेरे भाई के शिकायत के कारण पुलिस ने कार्रवाई किया है। इस हमले में अंकुर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद उसे वाशी के मनपा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। इस मामले में अभी तक कोपर खैरणे पुलिस के तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

गेटवे से नवी मुंबई एयरपोर्ट के बीच चलेगी वॉटर टैक्सी

बंदरगाह मंत्री का पूरी तैयारी करने का निर्देश

महानगर संवाददाता
मुंबई

गेटवे ऑफ इंडिया के नजदीक रेडियो क्लब जेट्टी से नवी मुंबई के इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच वॉटर टैक्सी चलाने की योजना है। राज्य के बंदरगाह और मत्स्य व्यवसाय मंत्री नितेश राणे ने निर्देश दिया कि इसके लिए विभाग पूरी प्लानिंग बनाए और जरूरत के हिसाब से जेट्टी बनाने के प्रस्ताव पेश जाएं। वे मंत्रालय में वॉटर टैक्सी शुरू करने को लेकर आयोजित बैठक में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि वॉटर टैक्सी शुरू करने के लिए टर्मिनल बनाने का काम चरणबद्ध ढंग से शुरू किया जाए। इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी को आवश्यक परमिट के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहिए। मंत्री राणे ने सुझाव दिया कि माल परिवहन के लिए जेट्टी बनाने के लिए सभी स्थानों की पहचान की जानी चाहिए। मुंबई में ट्रैफिक की समस्या को कम करने के लिए सरकार वाटर ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।

मंत्री राणे ने कहा कि एक नई वॉटर टैक्सी सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिससे मुंबई और नवी मुंबई के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। इस सेवा से नवी मुंबई के विभिन्न भागों के साथ मुंबई की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। यात्रा का समय लगभग 40 मिनट होगा। इन वॉटर टैक्सी सेवाओं में इलेक्ट्रिक नौकाओं के उपयोग से प्रदूषण कम होगा और पर्यावरण को लाभ होगा। इन सेवाओं से मुंबई में यातायात की भीड़ कम होगी और यात्रियों को आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। मुंबई में यह नई जल परिवहन योजना शहर की परिवहन व्यवस्था में सुधार लाएगी तथा नागरिकों को तीव्र, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी।



11वीं ऑनलाइन प्रवेश

रजिस्ट्रेशन की समय सीमा 5 जून तक बढ़ी

मुंबई। कक्षा 11 वीं में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 2025-26 के तहत छात्रों को रजिस्ट्रेशन के लिए 26 मई से 3 जून की समयसीमा दी गई थी, जिसे 5 जून दोपहर 2 बजे तक बढ़ा दिया गया है। इस बात की जानकारी शिक्षण संचालक (माध्यमिक) डॉ. श्रीराम पानझाडे ने दी। उन्होंने कहा कि 11वीं में ऑनलाइन प्रवेश में इनहाउस कोटे की जगह भरने के लिए 31 मई को सरकार ने एक आदेश जारी किया है। इस बदलाव को लेकर वेबसाइट पर जूनियर कालेज संस्था में फेरबदल करने और छात्रों को जूनियर कालेजों के पसंद क्रम में आवश्यकता के अनुसार बदलाव करने तथा छात्रों और अभिभावकों को पर्याप्त समय देने के लिए अंतिम रजिस्ट्रेशन की समयसीमा को 3 जून से बढ़ाकर 5 जून दोपहर 2 बजे तक कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 2 जून की शाम तक कुल 10 लाख 85 हजार 851 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। पुणे विभाग में 1,87,925, मुंबई विभाग में 2,65,900, कोल्हापुर विभाग में 1,07,012, छत्रपति संभाजीनगर विभाग में 1,00,040, नाशिक विभाग में 1,12,108, नागपुर विभाग में 95,210, अमरावती विभाग में 98,359, लातूर विभाग में 58,586 और अन्य 61,712 पंजीकरण हुए हैं।

लाडकी बहिन योजना : घटेगी लाभार्थी महिलाओं की संख्या

महानगर संवाददाता
मुंबई

महाराष्ट्र में लाडकी बहिन योजना जिसे एक 'गेमचेंजर' योजना माना गया था,पिछले कुछ दिनों से फिर से चर्चा में है। इस योजना के लिए विभिन्न विभागों के फंड्स को मोड़ा गया,इस पर लगातार शिकायतें आ रही थीं। अब इस योजना में करीब दो लाख आवेदनों की जांच के बाद यह संभावना जताई जा रही है कि लाभार्थी महिलाओं की संख्या काफी घट सकती है। इस योजना में कई 'बोगस' यानी फर्जी लाडकी बहनों की अब पोल खुलने वाली है. पूरे राज्य में इस योजना के लिए वास्तव में पात्र महिलाओं की संख्या कितनी है, यह अब इनकम टैक्स विभाग राज्य सरकार को बताएगा. इस जानकारी के लिए राज्य सरकार काफी समय से केंद्र सरकार से संपर्क कर रही थी. इस टैक्स डेटा के आधार पर अब जिन महिलाओं की वार्षिक आय 2.5 लाख रुपए से अधिक है,उन्हें इस योजना से बाहर किया जाएगा।

मंत्री अदिती तटकरे ने क्या बताया था?

महाराष्ट्र की महिला और बाल विकास मंत्री अदिती तटकरे ने बताया था कि इस योजना का लाभ 2200 से अधिक सरकारी कर्मचारियों को भी मिला है,जबकि वे इसके लिए पात्र नहीं थे, उन्होंने कहा कि किसी भी योजना को लागू करने में लाभार्थियों की जांच एक सामान्य प्रक्रिया होती है, और यही प्रक्रिया अब इस योजना में अपनाई जा रही है।

किन कारणों से महिलाओं को अपात्र ठहराया गया?

2.30 लाख महिलाएं : संजय गांधी निराधार योजना की लाभार्थी
1.10 लाख महिलाएं : उम्र 65 वर्ष से अधिक होने के कारण
1.60 लाख महिलाएं : चारपहिया वाहन होने के कारण
7.70 लाख महिलाएं : नमो किसान योजना की लाभार्थी होने के कारण
2,652 महिलाएं : सरकारी सेवा में कार्यरत होने के कारण

शरद पवार और अजित पवार के साथ आने की चर्चा पर लगा विराम

- शरद पवार के साथ कोई गुप्त चर्चा नहीं : अजित पवार
- परिवार का सदस्य होने के कारण पारिवारिक कार्यक्रम में होता हूं शामिल

मुंबई। राज्य में पिछले कई दिनों से चाचा शरद पवार और भतीजे अजित पवार की एक साथ आने की चल रही चर्चा पर विराम लग लगा है। अजित पवार और शरद पवार दोनों पार्टियों ने साथ आने की चर्चा पर विराम लगा दिया है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने स्पष्ट किया कि चाचा शरद पवार के साथ मेरी कोई गुप्त बैठक नहीं हुई। परिवार का सदस्य होने के नाते मुझे पारिवारिक कार्यक्रम में तो शामिल होना पड़ता है। वहीं पुणे जिले का पालक और वित्त मंत्री होने के कारण ऑपरेटिव से संबंधित बैठक में मुझे बैठक में शामिल होता हूं। अजित पवार ने चाचा शरद पवार के साथ बंद कमरे में हुई चर्चा को सीरे से ख़ारिज कर दिया और कहा कि यह खबर किसने फैलाई। चाचा शरद के साथ आने के सवाल के जवाब में अजित पवार ने कहा कि मेरे बेटे की सगाई थी,जिसमे वे आए थे परिवार के कार्यक्रम में हम एक परिवार के रूप में एक साथ आते हैं। विचारधाराएं अलग-अलग हैं, लेकिन अन्य मामलों में, हम सुख और दुख में एक परिवार के रूप में एक साथ हैं। अजित पवार के बाद शरद पवार की पार्टी के नेता और पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) का राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में विलय को लेकर शरद पवार और अजित पवार में कोई चर्चा नहीं हुई है। देशमुख ने कहा कि दोनों नेता चीनी और शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े मुद्दों पर अलग-अलग मौकों पर मिलते रहते हैं। दोनों गुटों के विलय पर कोई चर्चा नहीं हुई है। ऐसी बैठकें होती रहती हैं। इधर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कहा कि चाचा शरद पवार और भतीजे अजित पवार की एक साथ आने की जो चर्चा चल रही है वो सिर्फ अफवाह है। शरद पवार की पार्टी की तरफ से इस मुद्दे को लेकर कोई प्रस्ताव नहीं आया है। बता दें कि पिछले कई महीनों से चाचा शरद पवार और भतीजे अजित पवार के एक साथ आने की चर्चा चल रही है इस चर्चा ने उस समय जोर पर पकड़ लिया जब रविवार को पुणे में शरद पवार और अजित पवार ने कोआपरेटिव से सम्बंधित बैठक में एक साथ शामिल हुए।

यूबीटी को लग सकता है बड़ा झटका

महानगर संवाददाता
मुंबई

महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय चुनावों को देखते हुए राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इस बीच सांगली जिले में उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना यूबीटी को बड़ा झटका लग सकता है। शिवसेना यूबीटी के नेता और डबल महाराष्ट्र केसरी विजेता चंद्रहार पाटील को लेकर खबरें आ रही हैं कि वे 9 जून को शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल होंगे। चंद्रहार पाटील शक्ति प्रदर्शन करके पार्टी में प्रवेश करेंगे। कुछ दिन पहले सांगली के भालवणी में आयोजित एक बैठक में, उद्योग मंत्री उदय सामंत की उपस्थिति में चंद्रहार पाटील ने उन्हें चांदी की गदा भेंट देकर सत्कार किया था। यह कार्यक्रम राजनीतिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस दौरान शिवसेना मंत्री उदय सामंत ने

चुटकी लेते हुए कहा, "चंद्रहार पाटील ने हमें हार पहनाया, लेकिन हम उन्हें कब पहनाएंगे, यह एकनाथ शिंदे साहब तय करेंगे। और पाटील के गले में वह हार कब पड़ेगा, इसका फैसला भी वही करेंगे।"

9 जून को शिंदे गुट में शामिल होंगे चंद्रहार पाटील ?

इस बयान ने चंद्रहार पाटील के संभावित पार्टी प्रवेश की अटकलों को और हवा दे दी। गौरतलब है कि चंद्रहार पाटील लोकसभा चुनाव में उद्धव ठाकरे गुट की ओर से उम्मीदवार रह चुके हैं। लेकिन पिछले कुछ समय से वे एकनाथ शिंदे के संपर्क में बताए जा रहे हैं। पहले भी उन्होंने उदय सामंत के साथ रत्नागिरी में डिप्टी सीएम और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे से मुलाकात की थी और दोनों ने साथ में भोजन किया था। इसके अलावा,चंद्रहार पाटील की सांसद श्रीकांत शिंदे के साथ कुछ तस्वीरें भी वायरल हुई थीं और श्रीकांत शिंदे ने सार्वजनिक रूप से उनकी तारीफ की थी। इससे यह संकेत मिला था कि चंद्रहार पाटील शिंदे गुट के संपर्क में हैं। अब जब वे एक बार फिर उदय सामंत के साथ मंच साझा करते नजर आए और सत्कार भी किया, तो इस बात की संभावना प्रबल हो गई है कि पहलवान चंद्रहार पाटील जल्द ही शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल होंगे।

ई-बाइक की बैटरी में विस्फोट से तीन महिलाएं घायल

ठाणे। ठाणे जिले में कौसा के अलमास कॉलोनी में एक घर में चार्ज करते समय इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन की बैटरी फटने से तीन महिलाएं झुलस गईं, जिनमें से एक गंभीर रूप से घायल हो गयी है। अधिकारियों ने सोमवार को इस घटना की पुष्टि की। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना रविवार शाम हुई और आग तेजी से पूरे घर में फैल गई जिससे घरेलू सामान और बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो गये। पीड़िता नुसरत सैयद (45) और उनकी बेटियां हफ्जा (24) और अफ्जा (18) अपने ग्राउंड फ्लोर अपार्टमेंट के अंदर थीं, जब बैटरी में विस्फोट हुआ। तीनों के चेहरे और हाथ जल गए, जबकि नुसरत के शरीर का 30 प्रतिशत से ज़्यादा हिस्सा जल गया।

सिक्किम में फंसे महाराष्ट्र के टूरिस्टों की वापसी शुरू

राज्य आपातकालीन केंद्र ने दी जानकारी



मुंबई। भारी बारिश और सिक्किम के लाचुंग में भूस्खलन की वजह से वहां महाराष्ट्र के 40 पर्यटक फंस गए थे। राज्य आपातकालीन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार बारिश थमने की वजह से उत्तर सिक्किम से गंगटोक का रास्ता खुलने से टूरिस्टों की वापसी शुरू हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही राज्य आपातकालीन केंद्र ने सिक्किम स्थित आपातकालीन केंद्र से संपर्क किया। सिक्किम प्रशासन ने इस बारे में एडवाइजरी जारी की है। इस संबंध में महाराष्ट्र सदन के निवासी आयुक्त ने भी सिक्किम प्रशासन से संपर्क किया।

सिंधुदुर्ग में 16.6 मिमी बारिश

इधर राज्य के सिंधुदुर्ग जिले में रविवार को 16.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। 1 जून से 2 जून सुबह तक सिंधुदुर्ग जिले में 16.6 मिमी, रत्नागिरी जिले में 11.4 मिमी, मुंबई उपनगर में 8.00 मिमी, कोल्हापुर में 7.9 मिमी और रायगड में 4.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। 1 जून को सोलापुर और नाशिक जिले में कुएं में गिरने से एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई, वही ठाणे जिले में आग की घटना से तीन लोग घायल हो गए। इस बात की जानकारी राज्य आपातकालीन कार्य केंद्र ने दी है।

मादक पदार्थों की तस्करी करनेवाले पांच गिरफ्तार

विशेष मुहिम के तहत हुई कार्रवाई



मुंबई। जोन 11 के अंतर्गत मालवणी, गोरेगांव, चारकोप और एम.एच.बी कॉलनी पुलिस थानों की हद्द में अंमली पदार्थ विरोधी विशेष मुहिम के दौरान 30 मई से 1 जून के बीच मुंबई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस अभियान में कुल 5 ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार कर 53 ग्राम एम.डी, जिसकी कीमत 4,24,000 रुपए और 993 ग्राम गांजा जिसकी कीमत 27,740 सहित समेत 4,51,740 रुपये का मादक पदार्थ जब्त किया गया है। एम.एच.बी कॉलनी क्षेत्र में एक महिला के पास से 53 ग्राम एम.डी. बरामद की गई, जबकि मालवणी, गोरेगांव और चारकोप क्षेत्र से 4 अन्य व्यक्तियों को गांजा बेचते समय पकड़ा गया। इस कार्रवाई के दौरान कुल 5 आरोपी गिरफ्तार हुए हैं और उनके खिलाफ एन.डी.पी.एस. एक्ट की धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, ज़ोन 11 के विभिन्न पुलिस थानों मालवणी, मालाड, चारकोप, बांगुरनगर, एम.एच.बी कॉलनी, बोरीवली और कांदिवली द्वारा 21 मादक पदार्थ का सेवन करनेवालों पर भी कार्रवाई की गई है।

पवई तालाब से 10 दिन में निकाली गई 1,450 मीट्रिक टन जलकुंभी

महानगर संवाददाता
मुंबई

पवई तालाब को प्राकृतिक संरक्षण और पुनर्जीवित करने के लिए मनपा प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। तालाब से जलकुंभी और तैरती वनस्पतियां हटाने का कार्य 23 मई से किया जा रहा है। पिछले 10 दिनों के दौरान इस तालाब से कुल 1,450 मीट्रिक टन जलकुंभी निकाली गई। जलकुंभी निकालने का काम पांच हार्वेस्टर मशीन का उपयोग किया जा रहा है। पवई तालाब के प्रदूषण को कम करने और इसे प्राकृतिक समृद्धि प्रदान करने के उद्देश्य से मनपा प्रशासन विभिन्न उपाय कर रहा है। जलकुंभी हटाने के लिए तत्काल पांच संयंत्रों और अतिरिक्त मानव

संसाधन के उपयोग के निर्देश दिए गए हैं। पवई तालाब का निर्माण वर्ष 1891 में हुआ था और इसका जल क्षेत्र 223 हेक्टेयर है जबकि इसका जलग्रहण क्षेत्र लगभग 600 हेक्टेयर में फैला हुआ है। तालाब की जलधारण क्षमता लगभग 5,455 मिलियन लीटर है और इसका पानी पीने योग्य नहीं है लेकिन अन्य उपयोगों के लिए इस्तेमाल होता है। तालाब में गिरने वाले गंदे पानी के कारण जलकुंभी और अन्य अवांछनीय वनस्पतियों की वृद्धि हुई है। तालाब के जल की गुणवत्ता और जैव विविधता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। जलकुंभी सूर्य प्रकाश के परावर्तन को रोकती है जिससे मछलियों का भोजन बनने वाली वनस्पतियों की वृद्धि रुक जाती है और खाद्य श्रृंखला बाधित होती है। इसे ध्यान में रखते हुए मनपा ने तालाब से जलकुंभी निकालने का काम कर रही है। पाँच संयंत्रों के माध्यम से यह कार्य तेजी से किया जा रहा है। हार्वेस्टर मशीन, पंटून माउंटेन पोकलेन, डंपर आदि की सहायता से यह कार्य चल रहा है।

बकरीद को लेकर सीएम ने की कानून -व्यवस्था की समीक्षा

बैठक में सभी मुस्लिम विधायक और नेता रहे मौजूद

महानगर संवाददाता
मुंबई

आगामी बकरीद त्यौहार को लेकर सोमवार को सह्याद्री अतिथि गृह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कानून -व्यवस्था की समीक्षा की। इस बैठक में कौशल्य, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढा, विधायक असलम शेख,अबू आज़मी, अमीन पटेल, रईस शेख, श्रीमती सना मलिक, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव इकबाल सिंह चहल, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव विकास खरगे, मुंबई मनपा आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगराणी, पुलिस महासंचालक रश्मि शुक्ला, पुलिस आयुक्त देवेन भारती तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में त्योहारों के दौरान हमेशा कानून व्यवस्था प्रभावी ढंग से बनाए रखी जाती है। इसी प्रकार आगामी ईद पर्व के लिए भी राज्य सरकार ने उचित योजना बनाई है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ काम करें ताकि त्योहार के दौरान कानून और व्यवस्था पूरी तरह कायम रहे।

मेट्रो के लिए मानसून के मद्देनज़र एक आपातकालीन योजना तैयार की जाए

महानगर संवाददाता
मुंबई

मुंबई उपनगर के पालक मंत्री ॲड. आशिष शेलार ने निर्देश दिए हैं कि भीड़भाड़ वाले मेट्रो स्टेशनों के लिए मानसून के मद्देनज़र एक आपातकालीन योजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि एमएमआरडीए और मेट्रो से संबंधित सभी प्राधिकरणों को आपस में समन्वय बनाए रखना चाहिए

और मुंबई महानगरपालिका से भी लगातार संपर्क में रहना चाहिए। सभी एजेंसियों को एक टीम के रूप में मिलकर काम करना चाहिए, ना कि किसी पर दोषारोपण करना चाहिए।

मुंबई में मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा के लिए मंत्री आशिष शेलार ने एमएमआरडीए कार्यालय में एक बैठक ली। इस बैठक में एमएमआरडीए के आयुक्त संजय मुखर्जी, अतिरिक्त आयुक्त विक्रम कुमार, अश्विन मुदगल, आस्तिककुमार पांडे, महा मेट्रो की संचालिका रुबल अग्रवाल और मुंबई महापालिका सहित अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान, मानसून पूर्व किए गए कार्यों की विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

CHANGE OF NAME

I, Priti Pundlik Gorade w/o No. 15682594N Rank Hav (occ) Name Gorade Pundlik D Attaatray serving in Dakshin Bharat Area Signal Company c/o 56 APO declared that please correct my name Priti Pundlik Gorade instead of Priti in service records of my husband. Please Note.

PUBLIC NOTICE

NOTICE that **MR. HASMUKH PRABHUBHAI KASUNDRA**, are the legal owners and in possession of Flat No.203 on Second floor, Flat No.302 and 303 on Third floor and Flat No.402 on Fourth floor, in "PALM LANDS" situated at Near Tiwari College, Opp. 7-11 Club, Beverly Park, Mira Road East, Dist. Thane, Pin 401 107, situate on piece and parcel of land bearing New Survey No.47, Old Survey No.251/1, New Survey No.48, Old Survey No.251/11 of Village Navghar, Taluka and Dist. Thane, (hereinafter called as **"THE SAID FLAT'S PROPERTY"**).

Any person or persons having any claim, objection, right or interest in the said flat's property or any part thereof by way of sale, transfer, assign, mortgage (equitable or otherwise), exchanging, inheritance, lease, easements, right of way, vahivat, tenancy, lien, licence, gift, bequest, trust, maintenance, possession or encumbrances or any attachment requested to make the same known in writing along with the supporting documents and/or any evidence by Registered Post A.D. to me at the address given below within the period of 14th day from the date of publication of this notice with copies of such documents and other proofs in support of claims/objections for the transfer of the said property and regarding the title of the said property. If no claims/objection is received/raised within the period prescribed above, then this property will declare without reference to any such claims and the same if any will be deemed to have been waived or abandoned.

THE SCHEDULE HEREINABOVE REFERRED TO

ALL THAT Flat No.203 on Second floor, Flat No.302 and 303 on Third floor and Flat No.402 on Fourth floor, in "PALM LANDS" situated at Near Tiwari College, Opp. 7-11 Club, Beverly Park, Mira Road East, Dist. Thane, Pin 401 107, situate on piece and parcel of land bearing New Survey No.47, Old Survey No.251/1, New Survey No.48, Old Survey No.251/11 of Village Navghar, Taluka and Dist. Thane.

Dated this 03rd June, 2025. Contact:-

MR. PRASHANT A. RANE
Advocate High Court.
Chamber: Office No. 02, Ground Floor, Building No. G-1, New Misquitta Nagar CHS Ltd, Opp UCO Bank, Below Krishna Nursing Hospital, Harishankar Joshi Road, Dahisar East, Mumbai – 400 068.

वन मंत्री गणेश नाईक ने मुंबई-अहमदाबाद हाईवे का किया निरीक्षण

महानगर संवाददाता
पालघर

लंबे समय से मुंबई-अहमदाबाद हाईवे का कार्य चल रहा है, जिससे खासकर बारिश के मौसम में राहगीरों और नागरिकों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस पर पालघर के पालक मंत्री और राज्य के वन मंत्री गणेश नाईक ने हाईवे का निरीक्षण किया। हाईवे निर्माण कार्य में हो रही देरी के कारण सड़कें खराब हो रही हैं, जिससे यातायात जाम और दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ गई हैं। निरीक्षण के दौरान गणेश नाईक ने संबंधित विभागों को हाईवे के काम को जल्द से जल्द पूरा करने और बेहतर योजना के साथ काम करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गणेश नाईक, वन मंत्री एवं पालक मंत्री, महाराष्ट्र राज्य, हेमंत सवरा, पालघर के सांसद, इंदुराणी जाखर, पालघर जिलाधिकारी, अनिलकुमार पवार, आयुक्त, वसई-विरार महानगरपालिका, प्रज्ञा पाटील, भाजपा जिल्हाध्यक्ष, महेंद्र पाटील, पूर्व जिल्हाध्यक्ष अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे. बता दें कि स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे समन्वय स्थापित कर कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करें।

रेल पटरी के किनारे खड़ी इमारतें हो सकती हैं खतरनाक

- रेलवे ने मनपा से जर्जर इमारतों को हटाने की लगाई गुहार

महानगर संवाददाता
मुंबई

मानसून के दौरान मुंबई में पुरानी अथवा जर्जर इमारतें गिरती ही हैं। जिससे जानमाल का भी नुकसान होता है। मध्य रेलवे ने मनपा प्रशासन को सीएसटीएम से सैंडर्स रोड के बीच की पुरानी इमारतों को निष्काशित करने की गुहार लगाई थी। रेलवे का कहना है कि यह इमारतें धोकादायक साबित हो सकती है। रेलवे के निर्देश पर मनपा ने इस परिसर की पुरानी इमारतों का सर्वेक्षण किया,जिसमें 24 इमारतें पाई गई । अब इन इमारतों में रहने वाले रहवासियों को कहा स्थानांतरित किया जाए इसको लेकर सवाल खड़ा हो गया है। इन इमारतों की स्थिति खतरनाक है और ये रेलवे ट्रैक के बेहद करीब स्थित हैं। 24 इमारतों में से 16 निजी स्वामित्व में हैं और 8 इमारत सेस श्रेणी में आती हैं। महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवेलपमेंट अथॉरिटी म्हाडा के अंतर्गत आने वाले मुंबई बिल्डिंग रिपेयर एंड रीकंस्ट्रक्शन बोर्ड के अधीन हैं। मनपा अधिकारियों के अनुसार ये इमारतें रेलवे के बफर

जोन में आती हैं और इन्हें प्राथमिकता के आधार पर खाली कराना जरूरी है। हालांकि पुनर्वास को लेकर जिम्मेदारी तय नहीं हो सकी है। मनपा का कहना है कि इन रहवासियों को स्थानांतरित करने के लिए रेलवे को म्हाडा एमएमआरडीए अथवा मनपा घर खरीदकर इन्हें स्थानांतरित करना चाहिए, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से रेलवे सेवा बाधित न हो।

मनपा ने 24 इमारतों को मुंबई महानगरपालिका अधिनियम की धारा 353(8) के तहत नोटिस जारी किया था जिसमें उनसे स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया गया था।मनपा बी वार्ड के सहायक आयुक्त नितिन शुक्ला ने बताया कि ये इमारतें रेलवे पटरियों के बेहद पास स्थित हैं और रेलवे विभाग इस विषय में लगातार मनपा से संपर्क में है। उन्होंने कहा कि चूंकि ये संरचनाएं रेलवे बफर ज़ोन में आती हैं इसलिए इनका पुनर्वास करना रेलवे की प्राथमिक जिम्मेदारी बनती है। रेलवे का कहना है कि इन इमारतों में से कोई भी रेलवे की नहीं है और ये या तो निजी स्वामित्व में हैं या अन्य सरकारी एजेंसियों की हैं। रेलवे ने मनपा से इन जर्जर इमारतों को हटाने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा है। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्नील निला ने बताया कि ये इमारतें रेलवे ट्रैक के पास स्थित हैं और बेहद खतरनाक स्थिति में हैं। उन्होंने बताया कि पहले भी पश्चिम रेलवे के चर्नी रोड और ग्रांट रोड स्टेशन के बीच एक इमारत गिरने की घटना हुई थी जिससे ट्रेनों की आवाजाही बाधित हुई थी।

CHANGE OF NAME

I, Aryan Pundlik Gorade s/o No. 15682594N Rank Hav (occ) Name Gorade Pundlik D Attaatray serving in Dakshin Bharat Area Signal Company c/o 56 APO declared that please correct my name Aryan Pundlik Gorade instead of Aryan in service records of my father. Please Note.

PUBLIC NOTICE

The Public in general is hereby informed that my clients Mr. Champa B. Parmar/Mrs. Tanvi Mohd. Shareef Shaikh, is the owner of Flat No. 103, Oshiwara Sai Siddhi CHS Ltd., New Link Road, Oshiwara, Andheri (W), Mumbai - 400 053 and members of Oshiwara Sai Siddhi CHS Ltd., vide Registration No. MUM/MHADA/HSG/(T.C.)/12787/2008-2009, as such member holding Shares Certificate No. 32, of 5 shares of Rs. 50/- each bearing Dist. No. 156 to 160, (both inclusive) date of issue 31st March, 2001, which was lost/misplaced and that Mrs. Tanvi M. Shareef Shaikh has filed N.C. No. 0796/2025, dated 24.05.2025 complaint with Oshiwara Police Station. If any persons have any claim over the said Share Certificate or found the said original Share Certificate shall handover the same to me within 14 days of publication of this notice, failing which, it will be presumed that there is no claim and the same has been waived Sd/-

Nagesh L. Mendon
Advocate High Court
Mobile: **9820570128**

Place: Mumbai
Dt: 03/06/2025

राजनीति का सकारात्मक पक्ष

राजनीति में सिर्फ नकारात्मकता ही बची है ऐसा लगता है लेकिन सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने दिखाया है कि भारतीय राजनीति का एक सकारात्मक पहलू यह है कि जब भारत का नेता विदेश में जाता है तो वो सिर्फ भारतीय रह जाता है और उसके लिए अपनी दलगत राजनीति पीछे छूट जाती है। यह बात सभी के लिए नहीं कही जा सकती लेकिन इस सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में गए हुए विपक्षी नेताओं के लिए जरूर कही जा सकती है। राजनीति में नकारात्मकता के पीछे भागने वाले समाज और मीडिया के लिए ये अंचभा है कि विपक्षी नेता विदेशी धरती से मोदी की भाषा बोल रहे हैं। सोशल मीडिया के लिए तो यह ज्यादा परेशानी की बात है क्योंकि सोशल मीडिया में सिर्फ नकारात्मकता ही बची हुई है। वहां हर आदमी को अपने नेता और पार्टी के अलावा सब कुछ बुरा ही दिखाई देता है। सोशल मीडिया में कोई सच न तो देखता है और न ही समझता है। तर्क और तथ्य की बात सोशल मीडिया में करना बेमानी होता जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान की ऐसी बुरी गत बना दी थी कि न तो वो अपनी रक्षा करने के काबिल रहा और न ही उसके पास भारत पर आक्रमण करने की क्षमता बची। इसके बावजूद आज भी सोशल मीडिया में ज्यादातर वामपंथी, सेकुलर और मुस्लिम बुद्धिजीवी भारत को पाकिस्तान का डर दिखा रहे हैं। जब विदेशी मीडिया और विदेशी रक्षा विशेषज्ञ भी मान चुके हैं कि इस युद्ध में भारत की एकतरफा जीत हुई है तो ये लोग सोशल मीडिया में बता रहे हैं कि चीन के युद्धक विमानों से पाकिस्तान ने भारत के कई राफेल मार गिराए हैं। ये लोग आज भी भारत को पाकिस्तान को मिले चीनी हथियारों का डर दिखा रहे हैं। चीन ने पाकिस्तान को अपने स्टेल्थ विमान देने की बात कही है, इससे यह लोग इतना डरे हुए हैं कि अगर यह विमान पाकिस्तान में आ जाते हैं तो भारत को तबाह कर देंगे। भारत ने पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली समाप्त कर दी थी और इसके बाद भारत का हर विमान स्टेल्थ हो गया था। जब आप किसी के आकाश पर कब्जा कर लेते हैं तो आपका हर विमान स्टेल्थ बन जाता है और भारत ने ऐसा ही किया था। जहां भारत में भारत-पाक युद्ध को लेकर अलग ही राग अलापा जा रहा है, वही दूसरी तरफ सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में विपक्षी नेताओं ने पूरी दुनिया में भारत का पक्ष इस मुखरता और निष्पक्षता के साथ रखा है कि दुनिया को सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं में अंतर समझना मुश्किल हो रहा है। ऐसा लगता है कि ये भूल गए हैं कि विपक्षी नेता हैं और उनकी पार्टी देश मे कुछ और ही लाइन पर चल रही है। विशेष तौर पर कांग्रेस के नेताओं के बारे में तो ऐसा कहा ही जा सकता है कि विदेशी धरती पर ये नेता अलग भाषा बोल रहे हैं तो दूसरी तरफ कांग्रेस देश में अलग लाइन पर चल रही है। इन नेताओं को इससे कोई मतलब नहीं है कि देश में उनकी पार्टी किस लाइन पर चल रही है। उनके बयानों से ऐसा लगता है कि वो अपने मन की बात बोल रहे हैं। ये अजीब है कि जब यही नेता भारत में बोलते हैं तो लगता है कि ये कुछ देखना नहीं चाहते, समझना नहीं चाहते या इन्हें समझ नहीं आ रहा है। विदेशी धरती पर इनके भाषणों को सुनकर महसूस होता है कि उनकी राजनीतिक समझ कहीं से भी कम नहीं है लेकिन घरेलू राजनीति इनकी वास्तविक समझ का बाहर नहीं आने देती, पार्टी के अनुशासन के कारण उन्हें वही बोलना होता है जो इन्हें पार्टी ने कहा होता है। मेरा मानना है कि बहुत मुश्किल हो रहा होगा इन नेताओं के लिए कि विदेशी धरती पर उन्हें अपनी पार्टी लाइन से विपरीत जाकर अपने देश की बात को रखना पड़ रहा है। ऐसी मुश्किल भाजपा और एनडीए के दूसरे नेताओं की नहीं है क्योंकि उन्हें वही बोलना पड़ रहा है जो उनकी पार्टी की लाइन है। यही कारण है कि विपक्षी नेताओं के बयानों की मीडिया में बहुत ज्यादा चर्चा हो रही है लेकिन भाजपा नेताओं की कोई बात भी नहीं कर रहा है। भाजपा नेता जब वापिस आयेंगे तो उन्हें कोई समस्या नहीं आने वाली है लेकिन विपक्षी नेताओं को भारत आकर दोबारा अपनी बात से अलग हटकर बोलना मुश्किल होने वाला है। सवाल यह है कि क्या ये नेता यह नहीं जानते होंगे कि जो कुछ वो यहां बोल रहे हैं उन्हें इसके विपरीत जाकर देश में बोलना मुश्किल होगा। वास्तव में यह नेता जानते हैं कि विदेश में वो अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और उनके कंधों पर देश ने बड़ी जिम्मेदारी डाली हुई है। ये नेता अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए वही कर रहे हैं जो उन्हें करना चाहिए। ये विदेशी मीडिया और जनता के लिए बड़ा अजीब है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं के स्वर में कहीं भी विभिन्नता दिखाई नहीं दे रही है, सभी एक स्वर में अपनी बात रख रहे हैं। विदेशियों के लिए ये फर्क करना मुश्किल हो रहा है कि कौन सत्ता पक्ष से है और कौन विपक्ष से आया है। जहां भारत में मोदी सरकार की विदेश नीति को असफल करार दिया जा रहा है, वहीं ये नेता भारत की विदेश नीति को सफल बनाने का काम कर रहे हैं। देखा जाए तो ये नेता देश के लिए भी बड़ा मुश्किल काम कर रहे हैं क्योंकि पाकिस्तान को भारत पर हुए आतंकवादी हमलों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराना इतना आसान काम नहीं है। जो लोग भारत की विदेश नीति को असफल करार दे रहे हैं उन्हें अहसास नहीं है कि अपने ही देश के आतंकियों द्वारा हमला करने पर किसी दूसरे देश की संप्रभुता को दरकिनार करके उसके इलाकों पर हमला किया गया है। जो लोग कहते हैं कि दुनिया भारत के साथ नहीं खड़ी हुई उन्हें यह दिखाई नहीं दे रहा है कि पाकिस्तान पर हमला करने के बावजूद दुनिया भारत के खिलाफ खड़ी नहीं हुई है। यही भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी सफलता है लेकिन कोई यह समझने को तैयार नहीं है। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इसी काम को बेहतर तरीके से करने गया है कि भारत ने पाकिस्तान पर हमला नहीं किया है उसने सिर्फ उन आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया है जहां से भारत पर वर्षों पर हमला किया जा रहा है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ जो सैन्य कार्यवाही की है वो पाकिस्तानी हमले के जवाब में की गई है।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

विश्व सुंदरी बन गई, सूचाता ओपाल
इधर ताकते रह गए, गौड़ा-लालू ग्वाल
गौड़ा -लालू ग्वाल, अरे वो पप्पू भइया
इसमें भी तुम जिता न पाए दलित लुगइया
कह सुरेश चुप्पी साधे पी डी ए वाले
देखो जीत गए स्पर्धा बैंकाक वाले

लाल आतंक के गढ़ में लहरा रहा तिरंगा

2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले साल 2024 में नक्सलियों को चेताते हुए हथियार डालने को कहा था। इसके साथ ही उन्होंने एक डेडलाइन भी जारी की थी। जिसके बाद से नक्सलवाद के खिलाफ ऑपरेशन में तेजी आई। वहीं पिछले एक दशक में मिली इस सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर आए थे। वे यहां अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। वहीं उन्होंने एक डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह के डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं। नक्सलवाद शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से हुई है। इसकी शुरुआत स्थानीय जमींदारों के खिलाफ विद्रोह के रूप में हुई, जिन्होंने भूमि विवाद को लेकर एक किसान की पिटाई की थी। यह आंदोलन जल्द ही पूर्वी भारत के छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे कम विकसित क्षेत्रों में फैल गया। वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) को दुनिया भर में माओवादी और भारत में नक्सलवादी के नाम से जाना जाता है। वे सशस्त्र क्रांति के माध्यम से भारत सरकार को उखाड़ फेंकने और माओवादी सिद्धांतों पर आधारित साम्यवादी राज्य की स्थापना की वकालत करते हैं। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और केरल राज्यों को वामपंथी उग्रवाद प्रभावित माना जाता है। देश में भाजपा सरकार बनने के बाद 2015 में नक्सलवाद के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की नीति बनाई गई। तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने 8 सूत्रीय समाधान एक्शन प्लान बनाया। इसमें नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई और नक्सली इलाकों में विकास के काम एक साथ किए गए। नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकारों के विशेष बल, केंद्रीय सुरक्षा बलों, पुलिस ने मिलकर कार्रवाई की। इससे नक्सली

घटनाओं में जबरदस्त कमी आयी। 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे। वर्तमान में नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर 6 हो गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला- पश्चिमी सिंहभूम और महाराष्ट्र का एक जिला- गढ़चिरौली शामिल है। वर्ष 2025 में सुरक्षाबलों के ऑपरेशन में अब तक 287 नक्सली मारे जा चुके हैं। वहीं 865 ने समर्पण किया है और 830 गिरफ्तार हुए हैं। गत 21 मई को सुरक्षाबलों ने अबूझमाड़ में डेढ़ करोड़ के इनामी नंबला केशव उर्फ बसवराज को मार गिराया था। वह तीन दशक से सक्रिय था। इसे नक्सलियों का हाफिज सईद भी कहा जाता है। नक्सलियों के सरदार बसवा राजू के ढेर होने के बाद माओवादियों का हौसला पस्त हो गया है। इस बड़े एनकाउंटर के बाद दक्षिण बस्तर डिवीजन में 4 हार्डकोर नक्सलियों सहित 18 माओवादियों ने सरेंडर किया था। इसी तरह बीजापुर में 32 और तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। बासव राजू की मौत के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक्स पर लिखा था कि महासचिव स्तर के बड़े नक्सली नेता को मारा गया है। इस कामयाबी को हासिल करने वाला 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' भी सुर्खियों में है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज़ किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। अभी तक कुल 15 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज़ किया जा चुका है। वर्ष 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की कुल 16,463 घटनाएं हुई थीं, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में 2014 से 2024 के बीच हिंसक घटनाओं की संख्या 53 प्रतिशत घटकर 7,744 रह गई हैं। इसी प्रकार, सुरक्षाबलों की मृत्यु की संख्या 1851 से 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई और नागरिकों की मृत्यु की संख्या 70 प्रतिशत की कमी के साथ 4766 से 1495 रह गई है। वर्ष 2014 तक कुल 66 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन थे जबकि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में इनकी संख्या बढ़कर 612 हो गई है। इसी प्रकार, 2014 में देश में 126 ज़िले नक्सल प्रभावित थे, लेकिन 2024 में सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर मात्र 12 रह गई है। पिछले 5 वर्षों में कुल 302 नए सुरक्षा कैंप और 68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड बनाए गए हैं। नक्सली हिंसा में 2010 में 720 नागरिक मारे गए। 2024 में मरने वालों की संख्या घटकर 131 हो गई। नक्सली हिंसा में 2010 में 1005 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। 2024 में 150 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। यानि कि मरने वालों की संख्या में 85 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। नक्सली आर्थिक ढांचे जैसे कि रेलवे प्रॉपर्टी, पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर की इकाइयों, टेलीफोन एक्सचेंज, मोबाइल टॉवर, सड़क, स्कूल को निशाना बनाते रहे हैं। पर पिछले कुछ साल से इन घटनाओं में कमी आई है। 2010 में हमले की ऐसे 365 मामले थे, जो 2024 में घटकर 25 रह गए। पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह उन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के दबाव में नहीं आएगी, जो बंदूक उठाने वाले माओवादी उग्रवादियों का समर्थन करते हैं।

- डॉ. आशीष वशिष्ठ

डॉ. शिंदे में वैश्विक नजरिया रखने वाला कुशल नेतृत्व

भारतीय सांसदों का सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल शिवसेना सासंद डॉ. श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में इस वक्त यूएई, कांगो गणराज्य, लायबेरिया और सिएरा लिओन के दौरे पर है। पहलगाम हमले की घटना के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की, ऑपरेशन सिंदूर के यश और आतंकवाद को प्रोत्साहन देने वाले विश्वासघाती पाकिस्तान के असली चेहरे को वैश्विक नेताओं के सामने बेनकाब करने का काम यह प्रतिनिधि मंडल कर रहा है। आतंकवाद के खिलाफ मुहिम में यूएई और कांगो गणराज्य, सिएरा लिओन इन दोनों देशों को भारत के पक्ष में मोड़ने और उनका अधिकृत रूप से समर्थन प्राप्त करने में डॉ. श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व वाली प्रतिनिधि मंडल का बड़ा यश है। यह भारत के लिए सकारात्मक बात है। इस दौरे के दौरान अब तक तीन देशों के साथ राजनयिक बैठकें, चर्चा सत्र, विचार विमर्श से प्रतिनिधि मंडल के नेता सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व गुण को रेखांकित किया है। महाराष्ट्र का सुपुत्र अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व पूरे आत्मविश्वास के साथ और समर्थ रूप से कर रहा है यह पूरे महाराष्ट्र के लिए गौरव की बात है। डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे ने प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर केंद्र सरकार ने उन पर जो विश्वास दिखाया था उसे सार्थक साबित किया है। इस दौरे से सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे का वैश्विस दृष्टिकोण वाला ठोस व कुशल नेतृत्व सिद्ध हुआ है। शिवसेना सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे को सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व करने का अवसर मिला। इस मौके के आधार पर वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. भारत के आतंकवाद विरोधी मुहिम को बल प्रदान करने के लिए सर्वदलीय सांसदों का यह दौरा अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके साथ ही अफ्रिका महाद्वीप के विभिन्न देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने के नजरिए से सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सांसदों का प्रतिनिधि मंडल का यह दौरा निर्णायक साबित होने वाला है। उच्च शिक्षित, अध्ययनशील और नवीन विचारों को शीघ्रता से क्रियान्वित करने, अपने निर्वाचन क्षेत्र में जमीनीस्तर तक मजबूत जनसंपर्क रखने वाले सांसद के रूप में डॉ. श्रीकांत शिंदे की पहचान है।

ठाणे जिले के कल्याण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से लगातार तीन बार प्रचंड मतों से विजयी होने वाले सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व पर यहां की जनता ने पहले ही अपनी मुहर लगाई हुई है। शिवसेना के सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे पिछले 11 वर्षों से संसदीय राजनीति में महाराष्ट्र की बुलंद आवाज बने हुए हैं। सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे हमेशा विकास कार्यों और जनता की समस्याओं का समाधान करने को प्राथमिकता देते हैं। कल्याण निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते वक्त सिर्फ अपने संसदीय क्षेत्र तक विचार न करते हुए मुंबई महानगर और महाराष्ट्र की जनता के लिए क्या किया जा सकता है? इस प्रकार का व्यापक विचार रखते हुए डॉ. श्रीकांत शिंदे ने रेलवे परियोजनाओं, मेट्रो प्रकल्पों, सड़क, महामार्ग जैसे बुनियादी सेवाओं की परियोजनाओं, केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को राज्य में लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शिवसेना के मुख्य नेता व राज्य के मौजूदा उप मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे के सुपुत्र होने के बावजूद सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे सार्वजनिक जीवन में अपनी अलग पहचान निर्माण करने में सफल साबित हुए हैं। शिवसेना के मुख्य नेता श्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना पार्टी की कार्यप्रणाली यह राजा का बेटा राजा बनेगा वाली न होकर जो काम करेगा वह आगे बढ़ेगा, यहां कोई मालिक नहीं और कोई नौकर नहीं इस एकदम स्पष्ट व साफ विचारों पर चलती है। शिवसेना में सभी को अपना नेतृत्व विकसित करने का अवसर मिलता है। इस कसौटी से सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे को भी गुजरना पड़ा है। लगातार तीन बार सांसद होने के बाद केंद्र सरकार में मंत्री पद का मौका सामने से चल आया था, परंतु सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने बड़ी विनम्रता से उसे नकार दिया। मंत्रिपद देने के बदले पार्टी के संगठन का विस्तार कैसे होगा इस उद्देश्य से सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने स्वयं को पार्टी के लिए अर्पित कर दिया। सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने राज्य के विधानसभा चुनाव से पहले जनसंवाद दौरा कर पूरे राज्य के गली, मौहल्लों और इलाकों का दौरा किया। पार्टी के जमीनीस्तर के कार्यकर्ताओं, शाखा प्रमुख, विभाग प्रमुख, पदाधिकारियों से संवाद साधकर संगठन में उत्साह निर्माण किया। पार्टी के विस्तार में सक्रिय रूप से शामिल होकर राज्यभर में कार्यकर्ताओं की फौज निर्माण करने का उन्होंने काम किया। छह महीने पहले राज्य में विधानसभा चुनाव हुआ। तत्कालीन मुख्यमंमत्री श्री एकनाथ शिंदे का राज्यभर में प्रचार का तूफानी दौरा जारी था और दूसरी ओर सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने ठाणे, कल्याण और पालघर में जीत की रणनीति तैयार की। सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे द्वारा तैयार की गई चुनावी रणनीति की वजह से ठाणे, कल्याण और पालघर में शिवसेना का भगवा फहरा। सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने राज्यभर में कुल 103 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सभा और मीटिंग की। आचार संहिता घोषित होने से पहले 62 और चुनाव के दौरान 41 से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में सांसद श्रीकांत शिंदे ने दौरा करते हुए प्रचार किया। कल्याण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की 6 में से 5 विधानसभा सीटों पर महायुती को मिली जीत में डॉ. श्रीकांत शिंदे की रणनीति का बड़ा योगदान है। सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के वाकपटुता और नेतृत्व गुण को पहचान कर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे को सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधि मंडसल का नेतृत्व करने का अवसर प्रदान किया। कल्याण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से लगातार तीन बार विजयी सांसद युवा, तेज-तर्रार और आश्वासक चेहरे के रूप में लोकसभा में डॉ. श्रीकांत शिंदे की छाप है। शिवसेना राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार में भाजपा का सबसे भरोसेमंद मित्रदल है। पिछले ढाई वर्षों में मुख्यमंत्री पद की कमान जब श्री एकनाथ शिंदे के हाथों में थी जब निरंतन विकास कार्य कर केंद्रीय नेतृत्व का विश्वास जीतने में वे सफल रहे।

तनाव में जीते लोग

शरीर की चुस्ती-फुर्ती बनाए रखना आज के जमाने में बहुत जरूरी है। पहले के समय में और आज के समय में जहां तक जीवनशैली की बात है बहुत परिवर्तन आ चुका है। आज लोग खुद को बहुत ज्यादा तनाव में पाते हैं। बचपन से लेकर बुढ़ापे तक तनाव के अलग-अलग रूप हैं लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि जिस भारत देश में दुनिया की तुलना में सबसे ज्यादा युवा हों वहां उन्हीं युवाओं के बीच या बच्चों के बीच या महिलाओं के बीच मोटापा भी बढ़ रहा है। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण अर्थात एफएसएसएआई ने पूरे देशवासियों से मोटापे की बढ़ती समस्या के बारे में जागरूक बनने की अपील भी जारी की है। मेरा व्यक्तिगत तौर पर मानना है कि मोटापा सचमुच एक बड़ी समस्या है लेकिन शरीर में बढ़ती चर्बी को कम करने के साथ-साथ कंट्रोल भी किया जा सकता है और यह सब अपने खानपान की शैली से संभव किया जा सकता है। हालांकि युवा पीढ़ी में आजकल योगा तथा जिम के प्रति क्रेज भी बढ़ रहा है जो कि अच्छी बात है। हालांकि डॉक्टर आज के समय में बहुत ज्यादा सतर्क हैं और वे लोगों को अलर्ट भी करते रहते हैं। डॉक्टरों का मानना है कि मोटापा आने के पीछे कई कारण हैं। ज्यादा खाना-पीना और ज्यादा चीनी का प्रयोग करना इसके अलावा शारीरिक कसरत न करना भी मोटापे को खुला आमंत्रण है। मुझे आज भी याद है जब हम स्कूल में पढ़ते थे तब पीटी ड्रिल का एक अलग पीरियड प्रतिदिन हुआ करता था जिसमें बच्चों को शारीरिक फिटनेस के तहत हल्के-फुल्के व्यायाम कराए जाते थे। हर महीने अलग-अलग कंपीटीशन हैल्थ फिटनेस को लेकर भी कराए जाते थे, चाहे वह दौड़ हो या जंप संबंधी प्रतिस्पर्धा। आज का समय पुरानी परंपराओं से बहुत आगे निकल आया है। आज दुनिया कंप्यूटर को अंगीकार कर चुकी है। स्कूल से लेकर कॉलेज, यूनिवर्सिटी, घर से लेकर बाजार तक जीवन के हर क्षेत्र में मोबाइल का चलन बढ़ गया है। दुःख इस बात का है कि छोटे बच्चों में मोबाइल के प्रति क्रेज इस कदर है कि वे कई-कई घंटों मोबाइल पर ही व्यस्त रहते हैं। उनकी शारीरिक गतिविधियां कम हो रही हैं और सब कुछ मोबाइल पर केंद्रित होकर रह गया है। न्यूयॉर्क के कई वैज्ञानिकों ने यह निष्कर्ष निकाला है कि यूथ में मोटापा बढ़ने का बड़ा कारण मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल ही है। इतना ही नहीं कार्यालयों में कुर्सी पर चिपकर बैठे रहना और एक्सरसाइज न करना यह भी मोटापे का एक बड़ा कारण है। इस कड़ी में मैं पिछले दिनों प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात का उल्लेख करना चाहूंगी जिसमें उन्होंने बढ़ते मोटापे की समस्या पर चिंता की है और लोगों को तेलीय चीजों का सेवन सोच-समझकर करने की चेतावनी भी दी है। मोदी जी ने तो यह तक कह दिया कि अगर अपने खान-पान में दस प्रतिशत तेल की कमी कर दें तो मोटापा कंट्रोल किया जा सकता है। आज भी खुद प्रधानमंत्री 74 की उम्र पार कर लेने के बाद भी बहुत फिट हैं। आजकल आईपीएल में धूम मचा रहे विराट कोहली जो 36 की उम्र पार कर रहे हैं की फिटनेस देखकर लगता है कि वह 23-24 साल के युवा हों।

- डा.एच.एस. राठौर

आज का कार्टून

साभार

पर्यावरण के लिए घातक है प्लास्टिक

प्लास्टिक मानव समाज के लिए आवश्यक आवश्यकता हो चुका हैं। प्लास्टिक मनुष्यों के दिनचर्या के लिए उपयोगी हो चुका हैं । मानवीय समाज के लिए इसकी उपादेयता के साथ इसके हानिकारक प्रभाव भी हैं। भू - वैज्ञानिकों एवं पर्यावरणविदों के अनुसार ,प्लास्टिक बैग्स पराबैंगनी किरणों के संपर्क में आते हैं तो उनसे ग्रीनहाउस गैस(GHG)निकलती है ,जो अत्यधिक मात्रा में हानिकारक एवं अस्वास्थ्यप्रद हैं । प्लास्टिक एवं पॉलीथिन पालतू जानवरों, वन्यजीवों एवं समुद्रीजीवों के लिए अति खतरनाक एवं अत्यधिक हानिकारक हैं। प्लास्टिक बैग्स एवं प्लास्टिक खाने से प्रत्येक वर्ष लाखों जीव जंतुओं की मृत्यु हो जाती है. इन जानवरों में गाय, भैंस ,एवं दुधारू पशु हैं। प्लास्टिक समुद्री जीवों एवं जंतुओं के लिए भी हानिकारक होता है, इनके कारण बड़ी संख्या में व्हेल ,डॉल्फिन एवं कछुओं की मृत्यु होती है जो खाद्य पदार्थ के साथ प्लास्टिक के बैग्स खा जाते हैं जिससे उनकी अकाल मृत्यु हो जाती है। वैज्ञानिकों द्वारा अन्वेषित प्लास्टिक ने नागरिक समाज, नागरिक जीवन एवं पृथ्वी पर उपस्थित संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव डाला है। प्लास्टिक को विज्ञान ने हमारी आवश्यकताओं एवं सुविधाओं के लिए तैयार किया था लेकिन यह पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी के शत्रु के रूप में उपादेयता प्रदान कर रहा हैं। भू - तल से लेकर समुद्र तक, गांव से लेकर कस्बा तक एवं मैदान से लेकर पहाड़ तक प्लास्टिक का व्यापक प्रदूषण प्रभाव हैं। प्लास्टिक का दुष्प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। पेयजल एवं खाद्य पदार्थों में प्लास्टिक का प्रभाव है जिससे मानव स्वास्थ्य पर नकारात्मक एवं प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लोग यात्रा एवं अन्य प्रयोजनों में पॉलिथीन से बने लिफाफों एवं पन्नियों का अंधाधुंध इस्तेमाल करते हैं। यह प्रक्रिया मानव स्वास्थ्य एवं प्रकृति के लिए नुकसानदायक हैं। प्लास्टिक एक ऐसा अवशिष्ट है जो अविनाशी हैं। इसके इसी विशिष्टता के कारण यह प्रत्येक जगह अनंत समय तक बेतरतीब पड़ा रहता है एवं नष्ट नहीं होता हैं। यह मिट्टी एवं जल में विघटित नहीं होता है एवं जलने पर पर्यावरण को अत्यधिक प्रदूषण का प्रसार करते हैं। प्लास्टिक प्रदूषण में बहुत हानिकारक तत्व हैं। प्लास्टिक की थैलियां एवं प्लास्टिक बैग्स पानी में बहकर चले जाते हैं जिससे जलीय जीवों एवं जंतुओं को संक्रमित करते हैं एवं समुद्री जीव जंतुओं के जीवन पर खतरा खतरा मंडरा रहा हैं। इससे संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र खतरे में आ गया हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में हुए इस खतरे से पर्यावरण को अत्यधिक खतरा हैं जिससे समुद्री वातावरण में प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। प्लास्टिक मनुष्य के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा हैं। इसका चिंताजनक दुष्प्रभाव हैं कि यह मानव स्वास्थ्य पर निरंतर गंभीर खतरा उत्पन्न कर रहा हैं। मनुष्य पेयजल में भी प्लास्टिक मिश्रण वाला पानी पी रहे हैं, नमक में भी प्लास्टिक का मिश्रण खा रहे हैं। वैज्ञानिकों एवं पर्यावरणविदों के अध्ययन से यह स्पष्ट हो रहा है कि हृदय रोग से होने वाली मृत्यु के लिए प्लास्टिक में मौजूद 'थैलेटस' के संपर्क में आने के कारण वर्ष 2020 में हृदय रोग से 7 लाख से अधिक मृत्यु हुआ था। इस मृत्यु से होने वालों की अवस्था क्रमशः 55 से 64 वर्ष के बीच थी। 7 लाख लोगों में लगभग तीन-चौथाई दक्षिण एशिया ,पश्चिम एशिया, पूर्वी एशिया, एवं उत्तरी अमेरिका में हुई थी। न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों एकेडमिक विशेषज्ञों एवं शोधार्थियों के दल ने लगभग 201 देश एवं महाद्वीपीय क्षेत्रों में 'थैलेटस' के नकारात्मक प्रभाव के मूल्यांकन के लिए जनसंख्या सर्वेक्षणों से मनुष्य के स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण किया। इस अध्ययन में खास प्रकार के थैलेट्स पर गौर किया गया जिसका उपयोग खाद्य पदार्थों के कंटेनर जैसी वस्तुओं में प्लास्टिक को नरम बनाने के लिए किया जाता हैं जो मनुष्य के स्वास्थ्य को वृहद स्तर पर नुकसान एवं कठिनाई का सामना करना पड़ पड़ा था। थैलेट्स मनुष्य के शरीर में प्रवेश करके ऑक्सीजन के साथ क्रिया करके कार्बन मोनोऑक्साइड का निर्माण करके रक्तपरिशंचरण तंत्र को दूषित कर देता है एवं मनुष्य के स्वास्थ्य को अत्यधिक नुकसान पहुंचता है। प्लास्टिक बैग्स को बनाने के लिए जिन तत्वों की प्रधानता होती हैं, वह उच्च स्तरीय रसायन होता हैं, जो खाद्य सामग्री को बहुत शीघ्र सड़ा देता हैं। प्लास्टिक के कारण कृषिभूमि की उर्वरता का क्षरण हो रहा हैं, जिससे भूमि की उर्वरता नष्ट हो जाती है। इसके कारण भू - जल स्रोत एवं जल स्रोत भी अत्यधिक मात्रा में दूषित हो रहे हैं।

- डॉ. बालमुकुंद पांडेय

बिहार में 3 चरणों में हो सकते हैं विधानसभा चुनाव

- तारीखों में दिवाली-छठ का ध्यान रखा जाएगा
- 2020 में 3 फेज में हुई थी वोटिंग

महानगर नेटवर्क

पटना

इस साल के आखिर में बिहार विधानसभा का चुनाव होना है। सूत्रों की माने तो बिहार में चुनाव 3 चरण में हो सकते हैं। माना जा रहा है कि वोटिंग की डेट में दिवाली और छठ पर्व का ध्यान रखा जाएगा।

2020 का विधानसभा चुनाव 3 फेज में हुआ था। चुनाव आयोग की टीम इसी महीने बिहार जाएगी। हालांकि, अभी तारीख अभी तय नहीं है।

22 नवंबर को खत्म हो रहा नीतीश सरकार का कार्यकाल

नीतीश कुमार का कार्यकाल 22 नवंबर 2025 तक है। ऐसे में संभावना है कि सितंबर से अक्टूबर के बीच आचार संहिता लग जाएगी। माना ये भी जा रहा है कि

सितंबर के आखिरी हफ्ते से चुनाव की शुरुआत हो सकती है, जो पूरे अक्टूबर तक चलेगी।

अक्टूबर में तीन बड़े त्योहार हैं, ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि चुनाव तीन चरणों में कराए जा सकते हैं। नवंबर के पहले हफ्ते में नतीजे आ सकते हैं।

2020 में NDA ने सबसे ज्यादा 125 सीटें जीती थीं

2020 में बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे 10 नवंबर को घोषित किए गए थे। इसमें NDA ने 125 सीटें हासिल की थीं। तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 110 सीटें जीती थीं। RJD 75 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। इसके बाद BJP ने 74 सीटें जीतीं। मुख्यमंत्री उम्मीदवार नीतीश कुमार की पार्टी JDU ने तीसरी सबसे ज्यादा 49 सीटें जीती थीं। AIMIM ने 5 सीटों पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस ने 70 सीटों पर चुनाव लड़ा था, इसमें से वो 19 सीटों पर जीत हासिल कर पाई थी।

आरा से चुनावी शंखनाद करेंगे चिराग पासवान!

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों में तेजी लाते हुए लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने अपने चुनावी अभियान का बिगुल बजा दिया है। पार्टी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान 8 जून को आरा में 'नव संकल्प महासभा' के माध्यम से शाहाबाद और मगध अंचल के सात जिलों में अपनी पकड़ मजबूत करने का प्रयास करेंगे।

एक लाख से ज्यादा लोगों को जुटाने की है योजना

पार्टी ने इस महासभा को ऐतिहासिक बनाने का दावा किया है।33 विधानसभा सीटों को टारगेट करते हुए एक लाख से ज्यादा लोगों को जुटाने की योजना है। अरवल, औरंगाबाद, कैमूर और रोहतास जैसे जिलों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थकों को आमंत्रित किया गया है। अरवल जिला इस अभियान का मुख्य केंद्र होगा,जिसे पार्टी संगठन की दृष्टि से बेहद अहम मान रही है।

'नव संकल्प महासभा'से इन सात जिलों पर साधेंगे निशाना

2020 में उतारे थे 137 सीटों पर उम्मीदवार

गौरतलब है कि 2020 के विधानसभा चुनाव में लोजपा (रामविलास) ने अकेले 137 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे,जिससे खासतौर पर जेडीयू को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा था। ऐसे में इस बार भी लोजपा (आर) की रणनीति पर सभी की नजरें टिकी हैं।

'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' को जनता से जोड़ने की रणनीति

पार्टी प्रवक्ता राजू तिवारी ने बताया कि नव संकल्प महासभा सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक व्यापक अभियान की शुरुआत है। आने वाले समय में इसे बिहार के हर जिले में आयोजित किया जाएगा, उन्होंने दावा किया कि चिराग पासवान के 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' विजन से प्रभावित होकर युवा और बुद्धिजीवी बड़ी संख्या में लोजपा (रामविलास) से जुड़ रहे हैं।

चिराग के चुनाव लड़ने की अटकलें तेज

इस बीच चिराग पासवान के आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावनाओं पर भी चर्चा तेज हो गई है। राजू तिवारी ने संकेत दिया कि पार्टी कार्यकर्ताओं की इच्छा है कि चिराग मैदान में उतरें, और खुद चिराग भी इसके लिए इच्छुक हैं। उन्होंने कहा, "बिहार चिराग की नस-नस में है, और जनता उन्हें अपना नेतृत्वकर्ता मानती है।"

नीतीश के नेतृत्व पर अब भी कायम एनडीए में भरोसा

हालांकि सीएम फेस को लेकर भ्रम की स्थिति को स्पष्ट करते हुए पार्टी ने दोहराया कि लोजपा (आर) नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए के साथ चुनाव लड़ेगी,लेकिन साथ ही यह भी जोड़ा कि "हर पार्टी चाहती है कि उसका नेता मुख्यमंत्री बने, जैसे बीजेपी चाहती है, वैसे ही हम भी चाहते हैं।"

मधेपुरा में एक और मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा

गांव में बन रहा था मौत का सामान

महानगर नेटवर्क

मधेपुरा

मधेपुरा के उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा हुआ है। आनंदपुरा बराही पंचायत के आनंदपुरा गांव में पुलिस ने छापेमारी की और मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। गन फैक्ट्री चलाने वाला मनोज यादव मौके पर से फरार हो गया। देशी मास्केट, देशी कट्टा समेत भारी मात्रा में आधुनिक अर्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने वाला उपकरण बरामद किया है।

देशी मास्केट समेत कई हथियार बरामद

उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के आनंदपुरा बराही पंचायत के आनंदपुरा गांव में पुलिस ने छापेमारी की तो मिनी गन फैक्ट्री से एक देशी मास्केट,एक देशी कट्टा सहित भारी मात्रा में आधुनिक अर्धनिर्मित हथियार व हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए गए। दो लाख 33 हजार तीन सौ रुपए नगद भी मौके पर से जब्त किया गया।

मनोज यादव फरार, पत्नी गिरफ्तार

पुलिस पहुंची तो मौके पर से मिनी गन फैक्ट्री चलाने वाला मनोज यादव फरार हो गया। पुलिस ने मनोज यादव की पत्नी सुदामा देवी को मौके पर से गिरफ्तार किया. चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

क्या कहते हैं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी

मामले को लेकर उदाकिशुनगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने कहा कि मुख्यालय एवं कोसी प्रक्षेत्र के डीआईजी, मधेपुरा एसपी के निर्देश पर अपराधियों, अवैध धंधे और कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मिनीगन फैक्ट्री का खुलासा हुआ है। ताजा मामले में कार्रवाई चल रही है, उन्होंने कहा कि फरारियों की गिरफ्तारी से और खुलासे होंगे।

कड़ाके की धूप में निकले मुख्यमंत्री

मीठापुर-महुली एलिवेटेड पथ और पुनपुन सस्पेंशन ब्रिज को लेकर दिया आदेश

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार में इस साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फुल एक्शन मोड में दिख रहे हैं। इसी के साथ वे कड़ाके की धूप में भी अधिकारियों के साथ निकल पड़े हैं। दरअसल, इस दौरान सीएम नीतीश कुमार ने निर्माणाधीन मीठापुर-महुली एलिवेटेड पथ और पुनपुन सस्पेंशन ब्रिज के निर्माण कार्य का जायजा लिया। सीएम ने एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मीठापुर फ्लाईओवर गोलंबर पर रुककर अधिकारियों से विस्तार रूप से जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि,मीठापुर-महुली एलिवेटेड का निर्माण सिपारा पुल के ऊपर से होगा और यहां पर आकर मिलेगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिया आदेश

वहीं, निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने आदेश दिया कि, मीठापुर-महुली एलिवेटेड पथ के बचे हुए कार्य को तेजी से पूरा करें। इससे लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी, बाईपास में लगनेवाले जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी। पटना और पटना के बाहर जानेवाले लोगों को भी काफी सहूलियत होगी। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुनपुन सस्पेंशन ब्रिज के निर्माण कार्य का जायजा लिया।

पटना-गया पुराने पथ की स्थिति का भी लिया जायजा

इस दौरान सीएम ने कहा कि, इस क्षेत्र का आपने कायाकल्प कर दिया है. क्षेत्र के विकास के लिए आपने कोई कसर नहीं छोड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, पुनपुन घाट तक अब लोग आसानी से पहुंच सकेंगे और उन्हें पिंडदान करने में सहूलियत होगी। उनकी सारी सुविधाओं का ख्याल रखा गया है,उन्होंने कहा कि, हमारा इस क्षेत्र से पुराना लगाव है। हम हमेशा इधर आते रहे हैं। लोगों की सुविधाओं के लिए हम लगातार कार्य में लगे रहते हैं। मुख्यमंत्री ने महुली में बिहटा सरमेरा पथ तथा पटना-गया-डोभी पथ के क्रॉसिंग प्वाइंट अंडर पास के समीप रूककर निर्माणाधीन सर्विस रोड का निरीक्षण किया।

टूटने लगा INDIA गठबंधन

- अलग हो गई आम आदमी पार्टी
- बिहार चुनाव के लिए बना नया प्लान

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन INDIA को बड़ा झटका लगा है। AAP यानी आम आदमी पार्टी ने किसी भी गठबंधन में होने से इनकार कर दिया है। साथ ही कहा है कि बिहार में आप अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। खबर है कि दिल्ली चुनाव में करारी हार के बाद अब आप पंजाब पर फोकस कर रही है। साथ ही अरविंद केजरीवाल,मनीष सिसोदिया समेत पार्टी के शीर्ष नेता प्रचार के लिए रणनीति तैयार कर रहे हैं। आप के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक अनुराग ढांडा ने कहा, 'आप किसी गठबंधन में नहीं है। हमारे पास अपनी ताकत है। हम इसी पर आगे बढ़ रहे हैं।' INDIA गठबंधन को लेकर उन्होंने कहा, 'वो लोकसभा चुनाव के लिए थी। हम अब किसी ब्लॉक का हिस्सा नहीं हैं।'

क्या तैयारी में AAP

फिलहाल, आप कई राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए संगठन मजबूत करने पर काम कर रही है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पार्टी ने राज्यों को दो कैटेगरी में बांटा है। A कैटेगरी में वो राज्य हैं, जहां बड़े टिकट पर मुकाबला है और जहां राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी सक्रिय रहेंगे। इनमें गुजरात, हिमाचल प्रदेश, असम, उत्तराखंड, पंजाब, दिल्ली और गोवा शामिल है।

आरजेडी 11 जून से करेगी जनसंपर्क अभियान

- बिहार बिफोर एंड आफ्टर 1990 की बताएगी स्थिति
- नीतीश सरकार पर जमकर करेगी वार

महानगर नेटवर्क

पटना

आरजेडी ने 11 जून से राज्यव्यापी जनसंपर्क और संवाद कार्यक्रम की शुरुआत करने का ऐलान किया है। इस अभियान के माध्यम से जनता को 1990 से पहले और बाद के बिहार की स्थिति की जानकारी दी जाएगी।

युवा आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि यह विशेष अभियान आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन से शुरू होगा। इसका उद्देश्य बिहार की

जनता को न केवल तेजस्वी यादव के अब तक के कार्यकाल की उपलब्धियों से अवगत कराना है, बल्कि आने वाले समय में उनके नेतृत्व में प्रस्तावित योजनाओं और विकास मॉडल की भी जानकारी देनी है।

तेजस्वी यादव के कार्यों को विस्तार से बताएगी

राजेश यादव ने कहा, '1990 से पहले का बिहार किस स्थिति में था और लालू प्रसाद यादव के शासन के बाद बिहार में क्या बदलाव आए, इसे जनता के सामने लाया जाएगा। साथ ही, 17 महीने के उपमुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान तेजस्वी यादव ने जो काम किए, उन्हें भी विस्तार से बताया जाएगा'।

युवा आरजेडी पूछेगी कई सवाल

युवा आरजेडी इस अभियान के जरिए सरकार से यह भी सवाल पूछेगी कि 65 फीसदी आरक्षण लागू क्यों नहीं हो पाया। अब तक युवा आयोग का गठन क्यों नहीं हुआ। पार्टी का मानना है कि यह दोनों मुद्दे राज्य के युवाओं के भविष्य से सीधे जुड़े हुए हैं, और नीतीश सरकार की नीतियों ने युवाओं को सिर्फ निराश किया है।

भाई के साथ गर्लफ्रेंड के गांव पहुंचा प्रेमी

- प्रेमिका के घर वालों ने कर दिया खूनी कांड; एक की हत्या



नालंदा। नालंदा में अस्थावां थाना क्षेत्र के लखनु बिगहा गांव में प्रेम प्रसंग दो किशोरों पर लाठी-डंडे और चाकू से हमला कर दिया, जिसमें गंभीर रूप से घायल एक किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई,जबकि दूसरा घायल युवक नाजुक हालत में पटना के निजी क्लीनिक में भर्ती है। घटना अस्थावां थाना क्षेत्र की है, जिसने इलाके में सनसनी मच गई है। बताया जा रहा है कि प्रेम प्रसंग के मामले में इस वारदात को अंजाम दिया गया है। मृतक की पहचान गिरियक थाना क्षेत्र के तारोखर गांव निवासी वरुण कुमार के 14 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार के रूप में है। वहीं घायल किशोर की पहचान चुलिहारी गांव निवासी संजीत कुमार के पुत्र चंदन कुमार के रूप में हुई है। दोनों मौसेरे भाई बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों में चर्चा है कि चंदन कुमार का अस्थावां थाना क्षेत्र के लखनु बिगहा गांव निवासी कमिंद्र पासवान की बहन से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। रविवार को चंदन अपने मौसेरे भाई प्रीतम के साथ प्रेमिका से मिलने लखनु बिगहा पहुंचा था। इसी दौरान प्रेमिका के परिजनों से विवाद हो गया, जो धीरे-धीरे हिंसक झगड़े में तब्दील हो गया।

व्यापार

बैंकों से मिलने वाला कर्ज हो सकता है सस्ता

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

आम आदमी को जल्द और राहत मिल सकती है। इस महीने 4 से 6 जून को RBI की मौद्रिक नीति समिति (MPC) की बैठक होनी है। एक्सपर्ट्स के अनुसार इस बार भी ब्याज दारों यानी रेपो रेट में 0.25% कमी होने की पूरी संभावना है। इससे सभी तरह के लोन लेना सस्ता हो जाएगा।

इससे पहले हुई दो बैठक में 0.50% की कटौती हो चुकी है। इससे रेपो रेट गिरकर 6% पर आ गई है। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी में 6 सदस्य होते हैं। इनमें से 3 RBI के होते हैं, जबकि बाकी केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं।

सभी फैक्टर रेट कट के पक्ष में

एसबीआई सिक्युरिटीज के डिप्टी

वाइस प्रेसिडेंट सनी अग्रवाल ने बताया कि सभी फैक्टर रेट कट के लिए बिल्कुल मुफीद हैं। मानसून सामान्य रहने के आसार हैं। जीडीपी ग्रोथ स्थिर है। महंगाई काबू में है। रिटेल महंगाई जुलाई 2019 के बाद निचले स्तर पर है। पिछली बैठक में आरबीआई गवर्नर ने भी संकेत दिए थे कि महंगाई काबू में रहती है तो दरें और घट सकती हैं। इससे रियल एस्टेट और ऑटो सेक्टर को बूस्ट मिलेगा।

रेपो रेट के घटने से क्या बदलाव आएगा?

रेपो रेट घटने के बाद बैंक भी हाउसिंग और ऑटो जैसे लोन्स पर अपनी ब्याज दरें कम कर सकते हैं। आपके सभी लोन सस्ते हो सकते हैं और EMI भी घटेगी। ब्याज दरें कम होंगी तो हाउसिंग डिमांड बढ़ेगी। ज्यादा लोग रियल एस्टेट में निवेश कर सकेंगे।

रेपो रेट क्या है, इससे लोन कैसे सस्ता होता है?

RBI जिस ब्याज दर पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। रेपो रेट कम होने से बैंक को कम ब्याज पर लोन मिलेगा। बैंकों के लोन सस्ता मिलता है,तो वो अकसर इसका फायदा ग्राहकों को पास कर देते हैं। यानी,बैंक भी अपनी ब्याज दरें घटा देते हैं।

सेंसेक्स 77 अंक गिरकर 81,373 पर बंद

मुंबई। शेयर बाजार में आज यानी 2 जून को गिरावट रही। सेंसेक्स 77 अंक गरिकर 81,373 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं नफ्टि में भी 34 अंक की गरिावट रही। ये 24,716 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में गरिावट और 11 में तेजी है। बैंकगि, ऑटो और IT शेयर में गरिावट रही। वहीं FMCG और एनर्जी शेयर्स में बढ़त देखने को मलिी है। लग्जरी होटल चेन 'द लीला' की पेरेंट कंपनी श्लॉस बैंगलोर लमिटिेड का शेयर आज NSE पर 1.20 रुपए (0.28%) की गरिावट के साथ 433.80 रुपए पर बंद हुआ।

2000 का नोट बंद हुए हो गए दो साल

RBI ने बताया अब भी वापस नहीं आए 6,181 करोड़

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 2000 रुपये के नोट बंद करने के दो साल बाद भी इसके 6,181 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी प्रचलन में हैं। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी मिली. ये 2000 रुपए के नोट अब भी वैध मुद्रा हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2000 रुपये के बैंक नोट को प्रचलन से वापस लेने की 19 मई 2023 को घोषणा की थी। आरबीआई ने बयान में कहा,19 मई 2023 को कारोबार बंद होने पर 2000 रुपये के प्रचलन में रहे नोट का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था जो 31 मई को कारोबार बंद होने पर घटकर 6,181 करोड़ रुपये रह गया।

19 मई 2023 तक इतने नोट आए वापस

केंद्रीय बैंक ने कहा, इस प्रकार 19

मई 2023 तक प्रचलन में रहे 2000 रुपए के 98.26 प्रतिशत बैंक नोट वापस आ चुके हैं। इन बैंक नोट को जमा करने और/या बदलने की सुविधा सात अक्टूबर 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। अब केवल भारतीय रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में यह सुविधा उपलब्ध है। आरबीआई के निर्गम कार्यालय नौ अक्टूबर 2023 से लोगों तथा संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के बैंक नोट स्वीकार कर रहे हैं.

अभी भी मार्केट में मौजूद हैं इतने नोट

रिपोर्ट के अनुसार बेशक 98.26 प्रतिशत 2000 रुपए के नोट वापस आ गए हैं, लेकिन 6,181 करोड़ रुपए के 2000 के नोट मार्केट में मौजूद हैं। आपको बता दें 6,181 करोड़ रुपए के 2000 के इन नोट की संख्या करीब 3 करोड़ के आसपास है। अगर आपके पास भी नोट मौजूद है तो आप इसे पोस्ट ऑफिस के जरिए वापसी के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पास वापस भेज सकते हैं।

इसके अलावा, लोग देश के किसी भी डाकघर से भारतीय डाक के जरिये 2000 रुपये के नोट को अपने बैंक खातों में जमा कराने के लिए किसी भी आरबीआई कार्यालय में भेज सकते हैं।

सोना 837 बढ़कर 96,192 पर पहुंचा

नई दिल्ली। सोने के दाम में आज यानी 2 जून को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 837 बढ़कर 96,192 पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 95,355 प्रति 10 ग्राम थी।

हालांकि, चांदी का भाव66 कम होकर 97,392 हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 97,458 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

टेस्ला फिलहाल भारत में कारें नहीं बनाएगी

नई दिल्ली। इलॉन मस्क की इलेक्ट्रिक कार मेकर कंपनी टेस्ला फिलहाल भारत में कारें बनाने की योजना नहीं बना रही है। भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि टेस्ला सिर्फ दो शो रूम खोलना चाहती है, मैन्युफैक्चरिंग में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है। कंपनी ने मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में शो रूम के लिए जगह फाइनल की है और 25 से ज्यादा लोगों की भर्ती भी कर ली है, लेकिन लोकल प्रोडक्शन अभी कंपनी के एजेंडे में नहीं है। इलॉन मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला भारत में अपनी एंट्री डायरेक्ट-टू-कस्टमर (D2C) बिजनेस करेगी। इसका मतलब यह हुआ कि कंपनी भारत में कार बनाने की जगह सीधा अमेरिका से इंपोर्ट कर अपने भारतीय स्टोर्स से बेचेगी।

एअर इंडिया ने टर्किश कंपनी के साथ कॉन्ट्रैक्ट खत्म किया

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

एअर इंडिया ने अपने बोइंग 777 विमानों का मेंटेनेंस करने वाली कंपनी टर्किश टेक्निक के साथ कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर दिया है। ये फैसला तुर्किये के पाकिस्तान को सपोर्ट करने के बाद लिया गया है।

कंपनी के CEO और MD कैंपबेल विल्सन ने NDTV से कहा, अगर मौजूदा हालात में बिजनेस जारी रखने में दिक्कत है, तो हम विकल्प तलाशेंगे। हम जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहते हैं। CEO ने बताया कि

कुछ विमान पहले से तुर्की में मेंटेनेंस के लिए भेजे जा चुके हैं। बाकी विमानों की सर्विसिंग के लिए अब भारत सरकार की कंपनी AIESL, अबूधाबी और सिंगापुर जैसे विकल्प देखे जा रहे हैं। दरअसल ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया था, जिसमें टर्किश ड्रोन उपयोग किए गए थे। तभी से सरकार टर्किश कंपनियों के खिलाफ सख्त रुख अपना रही है। इससे पहले डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन यानी DGCA ने 30 मई (शुक्रवार) को कहा कि इंडिगो की टर्किश एयरलाइंस के साथ लीज ड्यूरेशन को आखिरी बार सिर्फ तीन महीने के लिए बढ़ाया जा रहा है।

क्या IRCTC के तत्काल सिस्टम में होता है तगड़ा फ्रॉड,सर्वे में हुआ खुलासा

मुंबई। इंडियन रेलवे ने पैसेंजर्स की सहूलियत के लिए तत्काल टिकट सुविधा की शुरुआत की थी,ताकि अगर किसी को तुरंत कहीं जाना पड़े तो वह इस सुविधा का लाभ उठाकर यात्रा कर सके। इस सुविधा का सबसे बड़ा उद्देश्य तत्काल ट्रेन बुकिंग को आसान और अधिक ट्रांसपेरेंट बनाना था। इसका टारगेट दलालों को रोकना और ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से सभी यात्रियों के लिए उचित पहुंच सुनिश्चित करना था। हालांकि,अब कई पैसेंजर्स का कहना है कि ऑनलाइन तत्काल टिकट प्राप्त करना लगभग असंभव है। समय पर लॉग इन करने और जल्दी से भुगतान पूरा करने के बावजूद, अक्सर

टिकट बुक नहीं होते हैं। इसके बजाय, यात्रियों को वेटिंग लिस्ट या बिना टिकट के रहना पड़ता है। कई यात्रियों का मानना है कि एजेंट विशेष सॉफ्टवेयर या अंदरूनी मदद का उपयोग करके तत्काल टिकट तेज़ी से बुक कर लेते हैं। लोकल सर्किल के अनुसार, एक रुटीन पैसेंजर ने दावा किया कि 2014 में, तत्काल टिकट मिलने की संभावना 90 प्रतिशत से अधिक थी। अब, यह घटकर सिर्फ़ 1-5 फीसदी रह गई है। 2015 में, नियमित टिकट बुकिंग के बारे में इसी तरह की शिकायतों के बाद, रेल मंत्रालय ने जांच की,उन्होंने पाया कि कुछ एजेंट और रेलवे कर्मचारी फर्जी नामों का इस्तेमाल करके सीटें ब्लॉक करने के लिए खामियों का फायदा उठा रहे थे।

भारतीय रेलवे तत्काल से इतनी कमाई क्यों करता है?

2019 से 2024 तक,भारतीय रेलवे ने माल ढुलाई से 7.02 लाख करोड़ रुपए और यात्रियों से 2.41 लाख करोड़ रुपए कमाए। इसका एक बड़ा हिस्सा तत्काल और प्रीमियम तत्काल टिकटों से आया। इन हाई डिमांड-मांग वाले टिकटों की कीमत रेगुलर फेयर से तीन गुना तक अधिक हो सकती है। पैसेंजर्स के लिए अब तत्काल टिकट बोझ बन चुका है। वो भी तब जब सरकार को इससे काफी ज्यादा कमाई होती है।

महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं डांगट मीडिया प्रा.लि., 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

मदनी के विरोध के बावजूद यूपी के मदरसों में होगी मॉडर्न पढ़ाई

योगी सरकार पाठ्यक्रम में करेगी बदलाव

महानगर संवाददाता
लखनऊ

जमीयत उलेमा ए हिंद अरशद मदनी के विरोध के बीच योगी सरकार ने मदरसों के सिलेबस को लेकर बड़ा फैसला लिया है। उत्तर प्रदेश सरकार मदरसा शिक्षा प्रणाली में बेहतर शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम में बदलाव करने जा रही है।

मॉडर्न एजुकेशन के तहत हिंदी अंग्रेजी गणित विज्ञान जैसे विषयों अनिवार्य किया जाएगा। पहले यह ऑप्शनल थे। उत्तर प्रदेश सरकार ने मदरसा शिक्षा में सुधार और सुचारू संचालन के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित की गई है। डायरेक्टर, अल्पसंख्यक कल्याण को उच्च स्तरीय कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। कमेटी में अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, वित्त और न्याय विभाग के विशेष सचिव सदस्य होंगे। उच्च स्तरीय कमेटी कक्षा 9 से 12 तक के मदरसा शिक्षा के पाठ्यक्रम का पुनर्निर्धारण करेगी।

मदरसे सिर्फ दीन की तालीम के लिए

मान्यता की शर्तों का पुनः निर्धारण होगा!

मदरसों में छात्रों की संख्या के अनुरूप शिक्षकों की व्यवस्था नई शिक्षकों का चयन विषय बार शिक्षकों का समायोजन जैसे विषयों पर भी कमेटी रिपोर्ट देगी। मदरसे में कार्यरत शिक्षकों को विषयवार योग्यता को चिन्हित कर उनका प्रशिक्षण व ब्रिज कोर्स कराया जाएगा। मदरसों की मान्यता की शर्तों का पुनः निर्धारण किया जाएगा। समिति एक माह में उच्च स्तरीय अपनी रिपोर्ट देगी। इससे पहले इस मामले में अरशद मदनी अपना विरोध दर्ज करा चुके हैं। जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी का कहना है कि मदरसे सिर्फ दीन की तालीम के लिए हैं, वहां मॉडर्न शिक्षा नहीं दी जानी चाहिए।

समिति के आदेश में आवश्यक सुधार पर जोर

एक आदेश में कहा गया है कि उक्त समिति की संस्तुति के आलोक में मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम-2004 एवं उत्तर प्रदेश अशासकीय अरबी और फारसी मदरसा मान्यता प्रशासन और सेवा विनियमावली-2016 में यथावश्यक संशोधन किये जाने हेतु कार्यवाही की जाएगी। समिति - कक्षा 09-12 तक के कक्षाओं हेतु विषयों एवं पाठ्यक्रम का पुनर्निर्धारण, मदरसे में छात्रों की संख्या के अनुरूप शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु नए शिक्षकों की चयन प्रक्रिया और स्थानान्तरण हेतु नीति-निर्धारण तथा छात्र/शिक्षक अनुपात के आधार पर विषयवार शिक्षकों का समायोजन पर संस्तुति देगी। इसके साथ ही समिति मदरसे में कार्यरत शिक्षकों को कक्षा 1-5 अथवा कक्षा 6-8 में उपयोग करने की व्यवस्था तथा उनकी विषयवार योग्यता को चिह्नित कर उनका प्रशिक्षण एवं ब्रिज कोर्स कराकर उन्हें आधुनिक विषयों से जोड़ा जाना, मान्यता की शर्तों का पुनः निर्धारण, मदरसों के सुचारू संचालन और शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा तथा विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए आवश्यक सुधार पर अपनी सलाह देगी।

चंद्रशेखर की टिप्पणी पर मायावती का पलटवार

बरसाती मेंढक नहीं कर सकते हैं आपका भला

महानगर संवाददाता
लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद द्वारा आकाश आनंद को लेकर कसे तंज पर पलटवार करते हुए कहा कि बसपा को कमजोर करने वाले संगठन और दल बरसाती मेंढक की तरह हैं, जो विधायक, सांसद या मंत्री क्यों ना बन जाएं, इनसे समाज का कुछ भला होने वाला नहीं है।

बसपा सुप्रीमो ने सोमवार को जारी अपने बयान में कहा कि देश में बसपा ही बहुजन हित की एकमात्र आंबेडकरवादी पार्टी है। पार्टी हित में लोगों पर कार्रवाई करने व पश्चाताप करने पर उन्हें वापस लेने की परंपरा है। इसी क्रम में आकाश आनंद के उतार-चढ़ाव व उन्हें मुख्य नेशनल कोआर्डिनेटर बनाने से बहुत से लोगों में बेचैनी स्वाभाविक है। पार्टी को उम्मीद है कि अब आकाश आनंद डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं कांशीराम के आत्म-सम्मान के कारवां को आगे बढ़ाने व उनके सपनों को साकार करने की जिम्मेदारी पूरी तनम्यता व जी-जान से निभाएंगे।

पार्टी को अवसरवादी व स्वार्थी लोगों की कतई जरूरत नहीं है।

उन्होंने चंद्रशेखर आजाद का नाम लिए बिना कहा कि वैसे भी कांग्रेस, भाजपा व सपा आदि पार्टियों के सहारे व इशारे पर चलकर बहुजनों की एकता व बसपा को कमजोर करने वाले बरसाती मेंढकों की तरह के संगठन व दलों के नेता चाहे निजी स्वार्थ में विधायक, सांसद व मंत्री क्यों ना बन जाएं, इनसे समाज का कुछ भला होने वाला नहीं है। लिहाजा लोग इनसे सावधान रहें। बता दें कि चंद्रशेखर आजाद ने रविवार को कहा था कि आकाश आनंद को जनता नकार चुकी है। उन्हें मजबूरी में निकाला और रखा जा रहा है। बसपा के पास और कोई विकल्प नहीं है।

बसपा में आकाश आनंद की दोबारा वापसी पर चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि जनता उन्हें नकार चुकी है। मजबूरीवश उन्हें निकाला और लिया जा रहा है। उनके पास कोई विकल्प नहीं है। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती का मैं सम्मान करता हूं। कांशीराम और भीमराव अंबेडकर के मिशन को अब हमारी पार्टी पूरा करेगी। चंद्रशेखर ने कहा कि बाबा साहब कहते थे कि मुर्दा लोग मिशन नहीं चलाते और जिंदा मिशन को नहीं छोड़ते। कांशीराम के संदेश और मिशन को आगे बढ़ने का काम आजाद समाज पार्टी कर रही है। एमपी-एमएलए और मंत्री बनना हमारा सपना होता, तो हमारी पार्टी के प्रथम पंक्ति में बैठे लोग आज किसी पार्टी में मंत्री होते।

बांग्लादेशियों की मौजूदगी के इनपुट पर छापा, 600 लोग फरार

प्रयागराज। करेली के जीटीबी नगर में अवैध रूप से बांग्लादेशी नागरिकों के रहने का इनपुट मिलने के बाद रविवार को पुलिस टीम हरकत में आई। इसके बाद करेली थाने की फोर्स मौके पर सत्यापन के लिए पहुंची तो बस्तियों में अफरातफरी मच गई। इस दौरान करीब 600 लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि उनके बारे में पता लगाया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से आए हजारों लोगों ने जीटीबी नगर मोहल्ले में झुग्गियां बसा ली हैं। इन लोगों ने स्थानीय पते पर आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र भी बनवा लिए हैं। इससे वह सरकारी सुविधाओं का लाभ भी उठा रहे हैं। पुलिस को

इनपुट मिला कि इनके बीच में कुछ बांग्लादेशी नागरिक भी हो सकते हैं। पुलिस का कहना है कि सत्यापन के दौरान करीब 600 से अधिक लोग बस्ती से अचानक गायब हो गए। थाना प्रभारी राजेश मौर्य ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिकों की मौजूदगी की सूचना पर यह सत्यापन अभियान चलाया गया था। गायब हुए लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है और सत्यापन का कार्य अभी जारी है। स्थानीय निवासियों से पूछताछ भी की जा रही है।

DGP बनने के बाद IPS राजीव कृष्ण ने की प्रेस वार्ता

पांच अहम मुद्दों पर फोकस करेगी पुलिस

महानगर संवाददाता
लखनऊ

उत्तर प्रदेश पुलिस के नवनियुक्त कार्यवाहक महानिदेशक आईपीएस राजीव कृष्ण ने 2 जून, सोमवार को पहली प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए बताया कि राज्य की पुलिस पांच अहम मुद्दों पर फोकस करेगी और जनसेवा के लिए तत्पर रहेगी।

एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कार्यवाहक डीजीपी ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े पुलिस बल का नेतृत्व प्रदान करते हुए मुझ पर विश्वास जताने के लिए मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार व्यक्त करना



चाहता है। यह एक बडी जिम्मेदारी है, और मैं उत्तर प्रदेश पुलिस को उत्कृष्टता की अभूतपूर्व ऊंचाइयों की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों में मुख्यमंत्री के ऊर्जावान नेतृत्व व मार्गदर्शन से पुलिसिंग की दिशा स्पष्ट रही है। इस दिशा में ये कार्य उनके मार्गदर्शन में नए जोश और रणनीतिक जोर के साथ जारी रहेंगे।

राजीव कृष्ण ने कहा कि अपराध/अपराधियों के खिलाफ जीरो सहिष्णता की नीति हम अपराध और अपराधियों के खिलाफ एक अडिग रुख बनाए रखेंगे, संगठित अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। यह नीति हमारी कानून प्रवर्तन रणनीति की आधारशिला होगी, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाना है।

आईपीएस राजीव कृष्ण ने कहा कि सभी रूपों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम और समाधान पर विशेष जोर दिया जाएगा। हमारी पहल महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी सुरक्षा और संरक्षा की भावना को बढ़ाने की दिशा में होगी। डीजीपी ने कहा कि जन शिकायतों का सफल समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। हम हर स्तर पर सभी शिकायतों से निपटने में बहुत सहानुभूतिपूर्ण और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाएंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि नागरिकों की आवाज सुनी जाए और उसका तुरंत समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि कानून और व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के प्रति बिल्कुल भी सहनशीलता नहीं बरती जाएगी. हम हर कीमत पर कानून के शासन को बनाए रखेंगे, राज्य के हर हिस्से में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

यूपी पुलिस में जल्द होगी 20 हजार की नई भर्ती

महानगर संवाददाता
लखनऊ

डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि पुलिस फोर्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में दक्ष बनाया जाएगा। जल्द शुरू होने वाली 60244 सिपाहियों की ट्रेनिंग में एआई को शामिल किया जाएगा, ताकि वे नई चुनौतियों से निपट सकें। महिलाओं को सुरक्षा और संरक्षा देकर उन्हें सशक्त बनाने का पूरा प्रयास होगा। वे सोमवार को पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। प्रदेश की जनसुनवाई प्रणाली (आईजीआरएस) को देश में सबसे अच्छा बताते हुए कहा कि इसका बेहतर उपयोग सुनिश्चित कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। बीते 8 साल में पुलिस की दिशा और दशा सराहनीय रही है। अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करते हुए आम नागरिकों को सुरक्षित माहौल देना मेरी प्राथमिकता रहेगी। महिला अपराध की रोकथाम के साथ समाधान पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। हर कीमत पर कानून के राज को बनाए रखा जाएगा। कहा, कोरोना महामारी के बाद साइबर क्राइम बड़ा खतरा बनकर उभरा है। इसके मामले तेजी से बढ़े हैं। इस पर प्रभावी लगाम लगाई जाएगी। पुलिसकर्मियों को सेवाकालीन प्रशिक्षण भी कराया जाएगा ताकि वे भविष्य की चुनौतियों से निपट सकें।

राम मंदिर का दूसरा प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज से

महानगर संवाददाता
अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि में तीन जून को सुबह 6:30 बजे से दूसरे प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरुआत हो जाएगी। तीन जून से शुरू होकर पांच जून तक चलने वाले इस समारोह में राम जन्मभूमि के पहले तल पर राम दरबार, परकोटा के छह मंदिर शिवलिंग, गणपति, हनुमान, सूर्य, भगवती और अन्नपूर्णा, साथ में शेषावतार मंदिर, इन आठ मंदिरों में देव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। मुख्य समारोह और विशेष अनुष्ठान पांच जून को सुबह 11:25 बजे होगा। इस दौरान प्राण प्रतिष्ठा का अंतिम पूजन किया जाएगा। इसके बाद

भोग, आरती होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।

प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव के पहले राम मंदिर के स्वर्ण शिखर दमकने लगे हैं। इसी तरह से राम मंदिर के पांचों मंडप नृत्य मंडप, रंग मंडप और गूढ़ी मंडप के अलावा प्रार्थना और कीर्तन मंडप के शिखर कलश भी स्वर्णिम आभा युक्त होकर चमक रहे हैं। इस बीच ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का बड़ा बयान आया है। तीन,चार,पांच जून को किसी को आमंत्रित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या ना आए। वही लोग अयोध्या आएं जिन्हें राम लला का दर्शन करना हो।

लखनऊ के श्रेयस ने किया यूपी टॉप

लखनऊ। जेईई एडवांस के नतीजे सोमवार को जारी कर दिए गए। लखनऊ के श्रेयस लोहिया को यूपी में पहला स्थान मिला है। उन्होंने देश में 68वीं रैंक हासिल की। श्रेयस के पिता गजेंद्र लोहिया लखनऊ दूरदर्शन में कार्यरत हैं। श्रेयस के पिता ने एक मीडिया संस्थान से बातचीत में कहा कि बेटे की सफलता से वह बहुत खुश हैं। मां विनीता लोहिया ने कहा कि बेटे का पहले भी परिणाम बेहतर था। इस बार उसे पहले से भी बड़ी सफलता मिली है। हम लोगों ने बेटे को समय से पढ़ने के लिए प्रेरित किया। लेकिन, कभी उस पर दबाव नहीं बनाया।

एक तरफा प्यार में युवक की खौफनाक हरकत

महानगर संवाददाता
मुरादाबाद

20 वर्षीय युवती को चाकू से गोदा

जिले से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक तरफा प्यार में असफल युवक ने 31 मई की देर शाम 20 वर्षीय युवती की बर्बरतापूर्वक हत्या कर दी। पहले गला घोंटा फिर प्राइवेट पार्ट समेत 45 जगहों पर चाकू से गोदा। वारदात के बाद आरोपी ने शव मक्के के खेत में फेंककर फरार हो गया। घटना की सूचना पर एसएसपी सतपाल अंतिल और एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही युवक रफी के

खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।

ये घटना मैनाठेर थाना क्षेत्र का है। आले हसन की 21 साल की बेटी सायरा शुक्रवार शाम बकरियों के लिए घास लेने खेत गई थी। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजन उसकी तलाशी में जुट गए। रविवार सुबह जब मां शफीना और भाई जीशान जब्बार मक्के के खेत पहुंचे तो वहां सायरा का शव खून से लथपथ पड़ा मिला। इसकी सूचना मिलने के थोड़ी देर बाद ही सीओ बिलारी राजेश कुमार तिवारी और एसएचओ मैनाठेर किरनपाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उस समय तक मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। जब पुलिस पहुंची तो युवती का खून से लथपथ शव मक्के के खेत में पड़ा था। युवती के प्राइवेट पार्ट और गले के साथ हाथ पर चोट के कई निशान थे।

तीन आईपीएस अफसरों के तबादले

लखनऊ। यूपी में तीन आईपीएस अफसरों के तबादले हुए हैं। आईपीएस नीरा रावत को पुलिस महानिदेशक ईओडब्ल्यू के साथ-साथ यूपी 112 का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अभी तक वह नवप्रोन्नत पुलिस महानिदेशक/बाद्ध्य प्रतीक्षा के पद पर तैनात थीं। इसी तरह आईपीएस पीसी मीणा को पुलिस महानिदेशक सीएमडी के वर्तमान पद के साथ ही महानिदेशक कारागार प्रशासन और सुधार सेवाओं का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आईपीएस आशुतोष पांडेय को पुलिस महानिदेशक टेलीकॉम की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

शिक्षक भर्ती के लिए हाथ में रोटी लेकर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

प्रयागराज। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज में जारी शिक्षक भर्ती आंदोलन का एक वीडियो शेयर कर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा- प्रयागराज में शिक्षा चयन बोर्ड के सामने बेसिक शिक्षक के अभ्यर्थियों और लखनऊ के इको गार्डन में प्रदेश भर के शिक्षामित्रों के '2 जून को 2 जून की रोटी के संघर्ष' का प्रदर्शन सच में चिंतनीय है क्योंकि एक तरफ 7 सालों से शिक्षा चयन बोर्ड की बेसिक शिक्षकों की वैकेंसी नहीं आई है और दूसरी तरफ़ शिक्षा मित्रों को मात्र 11 महीने ही वेतन मिलता है और वो भी केवल 10 हज़ार प्रति माह।

काशी में एक साथ दिखेंगे सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, रोनाल्डो, मेसी और ललित

महानगर संवाददाता
वाराणसी

हॉकी वाराणसी के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह ने बताया कि ये दिग्गज खिलाड़ी एक साथ युवा खिलाड़ियों को संदेश देंगे कि जो खेलेगा वहीं खिलेगा। पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर इन मशहूर खिलाड़ियों के नाम पर परमानंदपुर मिनी स्टेडियम में पौधरोपण किया जाएगा। हर पौधे पर इन खिलाड़ियों का विवरण लिखा होगा।

इसके साथ ही यह भी अंकित होगा कि इनकी असाधारण क्षमता से समाज को क्या नई दिशा मिली।

खेल खेलने से समाज किस तरह से विकास की राह पर आगे बढ़ता है। ओलंपिक खेलों में उन्हीं देशों के खिलाड़ी अधिक पदक जीतते हैं, जिनका समाज विकसित है। ओलंपिक में भारत वर्ष 1900 से हिस्सा ले रहा है।

125 साल में भारत ने अब तक

ओलंपिक में वर्ष 1900 से हिस्सा ले रहा भारत

10 स्वर्ण पदक जीता है। जिनमें आठ हॉकी में तथा एक एक स्वर्ण पदक निशानेबाजी और एथलेटिक्स में हासिल किया है। अमेरिका, रूस, चीन, जापान और जर्मनी ने सैकड़ों पदक जीता है। डॉ. सिंह ने बताया कि परमानंदपुर मिनी स्टेडियम में हॉकी, हैंडबॉल, रग्बी फुटबाल, एथलेटिक्स और तैराकी के 300 से अधिक बालक-बालिका निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इन में 53 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। 23 खिलाड़ियों ने पदक भी जीता है।

21 शिक्षकों-कर्मचारियों से 36 किस्तों में होगी वसूली, नोटिश जारी

महानगर संवाददाता
कुशीनगर

जिले के बुद्ध इंटरमीडिएट कॉलेज कुशीनगर के प्रधानाचार्य समेत 21 शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन से माध्यमिक शिक्षा विभाग 62.84 लाख रूपए वसूल करेगा। मंडलीय आडिट टीम सप्तम मंडल गोरखपुर की जांच में इंक्रीमेंट बढा कर भुगतान करने का मामला उजागर हुआ है। उस रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त शिक्षा निदेशक सप्तम मंडल गोरखपुर ने डीआओएस कुशीनगर को पत्र जारी कर नियमानुसार वेतन निर्धारण से अधिक भुगतान की धनराशि 36 किस्तों में वसूल करने

का निर्देश दिया है। जेडी के आदेश पर डीआईओएस ने मई माह का वेतन जारी होने के कारण आगामी जून महीने से उक्त रकम को वेतन से वसूल करने का निर्देश देते हुये वित्त एवं लेखाधिकारी समेत सभी शिक्षकों व कर्मचारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। संतोष जवाब नहीं मिलने पर विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। संयुक्त शिक्षा निदेशक सप्तम मंडल गोरखपुर सतीश चंद सिंह ने पिछले 30 मई 2025 को डीआईओएस कुशीनगर को जारी पत्र में कहा है कि वित्त एवं लेखाधिकारी मंडलीय आडिट टीम सप्तम मंडल गोरखपुर की जांच रिपोर्ट 5 मई 2025 में खुलासा किया है कि बुद्ध इंटरमीडिएट कॉलेज कुशीनगर के प्रधानाचार्य समेत 17 शिक्षक, एक लिपिक व तीन परिचारक को मिलाकर कुल 21 शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मियों के अभिलेखों की जांच में अनियमितता उजागर हुई है।

ट्रक-कार की भिड़ंत में चार लोगों की मौत

महानगर संवाददाता
बाराबंकी

यूपी के बाराबंकी में भीषण हादसा हो गया। सोमवार को लखनऊ-बहराइच हाईवे पर तेज रफ्तार दौड़ रही अर्टिगा कार और ट्रक की भिड़ंत हो गई। कार आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। चीख-पुकार सुनकर राहगीर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी। कार में फंसे लोगों अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने प्रॉपर्टी डीलर, उनकी पत्नी और जीजा समेत 4 लोगों को मृत घोषित कर दिया। 2 बच्चों समेत 3 लोग घायल हैं। हादसा अंचल-चंचल ढाबा के पास हुआ।

पुलिस के मुताबिक, गोंडा के मालवीय नगर निवासी प्रॉपर्टी डीलर सुधीर मौर्य (35) अपनी पत्नी के भाई की सगाई में शामिल होने कानपुर गए थे। सगाई की

खुशियां मनाकर गोंडा लौट रहे थे। सोमवार सुबह साढ़े पांच बजे लखनऊ-बहराइच हाईवे पर रामनगर के पास कार की ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में सुधीर मौर्य उनकी पत्नी शांति, जीजा रमाशंकर और ड्राइवर अयान कुरैशी की मौत हो गई। कुशवाहा, अक्ष और अनवी गंभीर रूप से घायल हैं। सूचना पर पुलिस पहुंची ने एक घंटे की मेहनत के बाद जाम खुलवाया। घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

बेटी के लिए रिश्ता देखने गई मां ने की शादी, होने वाला दामाद ही बना पति

महानगर संवाददाता
शाहजहांपुर

जिले में अलीगढ़ के सास-दामाद जैसा मामला सामने आया है। जहां बेटी के लिए रिश्ता देखने गई महिला का दिल लड़के पर आ गया। दोनों की फोन पर बाते होने लगी। जिसके बाद दोनों ने मंदिर जाकर शादी रचा ली। जिसे महिला दामाद बनाने वाली थी उसे पति बना लिया। वहीं, ये घटना क्षेत्र में सुर्खियों में बना हुआ है।

ये मामला कलान तहसील के परौर थाना क्षेत्र के देवकली इलाके का है। यहां की रहने वाली महिला के पति का तीन साल पहले निधन हो चुका है। महिला चार बच्चों के साथ रहती थी। जानकारी के मुताबिक

महिला बेटी के लिए रिश्ता तय करने के बाद होने वाले दामाद से फोन पर बात करने लगी। इस बीच दोनों के बीच प्यार हो गया। इसके बाद दोनों ने सहमति के बाद शादी करने का फैसला लिया। फिर गांव के मंदिर में जाकर दोनों ने सात फेरे ले लिए।

महिला शादी के बाद पति के साथ जाने के बजाय अकेले अपने गांव पहुंची। लेकिन जब इस बारे में महिला के परिजनों से पूछा गया तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। वहीं, ये अनोखी शादी सुर्खियों में विषय बना हुआ है। गांव में चर्चा है कि जिसे दामाद बनाना था महिला ने उसे अपना पति बना लिया। इससे पहले अप्रैल महीने में बेटी की शादी से 10 दिन पहले एक सास होने वाले दामाद के साथ फरार हो गई थी। हालांकि गुजरात और बिहार रहने के कुछ दिन बाद दोनों गांव लौट आए थे। सास ने दामाद के साथ रहने का फैसला किया। लेकिन दोनों को गांव में घुसने नहीं दिया गया। युवक के पिता होरीलाल ने कहना था उन्हें ये रिश्ता उनको स्वीकार नहीं है। उनका बेटा मर गया है।

टनकपुर-बरेली पैसेंजर को पलटाने की साजिश

महानगर संवाददाता
बरेली

खुराफाती तत्वों ने रविवार रात बरेली-पीलीभीत रेलखंड पर भोजीपुरा थाना क्षेत्र के दोहना में 05307 टनकपुर-बरेली जंक्शन पैसेंजर ट्रेन को पलटने की साजिश की। शरारती तत्वों ने रेलवे ट्रैक की कैंची में पत्थर भर दिए और दो स्थानों पर टीआरडी लाइन अर्थ लाइन को क्षतिग्रस्त कर उसके लोहे के एंगल को ट्रैक पर रख दिया। लोको पायलट ने शक होने पर इमरजेंसी ब्रेक लेकर ट्रेन को रोक दिया। इससे हादसा होने से टल गया।

टनकपुर-बरेली जंक्शन पैसेंजर ट्रेन टनकपुर से प्रतिदिन रात 9:30 बजे

टनकपुर से चलने के बाद 12:55 बरेली जंक्शन आती है। यह ट्रेन रविवार रात 11:58 बजे दोहरा स्टेशन के पास पहुंची थी। लोको पायलट को ट्रैक क्लियर न होने की शक हुआ और उसने इमरजेंसी ब्रेक लेकर ट्रेन को रोक दिया।

बहुओं के जेवर लेकर प्रेमी संग फरार पति ने सीएम योगी से लगाई गुहार

ललितपुर। जनपद के थाना जखौरा सांकरवार कला की चार बहुओं की सास भगवती 30 वर्षीय प्रेमी के साथ अपनी बहुओं का जेवर लेकर फरार हो गई। अब महिला का पीड़ित पति पुलिस अधीक्षक की चौखट पर न्याय मांगता फिर रहा है और कह रहा है कि थाना जखौरा में पुलिस को शिकायत दी थी लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं पीड़ित पति ने इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी लेटर लिखा है। उन्होंने लेटर में बताया कि मैं ललितपुर का निवासी हूं। कृष्णपाल झां मेरी पत्नी भगवती को बातों में बहला-फुसला कर ले गया। जिसकी शियाकत मैंने जखौरा थाने में दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

भारत-पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट : PM मोदी

'भारत और पराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग हैं'

PM मोदी ने कहा, ''आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और पराग्वे एकजुट हैं। साइबर अपराध, संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी साझा चुनौतियों से लड़ने के लिए सहयोग की अपार संभावनाएं हैं।" प्रधानमंत्री ने पराग्वे को 'ग्लोबल साउथ' का अभिन्न अंग बताया। उन्होंने कहा, ''भारत और पराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग हैं। हमारी उम्मीदें, आकांक्षाएं और चुनौतियां समान हैं और यही कारण है कि हम इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकते हैं।"

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं और दोनों के पास साइबर अपराध तथा मादक पदार्थों की तस्करी जैसी साझा चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपार संभावनाएं हैं। PM मोदी ने पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासियोस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में यह टिप्पणी की। पालासियोस समग्र सहयोग बढ़ाने के तरीकों की खोज के लिए भारत की तीन-दिवसीय यात्रा पर सोमवार की सुबह दिल्ली पहुंचे। यह उनकी पहली भारत यात्रा है, जबकि दक्षिण अमेरिकी देश के किसी राष्ट्रपति की दूसरी यात्रा है। लैटिन अमेरिकी क्षेत्र में भारत के लिए पराग्वे एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है। ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र की कई भारतीय कंपनियां पराग्वे में मौजूद हैं। मोदी ने कहा कि हम डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, रक्षा, रेलवे, अंतरिक्ष और समग्र आर्थिक साझेदारी जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नये अवसर देखते हैं।

पतंजलि आयुर्वेद की याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट से खारिज

273 करोड़ जीएसटी पेनाल्टी से जुड़ा है केस

महानगर नेटवर्क

प्रयागराज

बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद की ओर से 273.5 करोड़ रुपये के जीएसटी नोटिस के खिलाफ दायर याचिका को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। जस्टिस शेखर बी सर्राफ और जस्टिस विपिन चंद्र दीक्षित की बेंच ने पतंजलि आयुर्वेद की इस दलील को मानने से इंकार कर दिया कि क्रिमिनल ट्रायल होने के बाद ही ऐसी पेनाल्टी लगनी चाहिए। अदालत ने कहा कि टैक्स अथॉरिटीज की तरफ से जीएसटी ऐक्ट के सेक्शन 122 के तहत पेनाल्टी लगाई जा सकती है। इसके लिए क्रिमिनल कोर्ट में किसी तरह के ट्रायल की जरूरत नहीं है। बेंच ने साफ कहा कि जीएसटी की पेनाल्टी का मामला सिविल प्रकृति का है। इसमें क्रिमिनल ट्रायल की कोई जरूरत नहीं है। बेंच ने कहा कि विस्तृत अध्ययन के बाद यह साफ है

कि सेंट्रल जीएसटी ऐक्ट के सेक्शन 122 के तहत संबंधित अधिकारी कार्यवाही को आगे बढ़ा सकता है। इसके लिए मुकदमे की जरूरत नहीं है। पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड की हरिद्वार, सोनीपत, और महाराष्ट्र के अहमदनगर में तीन यूनिट्स हैं। 'कंपनी की जांच तब शुरू हुई जब अधिकारियों को ऐसे लेन-देन की जानकारी मिली जो संदिग्ध थे और उन फर्मों से जुड़े थे जिनकी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की उपयोगिता तो अधिक थी लेकिन उनके पास कोई आयकर दस्तावेज नहीं थे।' दरअसल डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ गुड्स ऐंड सर्विसेज टैक्स इंटेलिजेंस ने 19 अप्रैल, 2014 को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

भारत के नक्शे कदम पर पाक

पाक ने ऑपरेशन सिंदूर का दुखड़ा सुनाने रवाना कर दिया अपना प्रतिनिधिमंडल

महानगर नेटवर्क

इस्लामाबाद

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को दुनिया के 33 देशों की यात्रा पर भेजा था। इस प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान को दुनिया के आगे बेनकाब कर दिया। इसके साथ ही ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी दुनिया को बता दिया गया। अब भारत की नकल करते हुए पाकिस्तान ने भी अपने प्रतिनिधिमंडल को अमेरिका और यूके समेत अन्य देशों के लिए सोमवार को रवाना कर दिया। पाकिस्तान इन देशों में जाकर गिड़गिड़ाएगा और बताएगा कि किस तरह ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने उसके एयरबेस और सैन्य ठिकानों को नुकासान पहुंचाया है। कुल मिलाकर पाकिस्तान हमदर्दी बटोरने का प्रयास कर रहा है। पाकिस्तान ने यह कदम भारत द्वारा पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद अपने कूटनीतिक संपर्क के तहत 33 वैश्विक राजधानियों में सात बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के बाद उठाया गया है।

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि 'प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के निर्देश पर एक उच्च-स्तरीय बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार से न्यूयॉर्क, वाशिंगटन, लंदन और ब्रसेल्स का दौरा कर रहा है।' नौ-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो

जरदारी कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों में संघीय मंत्री मुसादिक मलिक, पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार और खुर्रम दस्तगीर खान, पूर्व मंत्री सैयद फैसल अली सुब्जवारी और शेरी रहमान, सीनेटर बुशरा अंजुम बट शामिल हैं। इसमें दो पूर्व विदेश सचिव- जलील अब्बास जिलानी और तहमीना जंजुआ भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री के विशेष सहायक सैयद तारिक फातमी के नेतृत्व में एक अन्य प्रतिनिधिमंडल दो जून से मास्को का दौरा कर रहा है। हालांकि इसके सदस्यों के बारे में विवरण साझा नहीं किया गया है। विदेश कार्यालय ने कहा कि दोनों प्रतिनिधिमंडल अंतरराष्ट्रीय निकायों, सार्वजनिक पदाधिकारियों, वरिष्ठ अधिकारियों, सांसदों, थिंक टैंक, मीडिया और प्रवासी समुदाय के सदस्यों के साथ बैठकों की एक श्रृंखला में शामिल होंगे।

एशिया के दूसरे सबसे बड़े चर्च के सामने सजेगा बाबा बागेश्वर का दरबार

महानगर नेटवर्क

रायपुर

प्रसिद्ध कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में कहा कि भारत में सबसे ज्यादा धर्मांतरण का खतरा बस्तर और जशपुर क्षेत्रों में है। आगामी समय में वे जशपुर में कथा करेंगे, जहां एशिया का दूसरा सबसे बड़ा चर्च स्थित है। उनका यह भी कहना था कि चर्च के ठीक सामने वे कथा आयोजित करेंगे। शास्त्री ने कहा कि वे छत्तीसगढ़ में पदयात्रा करेंगे और सनातन धर्म का शंखनाद करेंगे। उन्होंने कहा कि 7 नवंबर से दिल्ली से वृंदावन तक भी पदयात्रा का आयोजन करेंगे।

प्रसिद्ध कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र बनकर रहेगा। हमने इसके लिए स्पष्ट योजना बना ली है। संतों का कमंडल बागेश्वर धाम सरकार से निकलेगा। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम के ननिहाल में आकर उन्हें बहुत प्रसन्नता हुई। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने आगामी योजनाओं की भी जानकारी दी कि वे छत्तीसगढ़ में पदयात्रा करेंगे और 7 नवंबर से दिल्ली से वृंदावन तक भी पदयात्रा का आयोजन करेंगे। पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने छत्तीसगढ़ के एंटी नक्सल ऑपरेशन पर साय सरकार की पहल का स्वागत किया। नक्सलियों के खिलाफ बस्तर क्षेत्र में चलाए जा रहे अभियान पर केंद्र और राज्य सरकार के प्रयास की सराहना की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का इस पर साधुवाद करते हुए कहा कि नक्सलियों से आग्रह है कि वे भारत को भारत रहने दें। मूलधारा में आएं और देश की परंपराओं के साथ चलें ताकि विदेशी ताकतों से मिलकर लड़ाई की जा सके और भारत को अखंड बनाया जा सके। बता दें कि देश के ख्यातिप्राप्त सनातन संत और बागेश्वर धाम सरकार के प्रमुख पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सोमवार को एकदिवसीय दौरे पर बिलासपुर पहुंचे थे।

'सर को किसने बचाया'

अन्ना यूनिवर्सिटी रेप केस पर फैसला आते ही AIADMK और DMK में भिड़ंत

चेन्नई। चेन्नई की महिला अदालत ने यौन उत्पीड़न के मामले में दोषी ज्ञानशेखरन को न्यूनतम 30 साल तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पिछले साल दिसंबर में अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में एक छात्रा के साथ बलात्कार हुआ था। न्यायाधीश एम. राजलक्ष्मी ने 28 मई को ज्ञानशेखरन को मामले में दोषी ठहराया था। उन्होंने अभियोजन पक्ष की ओर से उसके खिलाफ साबित किए गए प्रत्येक 11 आरोपों के संबंध में सजा सुनाई। उन्होंने कहा कि सजाएं एक साथ चलेंगी। सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (DMK) के साथ आरोपी व्यक्ति के कथित संबंधों को लेकर तमिलनाडु में इस सनसनीखेज मामले के कारण राजनीतिक विवाद पैदा हो गया। हालांकि पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा था कि ज्ञानशेखरन द्रमुक का सदस्य नहीं था, वह केवल पार्टी के प्रति झुकाव रखता था और इसका समर्थक था। अदालत के इस

फैसले के बाद तमिलनाडु की सत्तारूढ़ डीएमके और मुख्य विपक्षी दल एआईएडीएमके के बीच तीखी बहस शुरू हो गई है। AIADMK लीडर और विपक्ष के नेता पलानीस्वामी ने मुख्यमंत्री स्टालिन और उनकी सरकार पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सीएम इस घटना से जुड़े एक अन्य व्यक्ति को बचाने की कोशिश कर रहे थे, जिसका FIR में केवल सर के रूप में जिक्र है। पलानीस्वामी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि

सीएम स्टालिन ने आरोपों पर क्या दिया

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि वे केवल महिलाओं की सुरक्षा का दिखावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला मात्र पांच महीनों में निपट गया और दोषी को कठोर सजा मिली। स्टालिन ने दावा किया कि हाईकोर्ट ने भी जांच की प्रशंसा की है। उन्होंने विपक्षी नेताओं पर इस घटना का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। सीएम ने कहा कि कुछ संकीर्ण सोच वाले लोग एक युवती के साथ हुए अन्याय में भी राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन इस फैसले ने उनकी कोशिशों को विफल कर दिया।

डीएमके सरकार ने दोषी ज्ञानशेखरन को बचाने के लिए कई गुप्त कदम उठाए, लेकिन एआईएडीएमके की निरंतर लड़ाई ने एक दोषी को सजा दिलाने में सफलता हासिल की।

भारत G20 होस्ट करता है और पाक T20

प्रियंका चतुर्वेदी ने आतंक के मुद्दे पाकिस्तान को जमकर लताड़ा

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए विदेश दौरे पर गए भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगा रहे हैं। शिवसेना उद्धव गुट की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भारत और पाकिस्तान के बीच अंतर बताते हुए कहा कि भारत आज वैश्विक व्यापार और कूटनीति पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहा है, जबकि पाकिस्तान दुनिया भर में आतंक को सप्लाई कर रहा है। लंदन की धरती से

पाकिस्तान को लताड़ लगाते हुए शिवसेना सांसद ने कहा कि हमने जी-20 की अध्यक्षता की है, जब हम जी-20 की मेजबानी कर रहे होते हैं तो उस वक्त पाकिस्तान टी-20 की मेजबानी करता है। उसके यहां पर दुनिया के टॉप 20 आतंकवादी मौजूद हैं, जिनकी वह सेवा करता है। यह पाक की घोषित नीति रही है कि उनकी सरकार आतंकियों को पनाह देती है।

एस-400 मिसाइल सिस्टम को लेकर दोस्त रूस ने दिया वक्त का झटका!

भारत को इस वर्ष से पहले मिलने की संभावना कम

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

भारत को एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली 2026 से पहले मिलने की संभावना कम है। रूस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। उनका कहना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान इस सिस्टम ने अच्छा काम किया था। S-400 एक शक्तिशाली मिसाइल सिस्टम है, जो दुश्मन के फाइटर जेट और मिसाइलों को मार गिरा सकता है। भारत ने रूस से पांच S-400 सिस्टम खरीदने का समझौता किया है, जिनमें से कुछ मिल चुके हैं और बाकी 2026 तक मिलने

का भरोसा दिया जा रहा है। भारत में रूस के उप राजदूत रोमन बाबुश्किन ने बताया कि भारत को S-400 मिसाइल सिस्टम 2026 तक मिल जाएगा।

'एयर डिफेंस सिस्टम पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए तैयार'

रूसी उप राजदूत रोमन बाबुश्किन ने बातचीत में बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच जब तनाव था, तब S-400 ने बहुत अच्छा काम किया था।

साल 2025 या 2026 तक मिलने की रूसी राजनयिक ने जताई संभावना

रूसी उप राजदूत ने कहा कि मुझे जितना पता है, उसके अनुसार S-400 यूनिट्स की बची हुई डील समय पर पूरी हो जाएगी। हम एयर डिफेंस सिस्टम पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए इस साझेदारी को और बढ़ावा देने के लिए तैयार हैं। मुझे लगता है कि यह सब 2025 या 2026 तक हो जाएगा। भारत ने 2018 में रूस के साथ 5.43 बिलियन डॉलर का समझौता किया था। इसके तहत भारत को पांच S-400 मिसाइल सिस्टम मिलने थे। इनमें से तीन सिस्टम पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर तैनात किए गए हैं, जो पाकिस्तान और चीन के साथ लगती हैं।

पंडित भाई-बहनों की सुरक्षित और स्थायी तरीके से हो वापसी

महबूबा मुफ्ती ने रखी मांग

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कश्मीरी पंडितों की सम्मानजनक वापसी और पुनर्वास की मांग की है। सोमवार को उन्होंने कहा कि समुदाय के फिर से एकीकरण को महज प्रतीकात्मक वापसी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे जम्मू-कश्मीर के साझा, समावेशी और दूरदर्शी भविष्य के निर्माण के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने राजभवन में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की और इस मुद्दे पर सार्थक प्रगति के लिए समावेशी और चरणबद्ध रोडमैप प्रस्तुत किया। पीडीपी प्रमुख ने प्रस्ताव की प्रतियां केंद्रीय गृह

मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को भी भेजीं। महबूबा मुफ्ती ने पत्र में कहा कि यह मुद्दा राजनीति से परे है और हमारी सामूहिक अंतरात्मा की गहराई को छूता है। यह सुनिश्चित करना नैतिक रूप से जरूरी है।

कर्नाटक में एक और तलवार कांड

एक साथ आए 10 लोग और शख्स को काट डाला

महानगर नेटवर्क

कोप्पल

कर्नाटक में बीते कुछ दिनों में तलवार का इस्तेमाल कर सरेआम हत्या की कई घटनाएं सामने आई हैं। इस बीच रविवार को कोप्पल जिले में एक बेकरी की दुकान में लोगों के एक झुंड ने एक शख्स की बेरहमी से जान ले ली। जानकारी के मुताबिक करीब दस लोगों ने एक साथ शख्स पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि घटना कोप्पल के कुष्टगी के पास हुई।

मृतक की पहचान 35 वर्षीय चन्नप्पा हुसैनप्पा नरिनल के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक घटना 31 मई को हुई थी। एक रिपोर्ट में

बताया गया है कि यह घटना पास ही एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में देखा जा सकता है कि पीड़ित चेनप्पा हमले के दौरान खुद को बचाने के लिए भाग रहा है, लेकिन लोग उस पर लगातार हमले करते रहे। इस दौरान लोगों ने उस पर कई बार तलवार से वार किया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी तुरंत फरार हो गए। हालांकि पुलिस ने कम से कम सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया है कि प्रारंभिक जांच से पुरानी रंजिश और प्रॉपर्टी को लेकर विवाद की वजह सामने आई है।

पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया है।

पहले भी हो चुकी है ऐसी घटना

कर्नाटक में बीते कुछ दिनों से कानून व्यवस्था को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। इससे पहले बीते माह कर्नाटक के मंगलुरु में अज्ञात लोगों ने दो मुस्लिम युवकों पर तलवार से हमला कर दिया था। इस हमले में एक शख्स की मौत हो गई थी।

'हाईकोर्ट जाएं', सुप्रीम कोर्ट का निर्वासन याचिका पर विचार करने से इंकार

असम सरकार की पुशबैक नीति का मामला

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने बांग्लादेश से घुसपैठ से निपटने के लिए असम सरकार की 'पुश-बैक नीति' को चुनौती देने वाली रिट याचिका पर विचार करने से सोमवार को इंकार कर दिया। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने मामले की सुनवाई की। इस मामले में शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को गुवाहाटी हाईकोर्ट जाने को कहा। यह याचिका ऑल बीटीसी माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन की ओर से दायर की गई थी, जिसमें असम सरकार पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। पीठ ने याचिकाकर्ता 'ऑल बीटीसी माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन' की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े से पूछा- 'आप गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं जा रहे हैं?' एडवोकेट अदील अहमद के माध्यम से दायर याचिका में सुप्रीम कोर्ट के चार फरवरी के आदेश का हवाला दिया गया है, जिसमें एक अलग याचिका पर विचार करते हुए असम को 63 घोषित विदेशी नागरिकों, जिनकी राष्ट्रीयता ज्ञात है, उनके निर्वासन की प्रक्रिया दो सप्ताह के भीतर शुरू करने का निर्देश दिया गया था। याचिका में दावा किया गया है ,'उक्त आदेश (चार फरवरी के) के अनुसरण में असम राज्य ने विदेशी होने के संदेह वाले व्यक्तियों को हिरासत में लेने और निर्वासित करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है।

याचिका में क्या मांग की गई?

याचिका में सुप्रीम कोर्ट से मांग की गई थी कि वह असम सरकार को निर्देश दे कि फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल द्वारा किसी व्यक्ति को विदेशी नागरिक घोषित करने से पहले उचित सुनवाई और अपील का मौका दिया जाए। विदेश मंत्रालय द्वारा नागरिकता की पुष्टि के बिना किसी को भी सीमा पार न भेजा जाए। बिना कानूनी प्रक्रिया के हिरासत और डिपोर्टेशन पर रोक लगाई जाए।

भारत से मार खाए पाक के सामने नई मुसीबत

POK में पोलियो का नया केस मिला

महानगर नेटवर्क

गिलगित

आर्थिक और सैन्य मोर्चे पर मार झेल रहे पाकिस्तान के लिए एक नई मुसीबत आ गई है। पाक अधिकृत कश्मीर के हिस्से गिलगित बाल्टिलस्तान में 2025 में पोलिया का पहला मामला सामने आया है। इस्लामाबाद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान में पोलियो उन्मूलन प्रयोगशाला ने बाल्टिस्तान इलाके में वाइल्ड पोलियो वायरस की पुष्टि की है। गिलगित के स्वास्थ्य सचिव आसिफुल्ला खान ने कहा कि जिले के तांगिर इलाके में 23 महीने के एक बच्चे में पोलियो वायरल मिला है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि बच्चा कैसे संक्रमित हुआ। पाकिस्तान में चल रहे पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अभी तक कुल दस मामले सामने आ चुके हैं। लेकिन यह गिलगित इलाके में वाइल्ड पोलियो वायरस का पहला मामला है। इस मामले के सामने आने से पहले गिलगित-बाल्टिस्तान इलाके को पोलियो मुक्त क्षेत्र घोषित किया जा चुका था। बता दें कि पाकिस्तान में पोलियो के खिलाफ चलाए जा रहे कैंपेन को लेकर लोगों के मन में डर का माहौल है। आम जनता के बीच में यह धारणा बनी हुई है कि पोलियो की दवाई नपुंसक बनाने की दवाई है। इसी वजह से लोग इस दवा को अपने बच्चों को पिलाने से परहेज करते हैं। कई बार तो वह हिंसा पर उतर आते हैं। ऐसा ही एक मामला गिलगित बाल्टिस्तान के तांगिर जिले में भी सामने आया था, यहां पर शेखो नामक गांव में पोलियो टीकाकरण करने गई टीम के ऊपर अज्ञात बंदूकधारियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। हालांकि इस हमले के बाद सभी लोग सुरक्षित वहां से निकल गए इस घटना को लेकर एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि पोलियो टीकाकरण टीम ने बिना पुलिस को सूचित किए क्षेत्र का दौरा किया था।

मौलवी ने शेयर किया भड़काऊ वीडियो

FIR के बाद फरार

महानगर नेटवर्क

उज्जैन

मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में एक मौलाना ने आपत्तिजनक पाकिस्तानी वीडियो को शेयर करके मुश्किल में घिर गया है। सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने वाला वीडियो शेयर करके मौलवी अब भागता फिर रहा है। एक पाकिस्तानी मौलाना ने रील में 'ईद पर गाय की कुर्बानी देने से सवाब' मिलने की बात कही है। उज्जैन के मौलवी तुरब अली ने इसे आगे बढ़ाया तो एक हिंदूवादी संगठन के नेता ने पुलिस से शिकायत की। उज्जैन पुलिस ने केस दर्ज करके मौलवी की गिरफ्तारी की कोशिशें शुरू कर दी हैं। उज्जैन जिले की महिदपुर तहसील में रविवार

को एक मौलाना ने पाकिस्तान का विवादित धार्मिक वीडियो पोस्ट किया था। अखंड हिंदू सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज प्रजापत की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। मनोज ने आरोप लगाया कि तुरब अली ने पाकिस्तान के कट्टर विचारों वाले मौलवियों के वीडियो शेयर कर सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास किया है।

रूस को अपनी ताकत दिखाएगा ब्रिटेन

12 न्यूक्लियर सबमरीन का किया ऐलान

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

यूक्रेन के रूस के सैन्य हवाई अड्डों पर बड़े ड्रोन हमले के बाद पूरी दुनिया रूस के कदम को लेकर आशंकित है। दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध का खतरा भी महसूस हो रहा है। रूस की बढ़ती आक्रामकता और यूरोप में युद्ध के माहौल को देखते हुए ब्रिटेन ने अपनी सैन्य ताकत को नए सिरे से आकार देने की बड़ी योजना का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को 'स्ट्रैटेजिक डिफेंस रिव्यू' जारी करते हुए घोषणा की कि देश 12 अत्याधुनिक परमाणु-संचालित अटैक पनडुब्बियां बनाएगा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब ब्रिटेन को 'युद्ध-

तैयारी की स्थिति' में लाया जाए।

रूस को खुला संदेश

स्टार्मर ने अपने भाषण में रूस का नाम सीधे लेते हुए कहा कि हम यूरोप में युद्ध देख रहे हैं, नई परमाणु चुनौतियां उभर रही हैं, हमारे जलक्षेत्र में रूसी गतिविधियां बढ़ रही हैं और हमारे आसमान में खतरा मंडरा रहा है। हम इन खतरों का सिर्फ जवाब नहीं देंगे, बल्कि उनसे आगे निकलेंगे। रक्षा सचिव जॉन हीली ने स्पष्ट किया कि ये पनडुब्बियां 'रूसी आक्रामकता का सीधा जवाब हैं' और यह दिखाती हैं कि ब्रिटेन पीछे हटने वाला नहीं है।

क्या है प्लानिंग

ब्रिटेन, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया की त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी AUKUS के तहत इन SSN-AUKUS पनडुब्बियों का निर्माण किया जाएगा। ये पनडुब्बियां टॉमहॉक क्रूज़ मिसाइलों से लैस होंगी और हजारों किलोमीटर दूर तक मार करने में सक्षम होंगी। इससे रूस की समुद्री रणनीति को चुनौती मिलने की आशंका है।

बकरीद से पहले मोरक्को में कुर्बानी पर रोक

पूरे मुल्क में बकरों के लिए छापेमारी

मोरक्को। मुस्लिम देश मोरक्को में ईद-उल-अजहा से पहले सरकार के एक फैसले ने देशभर में हड़कंप मचा दिया है। किंग मोहम्मद VI ने शाही फरमान में इस साल कुर्बानी के बकरे पर रोक लगा दी है। इस फैसले के बाद देशभर में बकरों की खोज के लिए छापेमारी की जा रही है। इस फैसले से देशभर में बवाल मचा हुआ है। मोरक्को किंग ने 'आर्थिक और स्वास्थ्य कारणों' का हवाला देकर इस्लामी परंपरा को रद्द करने का आदेश दिया है। इस फैसले के बाद पुलिस ने कई शहरों और इलाकों में घर-घर छापेमारी कर लोगों के बकरे जब्त कर लिए। राजा मोहम्मद VI ने कहा कि वो 'बकरीद पर जनता की ओर से कुर्बानी करेंगे', लेकिन लोगों ने इसे अपमानजनक और धार्मिक आस्था का मजाक बताया। आलोचकों का कहना है कि यह फैसला महंगाई और सरकारी विफलता को छिपाने की एक चाल है।

थायराइड और वजन घटाने में रामबाण है धनिए का पानी



इम्यूनिटी होगी बूस्ट
धनिया आपके इम्यूनिटी लेवल को बढ़ाने के लिए जाना जाता है, इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट शरीर में फ्री रेडिकल्स को कम करने में मदद करता हैं।

बालों के लिए बेहतरीन-
विटामिन के, सी और ए जैसे विटामिनों से भरपूर होने की वजह से ये बालों को मजबूत बनाने और ग्रोथ के लिए बहुत जरूरी हैं। सुबह धनिए का पानी पीने से आपके बालों का झड़ना और टूटना कम होता है।

थायराइड में फायदेमंद-
रिपोर्टस कि मानें तो थायराइड के पेशेंट के लिए धनिया का पानी अमृत है। धनिया के पानी से दोनों तरह के थायरॉइड असंतुलन का इलाज किया जा सकता है।

डीटॉक्स होती है बॉडी-
धनिया एक मूत्रवर्धक है और इसलिए आपके शरीर से टॉक्सिन को बाहर निकालने में आपको मदद मिलती है। सुबह धनिए का पानी पीने से आप अपने सिस्टम को डिटॉक्स कर सकते हैं।

वेट लॉस में मिलती है मदद-
धनिया में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट फ्री रेडिकल्स को कम करने में मदद करते हैं और आपके वजन को कम करने में भी मदद करता है।

कैसे बनाएं धनिया का पानी?
इसे बनाने के लिए एक चम्मच धनिया के बीज को 5 मिनट के लिए पानी में उबाल लें। इसे तब तक उबालें जब तक पानी आधा न हो जाए। फिर इसे छानें और पीएं।

धनिए के बीज के पानी से किसे बचना चाहिए?
धनिया के बीज का आमतौर पर कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है, लेकिन इसके बीज से एलर्जी पैदा हो सकती है। इससे रेडनेस और खुजली हो सकती है। हालांकि, गर्भवती महिलाओं को धनिए के बीज का ज्यादा मात्रा में सेवन नहीं करना चाहिए।

वेट लॉस के लिए कैसे बनाएं धनिया का पानी
धनिए का पानी बनाना बहुत ही आसान है। आपको बस एक चम्मच धनिया का बीज लेना है और उन्हें एक गिलास पानी में रात भर भिगोना है। सुबह पानी को छानकर पी लें। भीगे हुए बीजों को फेंके नहीं क्योंकि आप उन्हें खाना पकाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

लंबे समय तक बना रहेगा मेकअप

किसी भी खास मौके पर हर कोई खास दिखना चाहता है। ऐसे में आउटफिट्स से लेकर जूलरी तक तो सभी ध्यान दे लेते हैं लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है कि छोटी-छोटी चीजें इग्नोर करने से आपका पूरा ही लुक बिगड़ जाता है। मेकअप के साथ भी कुछ ऐसा ही है। आप अगर छोटे-छोटे टिप्स का ख्याल नहीं रखते, तो इससे आपका मेकअप खराब हो सकता है। वहीं, जाहिर-सी बात है कि पूजा-पाठ के दौरान बार-बार मेकअप को सेट करने का आपके पास टाइम भी नहीं होता है, इसलिए आपको ये टिप्स जरूर फॉलो करने चाहिए, जिससे कि आपका मेकअप लॉन्ग लास्टिंग रह सके।

क्लींजिंग करें

सबसे पहले अपने चेहरे पर माइल्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें। माइल्ड क्लींजर का मतलब सिर्फ फेस वॉश का इस्तेमाल नहीं है,बल्कि आपको इससे अपने चेहरे से डेड स्किन भी रिमूव करनी चाहिए। इसके लिए तीन चम्मच कच्चा दूध ले लें और अब इसमें एक चम्मच एलोवेरा जेल डालें। इसे मिलाकर चेहरे पर मसाज करें और चेहरा साफ कर लें।

मॉइश्चराइजर क्रीम लगाएं

चेहरे पर कभी भी डायरेक्ट मेकअप न करें। अपने चेहरे को हाइड्रेट करना बहुत जरूरी है। चेहरे पर मॉइश्चराइजर जरूर लगाएं। इससे आपका मेकअप खराब नहीं होगा। आपकी स्किन अगर ऑयली है, तो जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर लगाएं।

बनाना पाउडर

बनाना पाउडर का टेक्सचर थोड़ा येलो होता है इसलिए यह इंडियन स्किन टाइप के हिसाब से अच्छा ऑप्शन है। आप बनाना पाउडर को लास्ट में लगाएं। इससे आपका मेकअप ज्यादा ऑयली नहीं लगेगा और आपको पसीने भी कम आएंगे।

एलोवेरा जेल

आपकी स्किन अगर सुपर ड्राय है, तो आप प्राइमर की जगह एलोवेरा जेल भी लगा सकते हैं। यह भी प्राइमर की तरह ही काम करता है। फिर इसके ऊपर फाउंडेशन लगाएं।

पेट लटकने पर महिलाओं को पहनना चाहिए ऐसी जींस

फैशन इंडस्ट्री में कई तरह के बदलाव होते रहते हैं, कुछ चीजें ट्रेंड में नई आती हैं, तो कुछ ट्रेंड से हमेशा के लिए खत्म हो जाती हैं। लेकिन जींस का फैशन जगत से गायब होना मुश्किल है। हां, ट्रेंड के मुताबिक इसके स्टाइल में बदलव जरूर होता है। जैसे स्ट्रेट फिट के बाद, बॉयफ्रेंड फिट और अब फ्लेयर्ड जींस की धूम है। ये कम्फर्टेबल होने के साथ ही स्टाइलिश दिखती हैं। हालांकि, जिन लोगों के पेट काफी बाहर होते हैं वह जींस से दूरी बना लेते हैं। क्यों इसमें पेट काफी ज्यादा दिखता है। ऐसे में आपको बता रहे हैं कुछ जींस टाइप के बारे में जो आपका पेट छिपाने में मदद कर सकती हैं।

पेट छिपाने के लिए किस तरह की जींस खरीदें-

1) **टमी टक जींस**- इस तरह की जींस आपके पेट को छुपाने में मदद कर सकती हैं। दरअसल इस तरह की जींस के ऊपरी हिस्से में टमी टकर आता है। जो बैली फैट को काफी हद तक छुपा सकता है। अगर आप जींस के साथ शर्ट या टॉप को टक करके पहनती हैं तो ये जींस बेहतरीन है, क्योंकि इसका फ्रंट लुक दिखने में काफी अच्छा लगता है।

2) **हाई वेस्ट जींस**- इस तरह की जींस आपके लटकटे पेट अंदर छिपा सकती हैं। ये जींस वेस्ट के ऊपर हिस्से में रहती है ऐसे में पेट को दबाया जा सकता है। हालांकि इसके साथ कछ फिटिंग टॉप या शॉर्ट टॉप पहनने से बचें क्योंकि इस तरह की जींस पेट को छिपा तो सकती है लेकिन इसमें शेप दिखाई देती है।

3) **फ्लेयर्ड जींस**- इन दिनों इस तरह की जींस काफी ज्यादा ट्रेंड में है। अगर आप अच्छी बॉडी शेप में दिखना चाहते हैं तो इस तरह की जींस बेहतरीन हैं। ये जींस एंकल तक फ्लेयर होती हैं ऐसे में इसमें पेट पूरी तरह से छिप जाता है। इसे स्टाइल करने के लिए आप कुछ टीशर्ट्स को पहन सकती हैं।

4) **वाइड लेग जींस**- ट्रेड को देखें तो इस तरह की जींस को लड़कियां खूब पसंद करती हैं। जींस में मेगा हाई राइज कट आपके पेट काफी हद तक छिपा देता है। इसके साथ एक अच्छे फुटवियर को पहनने पर आप काफी स्टाइलिश दिख सकती हैं।

पहचानें अर्थराइटिस के शुरुआती लक्षण

कई भी गंभीर बीमारी एक दिन में नहीं होती बल्कि बीमारियों के भी चरण होते हैं। ऐसे में अगर आप शुरुआती संकेत या लक्षणों को समझ जाते हैं, तो आप समय रहते बीमारियों का इलाज करा सकते हैं। अर्थराइटिस बीमारी भी ऐसी ही है। यह बहुत ही दर्दनाक बीमारी है। उम्र बढ़ने के साथ यह बीमारी और भी खतरनाक होती जाती है। जोड़ों और हड्डियों के दर्द की यह बीमारी इतनी खतरनाक हो जाती है कि काम करना तक मुश्किल हो जाता है। ऐसे में बहुत जरूरी है कि आप इस बीमारी के शुरुआती लक्षणों के बारे में जरूर जानें।

जोड़ों में दर्द होना
जोड़ों में दर्द गठिया का पहला संकेत है। इसमें दर्द के साथ जोड़ों में जलन जैसा महसूस होता है। यह दर्द इतना बढ़ जाता है कि चलना, पैर मोड़ना भी बहुत मुश्किल हो जाता है।

लाल दिखना
जोड़ों के आसपास लालिमा (Redness) भी दिखाई देती है। ज्यादातर मरीजों को यह शिकायत भी होती है। यह भी एक शुरुआती लक्षण है।

सूजन
जोड़ों में दर्द के साथ सूजन भी हो सकती है। यह सूजन घुटनों के आसपास ज्यादा होती है और इसे देखकर लगता जैसे आपको कोई चोट लगी हो। सूजन नीली और लाल रंग की दिखाई देती है।

सुबह के समय ज्यादा दर्द होना
कई मरीजों को सुबह के समय पैरों और हाथों के जोड़ों में ज्यादा दर्द होता है। खासतौर पर बदलते मौसम में हाथ-पैरों में दर्द ज्यादा होता है।

चलने-फिरने में परेशानी
आपको अगर चलने-फिरने में परेशानी और घुटनों में दर्द, चटकन जैसी प्रॉब्लम्स हों, तो समझ जाएं कि ये भी अर्थराइटिस के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं।

सूखी ब्रेड से बनाएं टेस्टी डिशेज

आप सूखी हुई ब्रेड को फेंकने की बजाय कई तरीकों से इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे न सिर्फ ब्रेड डस्टबिन में जाने से बच जाएगी। आइए, जानते हैं कैसे बनाएं ड्राय से

एक बार ब्रेड का पैकेट खुलने के बाद इसे फ्रेश रखना बहुत ही मुश्किल हो जाता है। हम ब्रेड को कितना भी अच्छी तरह क्यों न रखें लेकिन यह सूखने लगती हैं। ऐसे में आप सूखी हुई ब्रेड को फेंकने की बजाय कई तरीकों से इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे न सिर्फ ब्रेड डस्टबिन में जाने से बच जाएगी बल्कि कई स्वादिष्ट पकवानों का जायका बढ़ाने के काम भी आएगी। आइए, जानते हैं कैसे करें ड्राय ब्रेड का रेसिपीज में इस्तेमाल।

क्रिस्पी पकौड़े या टिक्की
आपको अगर क्रिस्पी पकौड़े या टिक्की बनाने हैं, तो आप इसमें ब्रेड क्रम्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। ब्रेड को मिक्सी में डालकर चूरा बना लें। फिर इसे आप पकौड़े या टिक्की के घोल में डाल दें। पकौड़े ज्यादा क्रिस्पी और स्वादिष्ट बनेंगे।

ब्रेड रोल्स
आप ब्रेड रोल्स भी बना सकते हैं। आप सोच रहे होंगे कि आखिर सूखी हुई ब्रेड से ब्रेड रोल्स कैसे बनाए जा सकते हैं। इसके लिए आपको ब्रेड को गीला करना होगा। इसके बाद जिस तरह से ब्रेड रोल्स बनते हैं, बना लें।

सूप में डालें क्रूटोन्स
सर्दियों में सूप तो सभी को अच्छा लगता है। आप अगर स्वादिष्ट सूप बनाना चाहते हैं, तो आप सूखी ब्रेड का इस्तेमाल क्रूटोन्स बनाने में भी कर सकते हैं। इसके लिए ब्रेड को टोस्टर में डालकर सेंक लें।

ब्रेड पिज्जा
सूखी हुई ब्रेड का पिज्जा बना सकते हैं। इसके लिए आप अपनी फेवरेट सब्जियों का इस्तेमाल करके पिज्जा बना सकते हैं। इससे ब्रेड पिज्जा का स्वाद बहुत अच्छा लगता है।

लूज कपड़े होंगे फिटिंग

कभी-कभी ऐसा होता है कि लोकल मार्केट या ऑनलाइन वेबसाइट पर हमें कोई ड्रेस पसंद आ जाती है और हम उसे खरीद लेते हैं। हमें वह ड्रेस इतनी पसंद आती है कि हम ध्यान ही नहीं देते कि उस ड्रेस का साइज काफी बड़ा है। हमें लगता है कि हम इसकी फिटिंग कर लेंगे।

सेफ्टी पिन से फिट करें
आपके खरीदे हुए कपड़े की फिटिंग में अगर मामूली-सा अंतर है, तो आप इसे सेफ्टी पिन से भी खासतौर पर कंधों पर अंदर की तरफ से सेफ्टी पिन लगा लें। वहीं, अगर स्लीव्स लंबी हैं, तो आप इसे मोड़ भी सकते हैं।

बेल्ट लगाएं
आपकी ड्रेस अगर कमर से ज्यादा लूज हो रही है, तो आप इसके लिए बेल्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। बेल्ट काफी स्टाइलिश भी लगती है और इससे आपकी लूज ड्रेस फिट भी नजर आएगी।

जैकेट कैरी करें
किसी ड्रेस के ऊपर डेनिम या फ्लोरल प्रिंट जैकेट भी बहुत अच्छी लगती हैं। इससे आपकी ड्रेस ज्यादा हाइलाइट भी नहीं होगी और आपका नया स्टाइल भी क्रिएट हो जाएगा। आप ड्रेस कलर के हिसाब से ही जैकेट कैरी करें, वरना डेनिम जैकेट लगभग हर ड्रेस के साथ मैच हो जाती है।

अपनाएं ये ट्रिक्स
इसके अलावा एक कारण यह भी होता है कि ड्रेस इतनी ज्यादा सुंदर होती है कि आप इसके साइज पर ध्यान ही नहीं देते और जब आप कहीं जाने के लिए इस ड्रेस को पहनते हैं, तो ड्रेस की फिटिंग सही नहीं आती। ऐसे में आप ड्रेस को निकालने से अच्छा इसे टेम्परेरी फिटिंग कर सकते हैं। इसके लिए कई कवरअप हैक्स भी आपके काम आएंगे।

कफ से जकड़ गई है छाती

ये घरेलू उपचार दिलाएंगे चैन की सांस

सर्दी -जुकाम जैसी बिमारी होते ही बैक्टीरियल और वायरल इन्फेक्शन भी होता है। ऐसे में गला खराब और खासी जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। यह सामान्य प्रक्रिया है। हालांकि कई बार यह तकलीफदेह हो जाता है। दरअसल शरीर में किसी पैथोजन के प्रवेश करने के साथ इम्यून सिस्टम एक्टिव हो जाता है। इसी के रिस्पॉन्स में म्यूकस बनने लगता है। इसमें पैथोजन्स, एलर्जी पैदा करने वाले कण या धूल-मिट्टी चिपक जाती है। खांसी के जरिए इसे शरीर से बाहर निकाला जाता है। कई दफा वायरल ठीक हो जाने के बाद यह कफ सीने में जकड़ा रहता है। इसको न निकाला जाए तो अंदर दूसरे इन्फेक्शंस भी हो सकते है। यहां जानें कुछ घरेलू उपचार।

पीएं खूब पानी
शरीर में कोई भी संक्रमण हो तो सबसे पहले पानी पीने पर फोकस करें। वायरल, बैक्टीरियल इन्फेक्शन या कफ जकड़ने पर भी यह नुस्खा काम करता है। पानी पीने से म्यूकस का गाढ़ापन कम होता है। आप अगर सिर्फ पानी नहीं पी पा रहे तो लिक्विड डाइट ज्यादा लें। सूप, ग्रीन टी या दूसरे गरम पेय भी फायदा करेंगे।

भाप देगी राहत
खांसी और कफ के समय भाप लेना भी फायदेमंद होता है। आप बाजार के स्टीमर यूज कर सकते हैं। इसके अलावा घर पर भी पानी उबालकर भाप बना सकते हैं। भाप लेने से गले का इन्फ्लेमेशन कम होता है। खांसी में भी राहत मिलती है।

शहद-नींबू करें ट्राई
गुनगुने पानी में नींबू का पानी और शहद मिलाकर पीएं। शहद में एंटी बैक्टीरियल प्रॉपर्टीज होती हैं। नींबू में विटामिन सी होता है जो आपकी इम्यूनिटी के लिए बेस्ट है। शहद को नैचुरल डिकंजेस्टेंट माना जाता है। यह गले के दर्द में भी राहत देता है।

गोल्डन मिल्क देगा आराम
फाइनली सोते समय आप हल्दी, काली मिर्च वाला दूध भी पी सकते हैं। इस दूध के फायदे कई बार बताए जाते रहे हैं। इसे गोल्डन मिल्क कहते हैं। हल्दी में एंटी इन्फ्लेमेट्री गुण होते हैं और यह ऐंटी बैक्टीरियल भी होती है।

चुकंदर और गुलाब का होममेड फेस पैक

15 दिनों में निखरेगा चेहरा

आप अगर पिंक ग्लो पाना चाहते हैं, तो आपको गुलाब और चुकंदर के इस फेसपैक के बारे में जरूर जानना चाहिए। इस फेसपैक को आप अगर लगातार 15 दिन लगा लेंगे, तो आपको अपने चेहरे पर पिंक ग्लो जरूर दिखेगा। यह बात सही है कि कोई भी फेसपैक रोजाना नहीं लगाना चाहिए लेकिन चुकंदर और गुलाब से बना यह फेसपैक बहुत माइल्ड है। आप इसे आसानी से रोजाना 15 दिनों तक चेहरे पर लगा सकते हैं। आप 20 मिनट से ज्यादा इसे फेसपैक को चेहरे पर नहीं लगाना है। आइए, जानते हैं कैसे बनाएं और अप्लाई करने का सही तरीका क्या है-

ऐसे बनाएं
इसे बनाने के लिए आपको फ्रेश गुलाब के फूल चाहिए। एक गुलाब का लाल या गुलाबी फूल लेकर इसे अच्छी तरह धो लें। अब आधा चुकंदर लेकर इसे छिलकर धो लें। चुकंदर को ग्रेट कर लें। इसमें एक चम्मच गेहूं का चोकर डालें। इसमें एक चम्मच एलोवेरा जेल भी डालें। अब गुलाब के पत्तों को पीसकर इसमें मिला दें। आखिर में चुकंदर डालें। इन्हें अच्छी तरह मिक्स कर लें। आपकी स्किन अगर ऑयली है, तो आप टी ट्री ऑयल की 3-4 ड्रॉप्स भी इसमें डाल सकते हैं। अच्छी तरह मिक्स कर लें। चेहरे को अच्छी तरह फेसवॉश से धोकर यह फेसपैक चेहरे और गर्दन पर अप्लाई कर लें।

इन बातों का रखें ध्यान
- आपको 20 मिनट से ज्यादा के लिए इसे अप्लाई नहीं करना है।
- फेसपैक सूख जाने के बाद इसे रगड़ने से बचें। पानी से इसे साफ करें।
- इसे नॉर्मल या ठंडे पानी से धोएं। फेसवॉश का इस्तेमाल न करें।
- धोने के बाद अच्छी-सी कोल्ड क्रीम चेहरे पर लगा लें।

चिया सीड्स से पाएं मोटापे से छुटकारा

बढ़ता मोटापा आज हर किसी के लिए एक बड़ी समस्या बन गया है। मोटापा न सिर्फ व्यक्ति के आत्मविश्वास को कम करता है बल्कि जल्द ही उसे कई रोगों का शिकार भी बना सकता है। अगर आप भी अपने बढ़ते मोटापे से परेशान हैं तो अपनी डाइट में चिया सीड्स को इस तरह से शामिल करें। आइए जानते हैं वेट लॉस जर्नी में कैसे मदद करता है चिया सीडिस और इसका सेवन करने से व्यक्ति को मिलते हैं क्या-क्या फायदे।

चिया सीड्स के फायदे
चिया सीड्स ओमेगा-3 फैटी एसिड, प्रोटीन, फाइबर, विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर होने के कारण इम्यूनिटी को बूस्ट करके आपको लंबे समय तक भूख का अहसास नहीं होने देते । जिससे आपका पाचन तंत्र भी ठीक तरह से काम करता है। वेट लॉस के लिए मजबूत बूस्टर माने जाने वाले ये छोटे काले और सफेद बीज मिंट फैमिली से जुड़े हुए हैं और सुपरफूड के रूप में जाने जाते हैं। यह एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं, जो लिपिड प्रोफाइल को बढ़ावा देते हैं और फैट के जमाव को कम करते हैं।

कितनी मात्रा में लेना चाहिए चिया सीड्स
वेट लॉस के लिए अगर चिया सीड्स का सेवन कर रहे हैं तो आप दिन में 2 बड़े चम्मच ले सकती हैं। चिया सीड्स को कभी भी ज्यादा मात्रा में न लें। इससे आपकी हेल्थ को नुकसान हो सकता है।

आईपीएल ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला आज

अभिनेता और भाजपा सांसद रवि किशन करेंगे कमेंट्री

अहमदाबाद। आईपीएल ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला आज अहमदाबाद में खेला जायेगा। करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों के लिए आज का दिन शानदार होगा और इसे और रोमांचक बनाने के लिए भोजपुरी के मशहूर अभिनेता और भाजपा के लोकप्रिय सांसद रवि किशन भोजपुरिया अंदाज में कमेंट्री का तड़का लगाएंगे। इनके साथ मशहूर फिल्म अभिनेता आमिर खान भी होंगे। रवि किशन की शानदार भोजपुरी कमेंट्री के दिवाने करोड़ों क्रिकेट प्रेमी पहले से ही हैं। आज के फाइनल मुकाबले में रवि किशन और आमिर खान अपनी लच्छेदार भाषा में मैच की कमेंट्री कर क्रिकेट लवर्स को झूमने के लिए मजबूर करेंगे।

रविवार को हुए आईपीएल 2025 के दूसरे क्वालिफायर मुकाबले में बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान अपनी आने वाली फिल्म 'सितारे जमीन पर' को प्रमोट करने पहुंचे थे। इस दौरान ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स की तरफ से आमिर और रवि किशन का एक वीडियो शेयर किया है जिसमें ये दोनों कलाकार पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर नवजोत सिंह सिद्धू के अंदाज में कमेंट्री संबंधी बात कर रंग जमा रहे हैं। आमिर और रवि किशन के इस वीडियो को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। वीडियो में रवि किशन कह रहे हैं कि फाइनल के दिन यहां गर्दा उड़ेगा। रवि किशन के अंदाज-ए-बयां के कायल आमिर खान वादा कर रहे हैं कि वह भी फाइनल के दिन उनके साथ मैच में रंग जमाने पहुंचेंगे।

सभी जानते हैं कि रवि किशन वर्ल्ड कप 2024 समेत कई आईसीसी टूर्नामेंट के मैचों में भोजपुरी कमेंट्री कर चुके हैं। आईपीएल 2025 के शुरुआती मैच में भी रवि किशन ने भोजपुरिया कमेंट्री के माध्यम से खूब रंग जमाया था। अब आज आईपीएल 2025 के फाइनल मुकाबले में रवि किशन भोजपुरिया कमेंट्री के माध्यम से मैच का मजा लेने वाले करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों को दीवाना बनाएंगे।

नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने मैग्नस कार्लसन को हराकर चुकता किया बदला

स्टावेंजर। मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर उनसे पहली बाजी में मिली हार का बदला चुकता कर दिया। भारतीय खिलाड़ी की यह नार्वे के दिग्गज खिलाड़ी के खिलाफ क्लासिकल शतरंज में पहली जीत है।

रविवार की इस जीत से 19 वर्षीय गुकेश 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह अब संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज कार्लसन और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना से केवल एक अंक पीछे हैं। प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी चीन के वेई यी के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत के बाद 7.5 अंकों के साथ हिकारू नाकामुरा के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इस टूर्नामेंट में लगभग सभी छह खिलाड़ियों के पास प्रतिष्ठित खिताब जीतने का मौका है। महिला वर्ग में आर वैशाली ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में कोनेरू हम्पी को हराया।

फाइनल में जाते ही श्रेयस अय्यर का पारा हुआ हाई

क्या कप्तान ने शशांक सिंह को दी गाली? वीडियो वायरल

अहमदाबाद। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने आईपीएल 2025 फाइनल में एंट्री कर ली है। पीबीकेएस ने क्वालीफायर-2 में मुंबई इंडियंस (एमआई) को पांच विकेट से मात दी। अय्यर ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 204 रनों का टारगेट बौना साबित कर दिया। उन्होंने चौथे नंबर पर उतरने के बाद 41 गेंदों में नाबाद 87 रनों की पारी खेली। उन्होंने पांच चौके और 8 छक्के लगाए। हालांकि, अय्यर का फाइनल में पहुंचने के बावजूद पारा हाई हो गया। वह साथी खिलाड़ी शशांक सिंह पर भड़कते हुए नजर आए। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा।

अय्यर ने अश्वनी कुमार द्वारा डाले गए 19वें ओवर में चार छक्के लगाकर पंजाब की जीत की नैया पार लगाई। वीडियो में देखा जा सकता है कि मैच खत्म होने के बाद शशांक जब श्रेयस के पास पहुंचे तो खूब खरी-खोटी सुनाई। कई यूजर का कहना है कि कप्तान ने शशांक को अपशब्द कहे। अय्यर ने शशांक

से हाथ मिलाने से भी इनकार कर दिया। वह शशांक की तरफ उंगली उठाते हुए भी दिखे। दरअसल, अय्यर के गुस्से की वजह शशांक का रनआउट होना है। शशांक 17वें ओवर की चौथी गेंद पर समय रहते नॉन-स्ट्राइकर छोर पर नहीं पहुंच पाए थे। उन्होंने तीन गेंदों में महज 2 रन बनाए। बता दें कि पंजाब और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच मंगलवार (3 जून) को अहमदाबाद में फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों ने 18 साल में एक बार भी खिताब नहीं जीता है। पंजाब की टीम 11 साल बाद फाइनल में उतरेगी। क्वालीफायर-2 जीतने के बाद अय्यर ने कहा कि मुझे बड़े मौको पर खेलना अच्छा लगता है, मैं हमेशा अपने साथियों से कहता हूं जब आप बड़े मौको पर संयम रखते हैं तो आपके अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने साथ ही कहा कि मैं अभी इसी पल में हूं, इस जीत का आनंद उठा रहा हूं। लेकिन काम अभी आधा ही हुआ है।

पंजाब किंग्स के लिए श्रेयस अय्यर की धूम

2025 में सबसे ज्यादा छक्के

अहमदाबाद। पंजाब किंग्स (PBKS) के लिए एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा छक्के मारने का रिकॉर्ड श्रेयस अय्यर ने अपने नाम कर लिया है। 2025 के आईपीएल सीजन में अय्यर ने 39 छक्के जड़े, जो पंजाब के किसी भी बल्लेबाज द्वारा एक सीजन में सबसे ज्यादा है। उनकी यह पारी न केवल पंजाब के लिए महत्वपूर्ण थी, बल्कि इसने उन्हें मैक्सवेल के 2014 के रिकॉर्ड (36 छक्के) को तोड़ा। इस सूची में तीसरे स्थान पर क्रिस गेल और लियाम लिविंगस्टन हैं, जिन्होंने 2019 और 2022 में 34-34 छक्के लगाए थे। केएल राहुल 2018 में 32 छक्कों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। श्रेयस अय्यर की इस उपलब्धि ने उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी और मध्यक्रम में आक्रामकता को उजागर किया। 2025 में पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए, अय्यर ने 603 रन बनाए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 175 रहा, जो मध्यक्रम के बल्लेबाज के लिए असाधारण है। उनकी यह पारी आईपीएल 2025 में सबसे ज्यादा छक्के मारने वाले बल्लेबाजों की सूची में भी शीर्ष पर रखा। मैक्सवेल और गेल जैसे दिग्गजों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ना अय्यर की प्रतिभा और निरंतरता का सबूत है।

महिला एमर्जिंग एशिया कप टूर्नामेंट स्थगित

लाहौर। महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप टूर्नामेंट स्थगित कर दिया है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने मेजबान देश श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं को इसकी वजह बताया है। यह टूर्नामेंट छह जून से शुरू होने वाला था। टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा से प्राप्त पत्र पर विचार-विमर्श के बाद लिया गया। उन्होंने एसीसी प्रमुख मोहसिन रजा नकवी को इस टूर्नामेंट को स्थगित करने की मांग करते हुए पत्र लिखा था। इसके साथ ही पुरुषों के एशिया कप पर भी संदेह के बादल मंडराने लगे हैं। आशंका जताई जा रही है कि भारत-पाकिस्तान के बीच वर्तमान संबंधों के चलते एशिया कप की संभावनाएं बहुत कम हैं।

खराब मौसम और बीमारियों को बताया वजह

महिला एशिया कप को लेकर एसीसी ने एक बयान में कहाकि सिल्वा ने श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और इस क्षेत्र में चिकनगुनिया फैलने के कारण स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला दिया। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहाकि महाद्वीपीय संस्था महिला क्रिकेट और क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के महत्व को समझती है। नकवी ने कहाकि एसीसी युवा महिला क्रिकेटरों को कौशल को बढ़ाने और उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के मौके प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम एशिया में महिला क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में इस टूर्नामेंट के रणनीतिक महत्व को समझते हैं

एशिया कप भी संकट के बादल? वजह क्या

और जल्द से जल्द इस टूर्नामेंट को फिर से आयोजित करने के लिए लगन से काम करेंगे। नकवी ने कहा कि एसीसी समय आने पर टूर्नामेंट की नई तारीखों की घोषणा करेगा।

एशिया कप के आयोजन पर गंभीर संदेह

एसीसी के करीबी एक विश्वसनीय सूत्र ने यह भी कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच हाल में सीमा पर तनाव के कारण सितंबर में पुरुषों के एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर गंभीर संदेह है। सूत्र ने कहाकि मुझे नहीं लगता कि एशिया कप होगा। वजह, मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के लिए इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने के साथ पाकिस्तान टीम को आमंत्रित करने के लिए अपनी सरकार से मंजूरी लेना मुश्किल होगा।

श्रेयस अय्यर करेंगे टीम इंडिया की कप्तानी

दिग्गज भारतीय क्रिकेटर ने कर डाला हैरतअंगेज दावा

नई दिल्ली। श्रेयस अय्यर ने आईपीएल 2025 में गरदा उड़ा रखा है। उन्होंने ना सिर्फ बल्ले से बल्कि कप्तान के रूप में भी जबर्दस्त छोड़ी है। अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने क्वालीफायर-2 में मुंबई इंडियंस (एमआई) को रौंदकर फाइनल में जगह बनाई है। उनकी तूफानी पारी के दम पर पीबीकेएस ने 204 रनों का टारगेट 19 ओवर में चेज किया। अय्यर ने 41 गेंदों में पांच चौकों और 8 छक्कों की बदौलत नाबाद 87 रन बनाए। वह प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। 11 साल बाद फाइनल में पहुंचने वाली पंजाब टीम लीग चरण में 19 अंकों के साथ शीर्ष पर रही थी। पूर्व दिग्गज भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने 30 वर्षीय अय्यर को लेकर हैरतअंगेज दावा कर डाला है। उनका मानना है कि अय्यर एक दिन जरूर टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे। उथप्पा ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेऑफ 'एक्स' पर लिखा, "मैंने यह बात कई बार कही है और मैं इसे फिर से बोलूंगा। अय्यर अलग-अलग फॉर्मेट में भारत की कप्तानी करेंगे। वह ऐसा करेंगे। वह उतने अच्छे हैं।" उथप्पा की पोस्ट पर फैंस के खूब रिएक्शन आ रहे हैं। एक यूजर ने उथप्पा की राय से सहमति जताते हुए कमेंट किया, "बिल्कुल। उन्होंने खुद को कप्तान के तौर पर बखूबी साबित किया है।" दूसरे ने कहा, "आप सही कह रहे हैं। श्रेयस अय्यर ने बार-बार दबाव में अच्छा प्रदर्शन करके दिखाया है। वह अपनी टीम से भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाना जानते हैं।"

अय्यर और हार्दिक पर लगा भारी जुर्माना

अहमदाबाद। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या दोनों पर रविवार को अहमदाबाद में आईपीएल 2025 क्वालीफायर 2 के दौरान धीमी ओवर गति के बाद जुर्माना लगाया गया। आईपीएल के बयान में कहा गया है, 'पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि उनकी टीम ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के क्वालीफायर 2 के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखी। यह न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत सीजन में उनकी टीम का दूसरा अपराध था, इसलिए अय्यर पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

अन्य प्लेयर्स पर भी लगी पेनाल्टी

इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग 11 के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से या तो 6 लाख रुपए या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) जुर्माना लगाया गया।' बयान में आगे कहा गया, 'मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर भी जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने धीमी ओवर गति बनाए रखी। यह आईपीएल की न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत इस सीजन में उनकी टीम का तीसरा अपराध था, इसलिए पांड्या पर 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग 11 के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 12 लाख रुपए या उनकी संबंधित मैच फीस का 50 प्रतिशत जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया।' मैच की बात करें तो टॉस के तुरंत बाद अहमदाबाद में बारिश के कारण मैच दो घंटे से अधिक देरी से शुरू हुआ और इस साल नियम बदल गया, जिससे प्लेऑफ गेम दो घंटे देरी से शुरू हो सके।

ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास

अब पूरा ध्यान टी-20 विश्व कप पर

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सोमवार को वनडे से संन्यास ले लिया। उन्होंने कहा कि वह 'स्वार्थी कारणों से नहीं खेलना चाहते' क्योंकि उनका शरीर संघर्ष कर रहा है। 36 वर्षीय विस्फोटक बल्लेबाज और अक्सर कमतर आंके जाने वाले ऑफ स्पिन गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 149 वनडे मैच खेले हैं जिसमें कई लोगों द्वारा सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ वनडे पारी मानी जाती है। मैक्सवेल 2023 विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ खेले थे, जब उनकी टीम 7-91 के स्कोर पर लड़खड़ा रही थी। उच्च दबाव की स्थिति में और भीषण गर्मी में गंभीर ऐंठन से जूझते हुए उन्होंने हार के मुंह से जीत छीनने के लिए सिर्फ 128 गेंदों पर 201 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने अहमदाबाद में पसंदीदा भारत को हराकर विश्व कप जीता। उन्होंने 'फाइनल वर्ड पॉडकास्ट' से कहा, 'मुझे लगा कि मैं टीम को थोड़ा निराश कर रहा हूं क्योंकि शरीर परिस्थितियों पर प्रतिक्रिया कर रहा है। मैंने (चयनकर्ताओं के अध्यक्ष) जॉर्ज बेली के साथ अच्छी बातचीत की और उनसे पूछा कि आगे के बारे में उनके क्या विचार हैं। हमने 2027 विश्व कप के बारे में बात की और मैंने उनसे कहा 'मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसा कर पाऊंगा, अब समय आ गया है कि मेरी स्थिति में लोगों के लिए योजना बनाई जाए ताकि वे इस स्थिति को अपना बना सकें।'मैक्सवेल हाल ही में पंजाब किंग्स के साथ आईपीएल में खेले थे, जो उंगली में चोट के कारण बीच में ही वापस लौट गए थे। विस्फोटक बल्लेबाज ने कहा, 'मैंने हमेशा कहा है कि अगर मुझे लगता है कि मैं अभी भी खेलने के लिए पर्याप्त अच्छा हूं तो मैं अपनी स्थिति नहीं छोड़ूंगा। मैं सिर्फ कुछ सीरीज तक ही टिके रहना नहीं चाहता था और स्वार्थी कारणों से खेलना नहीं चाहता था।' मैक्सवेल का 126 का स्ट्राइक रेट वनडे क्रिकेट में दूसरा सबसे अधिक है, जो वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज आंद्रे रसेल से पीछे है। उन्होंने 77 विकेट के साथ चार शतक और 23 अर्धशतक लगाए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, 'मैक्सवेल ने भारत और श्रीलंका में 2026 आईसीसी पुरुष T20 विश्व कप, बिग बैश लीग और अपनी अन्य वैश्विक प्रतिबद्धताओं के लिए अपनी तैयारी को प्राथमिकता देने का फैसला किया है।' मैक्सवेल ने अपने शानदार एकदिवसीय करियर में कई बेहतरीन मैच खेले हैं, जिसमें दो एकदिवसीय विश्व कप जीत भी शामिल हैं। इस साल की शुरुआत में मार्कस स्टोइनिस के एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद यह घोषणा ऑस्ट्रेलियाई टीम के किसी सदस्य द्वारा दूसरी महत्वपूर्ण सेवानिवृत्ति है। मैक्सवेल ने अपने एकदिवसीय करियर पर विचार करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि शुरुआत में ही मुझे अपने समय से पहले और अचानक चुना गया था। मुझे ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने पर गर्व था। मुझे लगा कि मैं बस यही करूँगा। तब से, मैं उतार-चढ़ाव से गुजरने में सक्षम रहा हूं, जैसे कि टीम से बाहर होना, वापस लाया जाना, कुछ विश्व कप में खेलना और कुछ बेहतरीन टीमों का हिस्सा होना।' CA के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने मैक्सवेल को एक रोमांचक और प्रभावशाली एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, 'ग्लेन की शानदार बल्लेबाजी ने क्रिकेट जगत को जगमगा दिया है और 50 ओवर के खेल में ऑस्ट्रेलिया की निरंतर सफलता के आधारशिलाओं में से एक रहा है जिसमें 2023 विश्व कप जीत में उनकी वीरतापूर्ण भूमिका भी शामिल है।

ताइक्वांडो खिलाड़ी को नशीला लड्डू खिलाकर किया सामूहिक दुष्कर्म

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर में 19 वर्ष की राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी से आश्रम में सामूहिक दुष्कर्म की जानकारी सामने आई है। घटना जनवरी की है और रिपोर्ट के मुताबिक लड़की को नशीला लड्डू खिलाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। चार महीने बाद शिकायत दर्ज करवाई गई है। हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में ऐसा भी कहना है कि पुलिस ने मामला देर से दर्ज किया। कानपुर के गोविंद नगर की रहने वाली पीड़िता का दावा है कि वह पुराने कपड़े बेचने के लिए जगह तलाशते समय गोविंद महतो से मिली थी। महतो कथित तौर पर उसे आश्रम ले गया और उसे प्रभावशाली लोगों से मिलवाने का वादा किया, जो उसे जगह खोजने में मदद कर सकते थे।

जेम्स एंडरसन की 11 साल बाद धमाकेदार वापसी

टी-20 क्रिकेट में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

चेस्टर-ले-स्ट्रीट। इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने 11 साल बाद टी20 क्रिकेट में वापसी की। उन्होंने डरहम में लंकाशायर के लिए डरहम के खिलाफ टी20 ब्लास्ट मैच के दौरान इस प्रारूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। 42 वर्षीय इंग्लिश तेज गेंदबाज ने पिछले साल 704 टेस्ट विकेट और 991 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट ने पिछले कुछ वर्षों में उनके काउंटी में प्रदर्शन को सीमित कर दिया है। उन्होंने पिछले साल काउंटी चैम्पियनशिप में प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने 7/35 का प्रदर्शन किया। 2015 में आखिरी बार वनडे और 2009 में टी20आई खेलने वाले एंडरसन पिछले साल अपने रिटायरमेंट तक टेस्ट पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे और उसके बाद उन्होंने इंग्लैंड की पुरुष टीम के गेंदबाजी सलाहकार का काम संभाला।

हेनरिक क्लासेन ने अंतर्राष्ट्रीयि क्रकेट को कहा अलविदा

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने सोमवार को तत्काल प्रभाव से इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। विस्फोटक बल्लेबाज क्लासेन ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज और दुनिया के सबसे बेहतरीन सफेद गेंद के खिलाड़ियों में से एक हेनरिक क्लासेन ने 33 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा। हेनरिक क्लासेन ने अफ्रीका के लिए 4 टेस्ट में 104 रन, 60 वनडे में 2141 रन और 58 टी20 मैचों में 1000 रन बनाए। उन्होंने फरवरी 2018 में केपटाउन में भारत के खिलाफ वनडे में अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था।हेनरिक क्लासेन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ₹यह मेरे लिए दुखद दिन है क्योंकि मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहने का फैसला किया है। मुझे ये फैसला करने में काफी समय लगा कि मेरे और मेरे परिवार के भविष्य के लिए क्या बेहतर है।"उन्होंने आगे लिखा, "पहले दिन से ही, अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान था और यह वह सब कुछ था जिसके लिए मैंने एक युवा लड़के के रूप में काम किया था और जिसका सपना देखा था। मैं अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि यह फैसला मुझे ऐसा करने की अनुमति देगा।"पिछले साल जनवरी में 32 वर्षीय क्लासेन ने सफेद गेंद वाले क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करने के लिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। हेनरिक क्लासेन ने दक्षिण अफ्रीका के लिए पिछले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी मैच खेला था।

हेनरिक क्लासेन आईपीएल 2025 का भी हिस्सा थे। आईपीएल के 18वें सीजन में क्लासेन ने 13 मैचों में 44.27 के औसत से 487 रन बनाए। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलते हुए एक शतक और एक अर्धशतक लगाया।

'धूम' मचाने को तैयार हैं रणबीर कपूर

अयान मुखर्जी करेंगे फिल्म का निर्देशन!

इतने सालों में, आदित्य चोपड़ा ने धूम को भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी बना दिया है. ये धूम (2004), धूम 2 (2006) और धूम 3 (2013) के साथ लगातार मजबूत होती गई. पिछले 12 सालों से धूम 4 की वापसी को लेकर कई खबरें सामने आई हैं. लेकिन पता चला है कि अब 2026 में, आदित्य चोपड़ा धूम 4 की शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. सोर्स की मानें तो, आदित्य चोपड़ा ने लेखक श्रीधर राघवन के साथ मिलकर धूम 4 की स्क्रिप्ट को फाइनल करने का काम शुरू कर दिया है. ₹आदित्य चोपड़ा धूम 4 की कहानी और स्क्रीनप्ले पर लेखक श्रीधर राघवन के साथ मिलकर बहुत करीब से काम कर रहे हैं.

फिलहाल दोनों एक ऐसी कहानी के ड्राफ्ट पर काम कर रहे हैं जो धूम 4 के रीबूट को लेकर बनी बड़ी उम्मीदों पर खरी उतर सके.₹ रिपोर्ट के मुताबिक रणबीर कपूर, जो फिल्म में लीड रोल निभा रहे हैं, बाइक पर होने वाले इस नए 'हाईस्ट' (चोरी मिशन) को लेकर काफी उत्साहित हैं. सोर्स ने बताया कि ₹धूम 4 के लिए रणबीर कपूर एकदम सही चॉइस हैं, और उनके किरदार को भी उन्हीं की पर्सनैलिटी और चार्म को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है. इस नई धूम फिल्म को इंटरनेशनल एक्शन स्टैंडर्ड्स को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है. फिल्म का लुक, विजुअल स्टाइल और कहानी कहने का तरीका YRF के मौजूदा स्पाई यूनिवर्स से बिल्कुल अलग होगा."YRF की प्लानिंग है कि धूम 4 की शूटिंग अप्रैल 2026 से शुरू की जाए, जिसमें रणबीर कपूर लीड रोल में नजर आएंगे. फिल्म को डायरेक्ट करने के लिए अयान मुखर्जी सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे हैं. उम्मीद की जा रही है कि वॉर 2, जो 15 अगस्त 2025 (स्वतंत्रता दिवस) को रिलीज होगी, उसके बाद अयान प्री-प्रोडक्शन में पूरी तरह लग जाएंगे.इस फिल्म को 2027 में रिलीज करने की प्लानिंग है, और कोशिश होगी कि इसकी शूटिंग 2026 के अंत तक पूरी कर ली जाए.

नई फिल्म की तैयारी में लगे सोनू सूद

मिस वर्ल्ड में अवॉर्ड जीतने के बाद मंदिर पहुंचे अभिनेता

बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने सोमवार सुबह तिरुमाला में भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। भगवान विष्णु के अवतार माने जाने वाले भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित यह मंदिर भारत में सबसे अधिक देखे जाने वाले धार्मिक स्थलों में से एक है। यहां हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद एएनआई से बात करते हुए 'फतेह' अभिनेता ने अपनी अपकमिंग फिल्म के बारे में जानकारी दी। सोनू सूद ने मीडिया से कहा 'आज से 25 साल पहले मैं यहां आया था। आज, मैं अपने परिवार के साथ यहां आया हूं। मैं दुनिया में सभी के लिए खुशी, शांति और तरक्की की प्रार्थना करता हूं। हम एक नई फिल्म 'नंदी' शुरू कर रहे हैं। इसमें मैं अभिनय और निर्देशन दोनों कर रहा हूं। यह जल्द ही शुरू होगी।' सोनू सूद को हाल ही में तेलंगाना में 72वें मिस वर्ल्ड फेस्टिवल के ग्रैंड फिनाले में मानवतावादी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सोनू सूद को यह पुरस्कार कोविड-19 के दौरान उनके बेहतरीन काम के लिए दिया गया। कोरोना काल के दौरान सोनू सूद लोगों के हीरो बनकर उभरे। मुश्किल वक्त में सोनू सूद ने कम से कम चार लाख लोगों की मदद की। इन लोगों में प्रवासी, छात्र और वंचित परिवार शामिल थे। सोनू सूद ने इन लोगों की मदद करने के लिए दिन रात मेहनत की। यह लोग अचानक अपनी आय खोने से मुश्किल में फंस गए थे। सोनू सूद की लोगों के प्रति उदारता को पूरी दुनिया में पहचाना गया।

फेमस स्टार की भयंकर कार एक्सीडेंट के बाद मौत

टीवी का फेमस शो "रेस अक्रॉस द वर्ल्ड" के एक्स कंटेस्टेंट सैम गार्डिनर ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। उनकी मौत मामूली नहीं बल्कि काफी हैरान करने वाली हैं। सैम की मौत कार क्रैश के कारण हुई है। उनकी गाड़ी का भयानक एक्सीडेंट हुआ, जिसमें उनकी जान चली गई। महज 24 साल की उम्र में एक्टर के निधन से हॉलीवुड इंडस्ट्री में शोक की लहर है। वहीं, पुलिस ने इस मामले पर अहम जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि यह हादसा ग्रेटर मैनचेस्टर में हुआ है। उस वक्त सैम गार्डिनर की कार A34 से अचानक फिसल गई और पलटते हुए दूसरी तरफ जाकर रुक गई। एक्टर सैम गार्डिनर का एक्सीडेंट बेहद दर्दनाक रहा।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, सैम का एक्सीडेंट एक हफ्ते पहले यानी 26 मई को हुआ था। ग्रेटर मैनचेस्टर में चीडल के पास गैटली में वह A34 पर अपनी सफेद वोक्सवैगन गोल्फ कार चला रहे थे। अचानक कार सड़क से उतर गई और लुढ़कते हुए एक साइड में जाकर गिर गई। आनन-फानन में उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां गुरुवार को उनकी मौत हो गई। अब उनके परिवार का भी बयान सामने आ गया है। अनुसार, सैम के परिवार का कहना है कि जिस समय ये एक्सीडेंट हुआ उस समय गाड़ी में सैम के अलावा कोई नहीं था। सैम के परिवार ने दुख व्यक्त किया और कहा, "एक भयानक हादसे में हमारे प्यारे बेटे को खो देने से हम सदमे में हैं।"परिवार ने आगे कहा, "सैम हमें बहुत जल्दी छोड़कर चले गए और हालांकि शब्द कभी भी उस रोशनी, खुशी और एनर्जी को पूरी तरह से व्यक्त नहीं कर पाएंगे जो वह हमारी जिंदगी में लेकर आए थे। हालांकि हम उनकी यादों को संजोए हुए हैं, जिन्होंने उसे इतना खास बनाया।"

सुनील शेट्टी के सी-सेक्शन डिलीवरी के कमेंट पर भड़कीं गौहर खान

कहा- मैं चीखकर पूछना चाहती हूं कि...

एक्ट्रेस गौहर खान हमेशा ही खबरों में छाई रहती हैं। गौहर ने हाल ही में गौहर ने दूसरी बार मां बनने की खबर का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए फैंस के साथ अपनी इस खुशी को शेयर किया। गौहर ने जैद खान संग शादी की है। वहीं, साल 2023 में जैद और गौहर के घर एक बेटे ने जन्म लिया था। इस बच्चे का नाम दोनों ने जेहान रखा। इन दिनों गौहर एक्टिंग से थोड़ी दूरी बनाए हुए हैं। लेकिन हाल ही में गौहर ने अपना एक व्लॉग शुरू किया है। एक्ट्रेस ने अपने इसी व्लॉग में अपने मां बनने के मुश्किल सफर और प्रेग्नेंसी से जुड़े कई मुद्दों के साथ ही हाल ही में सी-सेक्शन पर सुनील शेट्टी के दिए बयान पर अपना गुस्सा जाहिर किया।

दरअसल, सुनील शेट्टी ने हाल ही नाना बने हैं। उनकी बेटी अथिया शेट्टी ने एक बेटी को जन्म दिया है। अथिया ने बेटी के जन्म के लिए सी-सेक्शन यानी ऑपरेशन की जगह नॉर्मल डिलीवरी को चुना। ऐसे में सुनील ने अपने एक हालिया इंटरव्यू में कहा कि अथिया ने सी-सेक्शन के कम्फर्ट को नहीं चुना। गलत जानकारी फैलाने को लेकर सुनील शेट्टी को काफी ट्रोल किया गया। वहीं, अब गौहर खान ने भी उनके इस बयान पर नाराजगी जाहिर की है। अपने शो MaaaNoranjan के पहले एपिसोड में उन्होंने सुनील शेट्टी का नाम लिए बिना ही उनकी आलोचना की। गौहर ने कहा, 'हाल ही में एक बड़ी हस्ती ने कहा कि सी-सेक्शन आसान विकल्प है। इसका क्या मतलब है? मैं चीखकर पूछना चाहती हूं कि आप ऐसा कैसे कह सकते हैं?' नार्मल डिलीवरी और सी-सेक्शन दोनों समान रूप से दर्दनाक हैं। गौहर ने आगे कहा, 'सी-सेक्शन से जुड़े बहुत सारे मिथक हैं, उनमें से एक यह है कि यह एक आसान विकल्प है। मुझे नहीं पता कि क्या कहना है। इतनी गलत जानकारी कैसे हो सकती है? और एक पुरुष सेलिब्रिटी के लिए यह कहना कि, जो गर्भावस्था से नहीं गुजरा, जिसने बच्चे को जन्म नहीं दिया, जो नहीं जानता कि सी-सेक्शन वास्तव में कितना दर्दनाक हो सकता है....।' अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए गौहर ने कहा, 'मैं सीधे तौर पर कहना चाहती हूं कि नार्मल डिलीवरी या सी-सेक्शन कराना ये दोनों ही महिला के हाथ में नहीं है। कुछ महिलाएं सामान्य प्रसव करा सकती हैं, जबकि कुछ नहीं करा सकतीं और यह पूरी तरह से प्राकृतिक है, और यदि वे सी-सेक्शन का विकल्प चुन रही हैं, तो वे आसान रास्ता नहीं चुन रही हैं; यह सिर्फ एक मिथक है।'

शत्रुघ्न सिन्हा और उनकी फ्रेंड का लेटेस्ट फोटो इंटरनेट पर वायरल



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता और नेता शत्रुघ्न सिन्हा इन दिनों एक पुरानी दोस्त के साथ अपनी वायरल तस्वीर को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही इस फोटो में शत्रुघ्न सिन्हा अपने खास फ्रेंड और डायरेक्टर सुभाष घई के साथ नजर आ रहे हैं, जिनसे उनकी दोस्ती करीब 60 साल पुरानी है। दोनों की बॉन्डिंग और मुस्कुराता अंदाज लोगों को खूब पसंद आ रहा है। दोनों की दोस्ती की शुरुआत फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) के दिनों से हुई थी। दोनों ने 1976 में रिलीज हुई फिल्म 'कालीचरण' में साथ में काम किया था। इस तस्वीर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए सुभाष ने लिखा, "कल रात मेरे लिए बहुत खुशी का पल था, जब हमारी प्यारी पूनम सिन्हा और शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे लव सिन्हा ने दोस्तों के साथ डिनर के दौरान हमारी तस्वीर क्लिक की।"सुभाष ने आगे कहा, "शत्रुघ्न सिन्हा मेरे पुराने दोस्त हैं, हमारी दोस्ती एफटीआईआई के दिनों से है, जब हम दोनों फिल्मों की दुनिया में संघर्ष कर रहे थे। हमने साथ में अपनी पहली फिल्म 'कालीचरण' में काम किया और अपनी एक अलग पहचान बनाई। हम आज भी एक-दूसरे के परिवार जैसे करीब हैं। भले ही शत्रुघ्न ने राजनीति को चुना और मैंने फिल्म बनाने से जुड़ा काम जारी रखा, पिछले 60 सालों से हर खास मौके पर मिलते रहते हैं।

हाउसफुल 5 के इवेंट में बेकाबू भीड़ से मची चीख-पुकार

हाउसफुल 5 के प्रमोशन के लिए अक्षय कुमार और फिल्म की कास्ट संडे को पुणे में थी। इवेंट के दौरान जैसे ही स्टार गेस्ट पहुंचे, वहां अफरा-तफरी मच गई। मॉल में काफी भीड़ थी और भगदड़ जैसी स्थिति हो गई। अब इवेंट की क्लिप्स वायरल हैं। इनमें एक महिला रोती दिख रही है। वहीं अक्षय कुमार लोगों को समझा रहे हैं कि धक्का-मुक्की नहीं करें, इवेंट में औरतें और बच्चे हैं।

हाउसफुल 5 की टीम रविवार को पुणे के एक मॉल में फिल्म का प्रमोशन करने गई थी। इसमें अक्षय कुमार, नाना पाटेकर, जैकलिन फर्नांडिस, नरगिस फाखरी, सौंदर्या शर्मा, सोनम बजवा, फरदीन खान वगैरह मौजूद थे। अपने फेवरिट कलाकारों को देखने वहां दर्शकों की भारी भीड़ जुटी थी। जैसे ही एक्टर्स पहुंचे, भीड़ बेकाबू होने लगी। एक क्लिप में देखा जा सकता है कि स्टेज के पास एक महिला रो रही है। सिक्योरिटी गार्ड्स लोगों से पीछे होने के लिए बोल रहे हैं। उस महिला को चुप कराने केलिए जैकलिन सिर पर हाथ फेरती हैं। वहीं अक्षय कुमार का एक वीडियो वायरल है।

'हेरा फेरी 3' से परेश रावल के बाहर होने पर बोले हिमेश रेशमिया

परेश रावलबॉलीवुड की अपकमिंग फिल्म 'हेरा फेरी 3' को लेकर लोग काफी एक्साइटेड हैं। इस फिल्म के रिलीज का हर किसी को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार है। वहीं, इन दिनें 'हेरा फेरी 3' काफी सुर्खियों में बनी हुई है। इस फिल्म को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। हाल ही में खबर सामने आई थी कि मेकर्स के बीच फिल्म के राइट्स को लेकर विवाद हो गया है। यही नहीं, बीते दिनों परेश रावल ने खुद को इस आइकॉनिक फिल्म से बाहर कर लिया है। इस खबर ने सभी को हैरान कर दिया था। परेश को लेकर 'हेरा फेरी 3' की कास्ट यानी अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी ने परेश के बाहर होने पर रिएक्ट किया था। वहीं, अब सिंगर हिमेश रेशमिया का इस पर रिएक्शन सामने आया है।

दरअसल, बीते दिनों हिमेश रेशमिया का मुंबई में एक कॉन्सर्ट था। सिंगर ने अपने इसी कॉन्सर्ट में बिना परेश रावल नाम लिए उनके फिल्म से अलग होने पर बात की। उन्होंने कहा, 'पहली वाली 'हेरा फेरी' में वो कमाल के थे, 'हेरा फेरी 2' में भी वो कमाल के थे और अब वो एक बार फिर से ग्रेट होंगे...।' यही नहीं, हिमेश ने स्टेज पर 'जुम्मे रात-रात है आजा...' गाना भी गाया। हिमेश का ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। हिमेश ने परेश रावल का नाम लिए बिना ही अपनी बात रखी है। उनकी बातों से लग रहा है कि वो परेश के फिल्म हेरा फेरी 3 बाहर होने से नाराज हैं। बता दें कि हिमेश ने 'फिर हेरा फेरी' का म्यूजिक कंपोज किया था, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया था। इसके अलावा वो पहली 'हेरी फेरी' में भी गाना गा चुके हैं। फिल्म से भले ही परेश बाहर हो गए हैं, लेकिन बाबू भैया के कैरेक्टर को उनके फैंस कभी भुला नहीं पाएंगे।

पंकज त्रिपाठी ने एक साल तक नहीं साइन की थी कोई नई फिल्म

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे वर्सेटाइल एक्टर्स में से एक, पंकज त्रिपाठी ने अपने दमदार किरदारों से हमेशा ऑडियंस को इम्प्रेस किया जाओ। फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से लेकर 'मिर्जापुर', 'न्यूटन', और 'क्रिमिनल जस्टिस' तक, उन्होंने हर कैरेक्टर को अपनी सादगी से जिंदा कर दिया है। लेकिन अब पंजक त्रिपाठी फिल्मों में थोड़ा कम नजर आ सकते हैं। दरअसल, एक्टर ने एक साल का ब्रेक लिया हुआ था। पिता के निधन के बाद ये ब्रेक उनके लिए जरूरी था। इस दौरान एक्टर ने कोई फिल्म साइन नहीं की थी। हाल ही में द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया के साथ बातचीत में पंकज त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने पिछले एक साल में कोई नई फिल्म साइन नहीं की। ये ब्रेक उन्होंने अपने पिता के निधन के बाद मानसिक और शारीरिक तौर से ठीक होने के लिए था। एक्टर ने कहा, "मेरे पिता के जाने के बाद मैंने खुद को समझने और संभालने का काम शुरू किया। एक साल तक मैंने कोई फिल्म साइन नहीं की और ये बात मैंने किसी को ऑफिशियली नहीं बताई। मैं खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से ठीक करने के लिए टाइम ले रहा था।" पंकज त्रिपाठी ने बताया कि इस दौरान उन्होंने रेगुलर वर्कआउट करना शुरू किया, जिससे उनका वेट भी कम हुआ। वो रोज 3 घंटे, हफ्ते में 6 दिन वर्कआउट करते हैं और उन ट्रिप्स पर भी गए जो वो काफी टाइम से टालते आ रहे थे। हालांकि इस ब्रेक के दौरान उन्होंने कुछ छोटे-छोटे प्रोफेशनल कमिटमेंट्स जैसे ऐड शूट्स और 'मेट्रो।।।इन डिनो' का पैचवर्क पूरा किया, लेकिन उन्होंने मीडिया से दूर रहना और नई स्क्रिप्ट्स से दूरी बनाना ही बेहतर समझा। उन्होंने कहा, "मैं सबको यही बोलता रहा कि मेरे पास टाइम नहीं है, लेकिन वो टाइम मैंने खुद के लिए रिज़र्व किया था।"

'इश्कबाज' फेम नकुल मेहता का सरप्राइज अनाउंसमेंट

जल्द घर में गूंजेगी किलकारी

टीवी के मशहूर अभिनेता नकुल मेहता और उनकी पत्नी जानकी पारेख मेहता ने अपने फैंस को एक बार फिर बड़ी खुशखबरी दी है। यह पॉपुलर कपल दूसरी बार माता-पिता बनने वाला है। नकुल ने सोशल मीडिया पर एक प्यारी फैमिली फोटोशूट के जरिए इस गुड न्यूज का ऐलान किया, जिसे देखकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पोस्ट में नकुल, जानकी और उनके बेटे सूफ का एक खूबसूरत और दिल छू लेने वाला फोटोशूट नजर आ रहा है।

इन तस्वीरों में जानकी का बेबी बंप भी साफ दिखाई दे रहा है, नकुल ने कैप्शन में लिखा, "सूफी अब ज्यादा जिम्मेदारी के लिए तैयार है, और हम भी। हम आशीर्वाद स्वीकार कर रहे हैं।इस खास ऐलान के बाद से सोशल मीडिया पर फैंस और सेलेब्स की बधाइयों की बाढ़ आ गई है। सभी कपल को प्यार और शुभकामनाएं दे रहे हैं और साथ ही बेसब्री से इस नए मेहमान के आने का इंतजार कर रहे हैं।'इश्कबाज़' और 'बड़े अच्छे लगते हैं 2' और '3' जैसे लोकप्रिय टीवी शोज़ में लीड रोल निभाकर दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है।नकुल और जानकी की जोड़ी इंडस्ट्री की सबसे चहेती जोड़ियों में से एक है। दोनों की लव स्टोरी कॉलेज टाइम से शुरू हुई थी और लंबे समय के रिलेशनशिप के बाद साल 2012 में उन्होंने शादी की थी। इसके बाद 2021 में उनके पहले बेटे सूफ का जन्म हुआ था।